kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच



वर्ष-13 | अंक-54 | गुरुवार, 21 मार्च 2024 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

1.25 लाख से अधिक स्टार्टअप और 110 यूनिकॉर्न के साथ भारत दुनिया की तीसरी बड़ी स्टार्टअप पारिस्थितिकी के रूप में उभरा है और सही निर्णयों के साथ एक विकसित राष्ट्र बनने का रोडमैप तैयार कर रहा है।

नरेन्द्र मोदी

पहले चरण में 102 सीटों पर नामांकन प्रक्रिया शुरू 11

लोकतंत्र के महापर्व पर 1.45 लाख नए मतदाता देंगे आहुति, चुनेंगे नई सरकार 12

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में सीजेआई जरूरी नहीं

सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार की दलील

एजेंसी

नई दिल्ली। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर मोदी सरकार द्वारा लाए गए नए कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका डाली गई है। इस मामले में बुधवार को केंद्र सरकार ने हलफनामा पेश किया। अपनी दलील में सरकार ने कहा कि यह धारण गलत है कि सलेक्शन पैनल में देश के मुख्य न्यायाधीश का होना अनिवार्य है। और अगर बिना जज की उपस्थिति के पैनल चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करता है तो चुनाव आयोग अपना काम स्वतंत्र रूप से नहीं करेगा। केंद्र सरकार ने आरोप लगाया कि यह याचिका राजनीतिक विवाद पैदा करने के लिए डाली गई है।

बुधवार को केंद्र सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए लाए गए नए कानून पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिकाओं का विरोध किया। याचिका में तर्क दिया गया था कि चुनाव आयुक्तों का चयन करने वाले पैनल से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया गया है। केंद्र सरकार ने मामले में हलफनामा पेश किया और याचिकाकर्ताओं पर आरोप लगाया कि यह सिर्फ राजनीतिक विवाद पैदा करने के लिए की जा रही कोशिश मात्र है।

लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट में दायर हलफनामे में, सरकार ने याचिकाकर्ताओं के इस आरोप को खारिज कर दिया कि चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर संधू को 'जल्दबाजी' में नियुक्त किया गया था। सरकार ने तर्क दिया कि देश में इतने बड़े पैमाने पर लोकसभा चुनाव होने हैं और एक मुख्य चुनाव आयुक्त के भरोसे इस काम को पूरा किया जाना किसी भी सूरत में संभव नहीं है।

केंद्र सरकार ने अपने जवाब में कहा- यह धारणा पूरी तरह से गलत है कि चुनाव आयोग तभी स्वतंत्र रूप से काम करेगा, जब नियुक्ति पैनल में कोई जज हो। चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संस्था है। सरकार ने कांग्रेस नेता जया ठाकुर और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका के जवाब में हलफनामा पेश किया था। याचिका में कहा गया था कि चुनाव आयोग के सदस्यों की नियुक्ति को सिर्फ कार्यपालिका के हाथों में छोड़ना स्वस्थ, स्वतंत्र और निष्पक्ष लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा हो सकता है।

बिना शर्त माफी मांगते हैं, सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद बैकफुट में आया पतंजलि

नई दिल्ली। पतंजलि आयुर्वेद के उत्पादों और उनके मेडिकल प्रभावों से जुड़े भ्रामक विज्ञापनों के बारे में सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के अगले ही दिन पतंजलि की ओर से बिना शर्त माफी मांगी गई है। भ्रामक विज्ञापनों को लेकर चल रही सुनवाई के मामले में पतंजलि के एमडी आचार्य बालकृष्ण ने हलफनामा पेश किया है। उन्होंने मामले में खेद जताया और माफी मांगी है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को 2 अप्रैल तक कोर्ट में पेश होने का आदेश दे चुकी है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि को भ्रामक विज्ञापनों के संबंध में अवमानना कार्यवाही के लिए बाबा रामदेव और कंपनी के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण को2 अप्रैल तक कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के अगले ही पतंजलि की ओर से शीर्ष अदालत में हलफनामा पेश किया गया है।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने पतंजलि और कंपनी के एमडी आचार्य बालकृष्ण को पहले जारी किए गए अदालत के नोटिसों का जवाब दाखिल नहीं करने पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्हें नोटिस जारी कर पूछा गया था कि अदालत को दिए गए वचन का उल्लंघन करने के लिए उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही क्यों न शुरू की जाए?

अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अपने हलफनामे में आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि उन्हें उस विज्ञापन पर खेद है जिसमें कुछ वाक्यों पर संदेह किया गया था। कंपनी की ओर से जारी किए गए विज्ञापनों में बीपी, शुगर, अस्थमा और अन्य बीमारियों को पूरी तरह से ठीक करने का दावा किया गया है। बता दें कि शीर्ष अदालत 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' (आईएमए) की एक याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें बाबा रामदेव पर कोविड रोधी टीकाकरण अभियान और आधुनिक दवाओं के खिलाफ मुहिम चलाने का आरोप लगाया गया है। अदालत ने कहा कि उसे बाबा रामदेव को कारण बताओ नोटिस जारी करना उपयुक्त लगता है क्योंकि पतंजलि द्वारा जारी विज्ञापन 21 नवंबर 2023 को अदालत में दिए गए हलफनामे का विषय हैं। ऐसा लगता है कि बाबा रामदेव द्वारा इनकी पुष्टि की गई है।

संक्षेप

पारस का इस्तीफा स्वीकार,रिजिजु को मिला अतिरिक्त प्रभार

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पशुपति कुमार पारस का केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और किरण रिजिजु को खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार संभालने को कहा है। राष्ट्रपति सचिवालय ने बुधवार को एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 75 की धारा दो के तहत श्री पारस का केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। राष्ट्रपति ने श्री रिजीजु को अपने मंत्रालय के साथ-साथ खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय का कार्यभार संभालने का भी निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि श्री पारस ने बिहार में लोकसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में सीटों के बंटवारे पर नाराजगी व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था।

कांग्रेस में शामिल हुए दानिश अली

नयी दिल्ली। लोकसभा सदस्य दानिश अली बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। वह अपने संसदीय क्षेत्र अमरोहा से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ सकते हैं। कांग्रेस महासचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने पार्टी में उनका स्वागत किया। अली ने पिछले दिनों कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की थी और कहा था कि उन्होंने उत्तर प्रदेश की अमरोहा सीट से लोकसभा में अपनी दूसरी पारी के लिए ''सोनिया गांधी का आशीर्वाद प्राप्त किया। समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में उत्तर प्रदेश की जो 17 लोकसभा सीटें कांग्रेस के खाते में आई हैं, उनमें अमरोहा भी शामिल है। दानिश अली पिछले महीने अमरोहा में राहुल गांधी की अगुवाई वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में शामिल हुए थे। वह गत 14 जनवरी को मणिपुर में इस यात्रा की शुरुआत के मौके पर भी इसका हिस्सा बने थे। अली को पिछले साल नौ दिसंबर को बसपा ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में पार्टी से निलंबित कर दिया था।

मथुरा के शाही ईदगाह मस्जिद मामले में सुनवाई टली

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद को हटाने की मांग वाले वाद की पोषणीयता को चुनौती देने के संबंध में दायर याचिका पर सुनवाई बुधवार को टाल दी। मूल वाद में दावा किया गया है कि शाही ईदगाह मस्जिद, कटरा केशव देव मंदिर की 13.37 एकड़ भूमि पर बनाई गई है। न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने बुधवार को अगली तिथि तक के लिए सुनवाई टाल दी है जो अभी तय नहीं की गई है। मुस्लिम पक्ष ने बुधवार को सुनवाई के दौरान वादी आशुतोष पांडेय द्वारा दीवानी प्रक्रिया संहिता (सीपीसी) की धारा 151 (अदालत में निहित शक्तियों के अधीन) के तहत किए गए आवेदन पर आपत्ति जताई। वादी आशुतोष पांडेय ने अपने आवेदन में कहा है कि हर साल विवादित संपत्ति परिसर में हिंदू भक्तों द्वारा बासोड़ा पूजा की जाती है।

मोदी ने पुतिन के बाद जेलेंस्की से की बात, कहा-

रूस-यूक्रेन जंग रोकें, बातचीत करें

एजेंसी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से बात की। पीएम मोदी ने पहले पुतिन से बात करते हुए उनके फिर से राष्ट्रपति चुने जाने पर बधाई दी और दोहराया कि रूस-यूक्रेन संघर्ष को हल करने के लिए बातचीत और कूटनीति ही आगे का रास्ता है। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से बात के दौरान भी पीएम मोदी ने रूस-यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने के लिए बातचीत और कूटनीति को आगे बढ़ाने की बात दोहराई। इसके अलावा, शांति के सभी प्रयासों और संघर्ष को जल्द खत्म करने के लिए भारत के निरंतर समर्थन से भी अवगत कराया। भारत अपने जन-केंद्रित दृष्टिकोण द्वारा निर्देशित मानवीय सहायता प्रदान करना भी जारी रखेगा।

इससे पहले, रूसी राष्ट्रपति पुतिन से बात करने के दौरान पीएम मोदी ने रूस की शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। अधिकारियों ने बताया कि टेलीफोन पर हुई बातचीत में दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति की समीक्षा की और क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों नेताओं ने आने वाले वर्षों में दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में ठोस प्रयास करने पर सहमति व्यक्त की। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''राष्ट्रपति पुतिन के साथ बात की और रूसी संघ के राष्ट्रपति के रूप में उनके फिर से चुने जाने पर उन्हें बधाई दी। हम आने वाले वर्षों में भारत-रूस विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और गहरा और विस्तारित करने के लिए मिलकर काम करने के लिए सहमत हुए। इस बीच, अधिकारियों ने बताया कि रूस-यूक्रेन संघर्ष पर चर्चा करते हुए मोदी ने आगे बढ़ने के लिए बातचीत और कूटनीति के पक्षधर के तौर पर भारत के रुख को दोहराया। उनके मुताबिक दोनों नेताओं ने संपर्क में रहने पर सहमति जताई। रूस के कद्दावर नेता पुतिन ने पिछले दिनों संपन्न हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में भारी मतों से जीत हासिल की और इस पद के लिए पांचवां कार्यकाल हासिल किया। पुतिन दिसंबर 1999 से राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री के तौर पर रूस का नेतृत्व कर रहे हैं।

- रूसी राष्ट्रपति को चुनाव जीतने की बधाई दी

साजिद के एनकाउंटर की होगी मजिस्ट्रियल जांच

एजेंसी

- बदायूं डबल मर्डर मामले में डीएम ने दिया आदेश, मठभेड़ में साजिद को लगी थीं तीन गोलियां

बदायूं। बदायूं में दो मासूम बच्चों की हत्या के आरोपी साजिद के एनकाउंटर की मजिस्ट्रियल जांच होगी। डीएम मनोज कुमार ने एनकाउंटर की मजिस्ट्रेट जांच के लिए आदेश दिए हैं। डीएम ने सिटी मजिस्ट्रेट से जांच कर 15 दिन में जांच आख्या मांगी है। उधर, इस हत्याकांड में नामजद साजिद के भाई जावेद का अब तक कोई पता नहीं चला है। उसकी तलाश में पुलिस की चार टीमें लगी हुई हैं।

पुलिस मुठभेड़ में मारे गए साजिद के शव का पोस्टमार्टम बुधवार को कराया गया। बताया जा रहा है कि मुठभेड़ में साजिद को तीन गोलियां लगी थी। दो गोली उसके सीने में लगी हैं और एक गोली उसके पेट में साइड में लगी है। मुख्य हत्यारोपी के पोस्टमार्टम के दौरान पुलिस पीएससी मौजूद रही। उसके शव को पुलिस की सुरक्षा में ही गांव सखानू ले जाया गया। बताया जा रहा है कि सखानू के कब्रिस्तान में उसकी कब्र खोदी गई। वहीं उसके शव को दफन किया गया।

आरोपी साजिद अलापुर थाना क्षेत्र के कस्बा सखानू का रहने वाला था। उसकी दुकान बाबा कॉलोनी निवासी ठेकेदार विनोद ठाकुर के घर के सामने सड़क के दूसरी ओर है। वह करीब दो साल से बाबा कॉलोनी में अपनी बाल काटने की दुकान चलाता था। विनोद की पत्नी संगीता अपने मकान के निचले हिस्से में ब्यूटी पार्लर चलाती हैं। इसके चलते साजिद का उनके घर आना जाना भी था। मंगलवार रात संगीता तीन बच्चों आयुष (13), अहान (6) और पीयूष (8) के साथ घर पर थीं, जबकि विनोद लखीमपुर खीरी गए हुए थे। साजिद शाम चार बजे दुकान बंद करके चला गया था। इसके बाद वह वापस आया। उसने संगीता से शेष पेज 11 पर

पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट पर हमला, आठ हमलावर ढेर

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में सुरक्षा बलों ने बुधवार को बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर पत्तन प्राधिकरण परिसर में हमले को नाकाम करते हुए आठ हमलावरों को मार गिराया। एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार, हमलावर प्रतिबंधित संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) से संबद्ध थे। बंदरगाह परिसर में प्रवेश करने की कोशिश के दौरान उन्हें मार गिराया गया। इस बीच, मकरान डिवीजन के आयुक्त सईद अहमद उमरानी ने हमले की पुष्टि की और कहा कि हमलावर ग्वादर पत्तन परिसर में घुस गए थे। सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों की एक बड़ी टुकड़ी ने हमले का जवाब दिया और हमलावरों के परिसर में प्रवेश करने के प्रयास को विफल कर दिया। जब अभियान चल रहा था, स्थानीय पुलिस ने इलाके के चारों ओर घेराबंदी कर दी थी। मीडिया में इससे पहले रिपोर्ट आयी थी कि भारी गोलीबारी जारी है और इलाके में कई विस्फोटों की आवाज सुनी गई है। गौरतलब है कि जनवरी में, सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान के माच और कोलपुर इलाकों में आतंकवादी शेष पेज 11 पर

आयोग ने विकास परियोजनाओं की सूची मांगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने प्रदेश के सभी विभागों में चल रहे विकास कार्यों की पूरी सूची मांगी है। कौन से विकास कार्य चल रहे हैं। जमीन पर काम हो रहा है या शुरू नहीं हुआ है। इन दोनों कामों की आयोग ने अलग अलग सूची मांगी है। आयोग ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों व सचिवों को पत्र लिखकर 72 घंटे में पूरी सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। अपर मुख्य सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण ने लखनऊ विकास प्राधिकरण व आवास विकास परिषद को पत्र लिखकर इसकी सूचनाएं तत्काल भेजने को कहा है।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा ने इस मामले में पत्र लिखकर सभी विभागों ने उनकी योजनाओं का विवरण मांगा है। उन्होंने विभागों से योजनाओं की पूरी सूची मांगी है। दो श्रेणी में योजनाओं की सूची भेजने को कहा है। एक उस योजना के बारे में जिनका काम जमीन पर चल रहा है और दूसरी जो स्वीकृत हैं। टेण्डर हो चुका है लेकिन अभी जमीन पर काम नहीं शुरू हुआ है। निर्वाचन अधिकारी का पत्र आने के बाद एलडीए ने इसकी सूची तैयार करा ली है। इसे निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को भेजा जा रहा है। निर्वाचन अधिकारी ने इसलिए विकास कार्यों की सूची मंगायी है ताकि कोई भी पार्टी या जन प्रतिनिधि विकास कार्य को लेकर शिकायत करें तो उसकी जांच करायी जा सके। इस सूची से देखा जा सके कि काम स्वीकृत है या नहीं। धरातल पर काम चल रहा है या नहीं। इससे सम्बंधित शिकायत का निस्तारण करना आयोग के लिए आसान हो जाएगा।

- अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों तथा सचिवों को भेजा पत्र

राजनैतिक दल और अभ्यर्थी आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करें

लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने राजनैतिक दलों और प्रत्याशियों को आचार संहिता का पालन करने के निर्देश दिए हैं। कहा गया है कि आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में कोई दल या प्रत्याशी ऐसी किसी गतिविधि में शामिल नहीं होगा, जो भिन्न-भिन्न जातियों और समुदायों, चाहे वे धार्मिक या भाषायी हों, के बीच विद्यमान मतभेद को और अधिक बिगाड़े या परस्पर घृणा उत्पन्न करें या उनके बीच तनाव उत्पन्न करे। कोई भी प्रत्याशी दूसरे दलों के नेताओं या कार्यकर्ताओं की निजी जिंदगी संबंधी आलोचना करने से बचेंगे। श्री रिणवा ने निर्देश दिए हैं कि निर्वाचन के दौरान वोट हासिल करने के लिए किसी जाति या संप्रदाय की भावनाओं के आधार पर कोई अपील नहीं की जाएगी। मस्जिदों, चर्चों, मंदिरों और पूजा के अन्य स्थानों का चुनाव प्रचार के मंच के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। सभी राजनैतिक दल और अभ्यर्थी ऐसी किसी भी गतिविधि जो भ्रष्ट आचरण एवं शेष पेज 11 पर

जनता दल (एस) का सपा में विलय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। जनता दल (एस) का बुधवार को राष्ट्रीय स्तर पर समाजवादी पार्टी (सपा) में विलय हो गया वहीं भारतीय समाज दल तथा शोषित समाज अधिकार पार्टी ने बिना शर्त समाजवादी पार्टी को समर्थन देना तय किया है।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में भाजपा और बसपा के भी कई नेता आज समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए हैं। इनके साथ बड़ी संख्या में इनके समर्थकों ने भी समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि जनता दल (सेक्यूलर) के अध्यक्ष भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवगौड़ा के कर्नाटक विधानसभा चुनाव में हार के बाद भाजपा से हाथ मिलाने के फैसले से असंतुष्ट जनता दल (एस) के राजस्थान, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, केरल, के प्रतिनिधियों ने सपा में विलय का निर्णय लिया। सपा केरल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ साजी पोथेन थॉमस के प्रयासों से आज जनता दल (एस) के राष्ट्रीय महासचिव आर.एस. प्रभास, मध्य प्रदेश के अध्यक्ष शिव सिंह, केरल के प्रदेश अध्यक्ष पंतलाम मोहन दास, उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष बैकुण्ठ नाथ सहित हरियाणा और पंजाब इकाई शेष पेज 11 पर

कचनार के फूलों से बने गुलाल से होली खेलेंगे रामलला

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

वैज्ञानिकों की देख-रेख में किया जा रहा तैयार

लखनऊ। अवधपुरी के भव्य-दिव्य-नव्य मंदिर में विराज रहे श्रीरामलला इस बार कचनार के फूलों से बने गुलाल से होली खेलेंगे। विरासत को सम्मान देने के भाव के साथ सीएसआईआर-एनबीआरआई के वैज्ञानिकों ने कचनार के फूलों से बने गुलाल को खासतौर पर तैयार किया है। यही नहीं, वैज्ञानिकों ने गोरखनाथ मंदिर, गोरखपुर के चढ़ाए हुए फूलों से भी एक हर्बल गुलाल तैयार किया है। बुधवार को संस्थान के निदेशक ने दोनों खास गुलाल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेंट किए।

मुख्यमंत्री ने इस विशेष पहल के लिए संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह निश्चित रूप से उत्तर प्रदेश के साथ-साथ देश के कई स्टार्ट-अप और उद्यमियों के लिए अधिक अवसर एवं रोजगार प्रदान करेगा। निदेशक डॉ. अजित कुमार शासनी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अयोध्या में रामायणकालीन वृक्षों का संरक्षण किया जा रहा है। विरासत को सम्मान और परंपरा के संरक्षण देने के यह प्रयास हमारे वैज्ञानिकों के लिए प्रेरणास्पद हैं। इसी के तहत, संस्थान द्वारा श्रीराम जन्मभूमि, अयोध्या के लिए बौहिनिया प्रजाति जिसे आमतौर पर कचनार के नाम से जाना जाता है, के फूलों से हर्बल गुलाल बनाया गया है। कचनार को त्रेतायुग में अयोध्या का राज्य वृक्ष माना जाता था और यह हमारे आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति की सुस्थापित औषधि के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा है। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-फंगल गुण भी होते हैं। इसी तरह, गोरखनाथ मंदिर, गोरखपुर में चढ़ाए हुए फूलों से हर्बल गुलाल को तैयार किया गया है। इन हर्बल गुलाल का परीक्षण किया जा चुका है और यह मानव त्वचा के लिए पूरी तरह से सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल है।

निदेशक ने बताया कि कचनार के फूलों से हर्बल गुलाल लैवेंडर फ्लेवर में बनाया गया है, जबकि गोरखनाथ मंदिर के चढ़ाए हुए फूलों से शेष पेज 11 पर

रंगभरी एकादशी पर अयोध्या में साधु-संतों ने जमकर खेली होली

अयोध्या। योगी सरकार बनने के बाद अपनी धरोहर अपनी आस्था को पुनः सम्मान मिल रहा है। श्रीराम की नगरी में बुधवार को संतों-महंतों के बीच रंगभरी एकादशी को लेकर उत्साह का बेमिसाल माहौल देखने को मिला। योगी सरकार के द्वारा संतो महंतों को मिलने वाली सुरक्षा से साधु संत खुलकर इस त्यौहार का आनंद लेते दिखे। अयोध्या में होली से पांच दिन पहले ही रंगोत्सव का त्यौहार रंगभरी एकादशी से शुरू हो गया। प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या की पहली रंगभरी एकादशी बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। रंगभरी एकादशी को हनुमानगढ़ी मंदिर में हनुमान जी को गुलाल लगाने के साथ उत्सव का आरंभ हुआ। अखिल भारतीय निर्वाणी अखाड़ा हनुमानगढ़ी के 500 संतों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली खेली। इससे पहले संतों ने हनुमान जी के निशान की पूजा की। इभी संतों ने होली खेलते हुए अयोध्या की पंचकोसी परिक्रमा की। ब्रह्ममुहूर्त में ही रामनगरी के 10 हजार से अधिक मंदिरों के गर्भगृह में विराजमान भगवान की राग-भोग आरती, साज-सज्जा के साथ उनके गाल पर गुलाल लगाया गया। यही नहीं अवध में होली के आगाज पर मंदिरों में आने वाले भक्तों को भी प्रसाद के रूप में गुलाल लगाया गया। अबीर से सराबोर हुई रामनगरी की संस्कृति का उल्लास और भी चटख हो चला। फाल्गुन शुक्ल एकादशी मतलब रंगभरी एकादशी पर्व से अवध की होली का विधिवत शुभारंभ होता है। रंगभरी एकादशी के पर्व पर रामनगरी में संतों-महांतों ने अपने आराध्य के प्रति अनुराग प्रकट करते हुए अबीर-गुलाल उड़ाकर प्रभु के साथ होली खेली। हनुमानगढ़ी परिसर में रंगभरी एकादशी पर श्रद्धा अपने चरम पर दिखी। इस मौके पर धार्मिक नगरी अयोध्या कि सड़कें अबीर और गुलाल से रंगी नजर आईं। परम्परागत रूप से कड़ी सुरक्षा में प्रमुख सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी से संतों का जुलूस अयोध्या की सड़कों पर निकला। संतो ने ढोल की धुन पर जमकर नृत्य किया तथा अखाड़ों के पहलवानों ने अपनी शौर्य कला का भी प्रदर्शन किया। हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास ने बताया कि सिद्ध पीठ हनुमान गढ़ी से नागा साधुओं के साथ हनुमान जी का निशान लेकर रंगभरी एकादशी के मौके पर हम लोग शेष पेज 11 पर

महंगाई और गरीबों पर अन्याय जनता भूलने वाली नहीं : अखिलेश यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि महंगाई चरम सीमा पर है। किसानों की बर्बादी हुई है। उनके साथ धोखा हुआ है। गरीबों के साथ अन्याय हुआ है। यह किसान और गरीब भूलने वाले नहीं है। जहां 400 पार वहीं 400 हार है।

यह बातें समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में पदाधिकारियों की बैठक के बाद पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कई विभागों में प्रतिस्पर्धा चल रही है कि कौन अपना स्तर ज्यादा गिराएगा। इस सरकार ने एक भी जिला अस्पताल नहीं बनवाया जिसमें गरीब का इलाज हो पाए। जितने मेडिकल कॉलेज बने वह आधुनिक खंडहर हैं। यह सरकार जाने वाली है, हर बार इन्होंने झूठ बोला। गोमती की सफाई में तीन हज़ार करोड़ रुपये खर्च हुआ है लेकिन अभी तक गोमती में नाला बह रहा है। मुझे याद है जौनपुर में फ़ेक एनकाउंटर किया गया, प्रतापगढ़ में कस्टोडियल डेथ हुई, उसमें आपने क्या कार्रवाई की ?

इण्डियन रेड क्रास सोसाइटी ने 29 टीबी मरीजों को लिया गोद, वितरित किया पुष्टाहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। बुधवार को इण्डियन रेड क्रास सोसाइटी शाखा लखनऊ द्वारा राज्य शाखा कैसरबाग में महासचिव हेमाबिन्दु नायक, उपसभापति अखिलेन्द्र शाही, चेयरमैन ओ पी पाठक, सचिव अमरनाथ मिश्र व कोषाध्यक्ष नवीन गुप्ता की उपस्थिति में गोद लिये गये 29 टीबी मरीजों को पुष्टाहार वितरित किया गया, पुष्टाहार में मुख्य रूप से एक किलो भुना चना, एक किलो चने का सत्तू, एक किलो गुड, एक किलो मूंगफली का दाना एवं एक किलो का बार्नबिटा का डिब्बा प्रत्येक मरीज को दिया गया। वहीं इस मौके पर महासचिव हेमाबिंदू नायक ने कहा कि क्षय रोग ला इलाज नहीं है मात्र 06 माह के इलाज से मरीज़ ठीक हो जाते है। चेयरमैन ओपी पाठक ने मरीजो के शीध्र स्वस्थ होने की कामना की, तो वहीं सचिव अमरनाथ मिश्र ने बताया कि बलरामपुर हास्पिटल से 20 मरीज व ठाकुरगंज टीबी अस्पताल से 09 मरीजों को गोद लिया गया, जिन्हें लगातार 06 माह तक निःशुल्क पुष्टाहार वितरित किया जायेगा।

टिकैत की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का किया जा रहा काम

लखनऊ। स्व किसान नेता टिकैत की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है।यह बात 20 मार्च 2024 को लखनऊ मंडल अध्यक्ष के के सिंह ने एक गांव मे पंचायत संबोधित करते हुए कही।मंडल अध्यक्ष के अनुसार युवा प्रकोष्ठ की ओर से 17 मार्च से चलायें जा रहे सदस्यता अभियान के क्रम में क्षेत्र गांव गांव पहुंच कर किसानो से संपर्क किया जा रहा है।इस अभियान में ग्राम प्रधान मारखाबुर उमेश कुमार यादव , ग्राम प्रधान सुरियामऊ जगरूप सिंह ,ग्राम प्रधान बेगरियामऊ साद मोहम्मद अन्य दर्जनों लोग कार्यक्रम में शामिल हुए और भाकियू की सदस्यता ग्रहण की।सभी ने टिकैत की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया। इस मौके पर संगठन मंत्री जितेंद्र बहादुर सिंह , मंडल उपाध्यक्ष महिला नबीहुन, जिला महामंत्री अजय तिवारी युवा जिलाध्यक्ष सन्दीप यादव मंडल प्रचार मंत्री मनोज यादव युवा कार्यकारिणी सदस्य गुड्डू लोधी, प्रदीप यादव रामप्रकाश त्यागी, धीरेन्द्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

रंगों के त्योहार होली में पर्यावरण संरक्षण का रखें ध्यान

कानपुर । समाज में आज बढ़ते विभेद एवं वैमनस्य को देखते हुए सामंजस्य एवं समन्वय का संदेश देने वाले होली के त्योहार का सच्चे स्वरूप में मनाया जाना पहले से कहीं अधिक आवश्यक हो गया है। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के अखिलेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि एक मोहल्ला, एक होली के अभियान से होली के त्योहार की मूल भावना के प्रसार के साथ-साथ समाज में समरसता की भावना का संचार होगा- इस मुहिम में शामिल इंद्रपुरी राष्ट्र सेवा समिति के लोगों का कहना है कि एक मोहल्ले में एक ही जगह होलिका दहन से न केवल वसुधैव कुटुम्बकम की संकल्पना को समर्थन मिलेगा और पेड़ों की लकड़ियों का भी बचाव होगा।

आदर्श आचार संहिता, धारा-144 के उपबंधों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए : जिला निर्वाचन अधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मैनपुरी । जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के साथ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन सुनिश्चित कराने के संबंध में उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों, थानाध्यक्षों, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय के साथ आयोजित बैठक में साफ लहजे में कहा कि किसी भी दशा में कहीं पर भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो, कहीं पर भी अनाधिकृत रूप से प्रचार सामग्री यथा होर्डिंग, बैनर, पंपलेट, पोस्टर, वॉल राइटिंग न की जाए, स्थाई रूप से जहां भी प्रचार सामग्री स्थापित है उसे सही ढंग से ढकवाकर बंद कराया जाए, एक्सप्रेस-वे, हाई-वे, मुख्य मार्गों के किनारे, चौराहों आदि कहीं पर भी प्रचार सामग्री लगी पायी गई या निर्धारित आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन मिला तो संबंधित थानाध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी, खंड विकास अधिकारी की जिम्मेदारी तयकर दंडात्मक कार्यवाही होगी। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि किसी भी सरकारी भवन, सडक, विद्युत, टेलीफोन के पोल आदि पर किसी भी दशा में किसी भी राजनैतिक दल, प्रत्याशी द्वारा प्रचार सामग्री न लगाई जाए, निजी भवन पर भी भवन स्वामी की लिखित अनुमति के उपरांत ही प्रचार सामग्री लगाई जाए, ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग लिखित अनुमति के उपरांत ही निश्चित डेसीबल में किया जाए, रात्रि 10 बजे से प्रातः 06 बजे तक किसी भी दशा में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग न हो, किसी भी धार्मिक स्थल का प्रयोग निर्वाचन गतिविधियों के लिए किसी भी दशा में न हो, उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में सुनिश्चित करायें। श्री सिंह ने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद में लाइसेंसी शस्त्र जमा करने की प्रगति बेहद निराशाजनक है, थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र के समस्त लाइसेंसी असलाह प्राथमिकता पर जमा करायें, कोई भी थानाध्यक्ष, प्रभारी निरीक्षक अपने विवेक से किसी भी लाइसेंसी शस्त्र धारक को शस्त्र जमा करने की छूट न दें यदि किसी को छूट देनी हो तो सूची बनाकर अपनी संस्तुति सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करें, जिला स्तर पर गठित स्क्रीनिंग कमेटी की अनुमति के उपरांत ही शस्त्र जमा न करने की छूट दी जाए, क्षेत्राधिकारी अपने-अपने सर्किल में शस्त्र जमा करने की नियमित समीक्षा करें। उन्होंने उप जिलाधिकारियों, क्षेत्रधिकारियों से कहा कि अगले 24 घंटे में संवेदनशील, अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों की रिपोर्ट प्रस्तुत करें, निरंतर भ्रमणशील रहकर मतदाताओं से संवाद करें, क्षेत्र के दबंग, शरारती तत्वों की जानकारी कर सूचीबद्ध कर पाबंदी की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि अवैध शराब का प्रचलन प्रत्येक दशा में रोका जाए, मतदाताओं को प्रलोभन देने वालों पर पैनी नजर रखी जाए, नकदी का प्रचलन न हो. सुनिश्चित किया जाए, अवैध शराब, अनाधिकृत रूप से निर्धारित मात्रा से अधिक नकदी ले जाने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाए।

उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों को कराया गया एक्सपोजर विजिट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर देहात । विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चिन्तन उत्पन्न करने, आधुनिक टेक्नोलॉजी से परिचित कराने एवं नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और भाईचारे की भावना का विकास करने के उद्देश्य से परिषदीय स्कूलों के बच्चों को एक्सपोजर विजिट कराया गया। विकासखंड सरवनखेड़ा के परिषदीय विद्यालयों के उच्च प्राथमिक स्तर के 100 छात्र छात्राओं को एक्सपोजर विजिट हेतु खंड शिक्षा अधिकारी अजीत प्रताप सिंह द्वारा बीआरसी परिसर से रवाना किया गया। एक्सपोजर विजिट पर जाने से पूर्व सभी छात्र छात्राओं का रजिस्ट्रेशन किया गया एवं उनके अभिभावकों से सहमत पत्र लिया गया। छात्र छात्राओं की देखरेख के लिए विपिन त्रिवेदी, अनीता तोमर, रश्मि सिंह, प्रीती त्यागी, रूपी त्रिपाठी, अजय यादव की ड्यूटी लगाई गई। बच्चों को पेन, नोडपैड, बैग, कैप एवं टी शर्ट्स प्रदान की गई। बच्चों ने सबसे पहले पारले जी प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड की स्वाति बिस्किट मैन्युफैक्चरिंग कम्पनी दादा नगर पनकी का विजिट किया। कम्पनी के एजुकेशन कोऑर्डिनेटर प्रदीप मिश्रा ने सभी बच्चों का स्वागत किया। उन्होंने छात्र छात्राओं को बिस्किट कैसे बनता है इसके बारे मे बताया कि आप सभी देख रहे हैं यहां पर सारा काम ऑटोमेटिक मशीनों द्वारा किया जा रहा है। बिस्किट को 300 डिग्री तापमान पर पकाया जाता है। उन्होंने कहा की पफिंग से बिस्किट को पूरा तैयार होने तक 3 मिनट 30 सेकंड लगते हैं। छात्र छात्राओं ने पारले जी बिस्किट को बनते हुए देखा और अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया। कंपनी के कोऑर्डिनेटर ने सभी बच्चों को पारले जी बिस्किट एवं टाफियां दी। कोऑर्डिनेटर ने बच्चों को बताया कि टाफी और कैंडी में क्या अंतर होता है। उन्होंने कहा कि टॉफी को कम तापमान पर गर्म किया जाता है और कैंडी को अधिक तापमान पर गर्म किया जाता है। उसके बाद छात्र छात्राओं ने कानपुर मेट्रो ट्रेन में बैठकर लुफ्त उठाया। बच्चे लिफ्ट में बैठकर बहुत प्रफुल्लित हुए। सभी बच्चों ने गुरुदेव मेट्रो स्टेशन से उतरकर गणेश रेस्टोरेंट में बैठकर भोजन किया।

15 दिवसीय पुर्नप्रशिक्षण शिविर का आयोजन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा प्रान्तीय रक्षक दल के स्वयंसेवकों का 15 दिवसीय पुनरप्रशिक्षण शिविर का आयोजन कराया गया, जिसके क्रम में प्रशिक्षण उपरान्त मुख्यालय परिसर स्थित पीआरडी ग्राउण्ड में परेड का आयोजन किया गया। पीआरडी केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान के अन्तर्गत 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में उन्नाव के 25, लखनऊ के 23, रायबरेली के 77 एवं लखीमपुर खीरी के 84 समेत कुल 209 पीआरडी स्वयंसेवकों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। परेड में पीआरडी स्वयंसेवक ज्ञानेन्द्र गौतम लखनऊ द्वारा प्रथम, सुलोचना उन्नाव द्वारा द्वितीय एवं सर्वजीत सिंह लखीमपुर खीरी द्वारा तृतीय परेड कमाण्डर के रूप में भूमिका का निर्वहन किया गया। वहीं कुल 08 टोलियों में परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टोली नं0-1 को बेस्ट मार्चिंग टोली के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कुरावली पुलिस ने अवैध तमंचा सहित युवक किया गिरफ्तार

मैनपुरी कैनविज टाइम्स संवाददाता । पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा दिये गये आदेशों निर्देशो के अनुपालन व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मैनपुरी के कुशल निर्देशन एवं कुरावली थाना प्रभारी मोहर सिंह के सफल पर्यवेक्षण में उपनिरीक्षक रामदेव शर्मा मय हमराहान ने मुखबिर की सूचना पर थाना कुरावली पर पंजीकृत मुकदमा से संबंधित अभियुक्त जितेन्द्र यादव उर्फ लाडो पुत्र महाराज सिंह निवासी मोहल्ला कानूनगोयान कस्बा व थाना कुरावली जिला मैनपुरी को एक नाजायज 315 बोर तमंचा के साथ गिरफ्तार कर लिया अभियुक्त को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई करके न्यायालय भेज दिया।

दलित की पुश्तैनी जमीन का धोखाधड़ी कर कराया बैनामा

एलाऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना एलाऊ क्षेत्र के गांव ब्यूती कटरा निवासी सुमित पुत्र ओमप्रकाश कठेरिया ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए बताया। मेरी भूमि का खाटा संख्या 588 रकवा दस डेसिमिल का धोखाधड़ी से इकरारनामा की जगह बैनामा गांव के ही निवासी हरीसेवक पांडेय पुत्र सीताराम ने चौहद्दी डलवाकर करवा लिया। जबकि मेरे पिता से इकरारनामा की बात तय हुयी थी।

शिक्षकों को आर्टिशियल इंटेलिजेंस को समझने के साथ ही इसके प्रयोग को देनी होगी प्राथमिकता : प्रो. जेपी पाण्डेय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो जेपी पांडेय ने बुधवार को फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज की ओर से आयाजित दो दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम रोल एंड इंपॉर्टेंस ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन मॉडर्न डे टीचिंग विषय के उद्घाटन में कहा कि आने वाला समय पूरी तरह से नई तकनीकी का है। इसमे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सबसे महत्वपूर्ण होगा। यह तकनीकी हर क्षेत्र को प्रभावित करेगी। इससे शिक्षा भी अछूती नहीं रहेगी। शिक्षकों को तेजी से नई तकनीकी को अपनाने की जरूरत है। आज के दौर में छात्र तकनीकी के मामले में काफी अपडेट रहता है। ऐसे में शिक्षकों को आर्टिशियल इंटेलिजेंस को समझने के साथ ही इसके प्रयोग को प्राथमिकता देनी होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को एआई को टूल्स के रूप में अपनाना होगा। इस तकनीकी के जरिये शिक्षक अपनी प्रतिभा को और भी अच्छे ढंग से निखार सकता है।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अन्तर्गत कोर्स निःशुल्क, करें आवेदन

कानपुर देहात । राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भोगनीपुर कानपुर देहात में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अन्तर्गत कोर्स के बैच का प्रशिक्षण प्रारम्भ किया जाना है। उक्त प्रशिक्षण पूर्णता निःशुल्क है। उपरोक्त जानकारी देते हुए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भोगनीपुर प्रधानाचार्य ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक अभिलेख, आधार कार्ड, जाति प्रमाणपत्र, बैंक पासबुक की छायाप्रतियों एवं 2 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ अपना आवेदन किसी भी कार्यदिवस में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भोगनीपुर कानपुर देहात कार्यालय में जमा कर सकते है। आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि 22.03.2024 अपराह्म- 03:00 तक है। प्रवेश पहले आओ एवं पहले पाओ के आधार पर दिया जायेगा। सोलर पीवी इंस्टॉलर (सूर्यमित्र), प्रशिक्षण अवधि 420 घंटे, प्रशिक्षुओं के लिए न्यूनतम योग्यता 10वीं कक्षा पास + आईटीआई/डिप्लोमा, फिटर-निर्माण, 450 घंटे, 10वीं कक्षा पास है।

बाइक सवार ने फ़ेरी लगाने वाले साइकिल सवार युवक को मारी टक्कर, घायल

बिछवां कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के एक गांव के नजदीक एक साइकिल से फ़ेरी लगाकर बेर बेंचने बाले युवक को अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिसमें घायल हो गया। घायल की स्थानीय डाक्टर से मरहम पट्टी कराई गई। कुरावली जी टी रोड निवासी लल्लू पुत्र भीमसेन गांव गांव साइकिल से फ़ेरी लगाकर बेर बेचते हैं। वुधवार की सुबह दस बजे के लगभग जव वह गांव लहरा के समीप पहुंचा तभी पीछे से आये अज्ञात बाइक सवार ने लापरवाही व तेजी से चलाते हुए साइकिल में टक्कर मार दी जिसमें वह घायल हो गया। बाइक सवार मौके से भाग गया। घायल युवक की स्थानीय डाक्टर से मरहम पट्टी कराई गई।

दबंग ने पट्टे की जमीन पर कर किया जबरन कब्जा

बिछवा कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानगंज निवासी एक युवक ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि गांव निवासी एक दवंग ने उसके पट्टे की जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया। जब बिरोध किया तो गाली गलौज व मारपीट पर आमादा हो गया। मामले में उप जिलाधिकारी को शिकायत प्रार्थना पत्र देते हुए कब्ज रोकने की गुहार लगाई है । थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानगंज निवासी किशनलाल खटीक पुत्र स्व द्वारिका प्रसाद हाल निवासी वंशी गौरा मैंनपुरी ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसे सन् 1988 में जमीन का पट्टा मिला था। जिस जमीन पर कब्जा बरकरार रहा। इस समय मेरे पट्टे की जमीन पर गांव निवासी रामप्रकाश पुत्र रुप सिंह यादव ने जबरन कब्जा कर मेरी बिना अनुमति के समर सेविल व चारा मशीन को लगा लिया है। जब मैंने बिरोध किया तो उक्त दवंग ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मारपीट का प्रयास किया। पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की छानवीन शुरू कर दी है। साथ ही मामले में उप जिलाधिकारी भोगांव से शिकायत की गई है।

चाचा की हत्या में भतीजे को आजीवन कारावास

कानपुर देहात कैनविज टाइम्स संवाददाता । घाटमपुर क्षेत्र के गांव तिलसडा में करीब साढ़े छह साल पहले एक पेड़ के बटवारे को लेकर हुए विवाद में एक युवक ने अपने चाचा की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी थी।मामले की सुनवाई माननीय जिला जज की अदालत में चल रही थी। अदालत ने आरोपी भतीजे को दोषसिद्ध करते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई साथ ही उसपर दस हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया है। जिला शासकीय अधिवक्ता राजू पोरवाल ने बताया कि घाटमपुर क्षेत्र के गांव तिलसड़ा निवासी रामजीवन ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी इसमें बताया था कि 20 मई 2017 को गांव के बाहर तेजपुर को जाने वाली रोड पर रामकुमार उर्फ बग्गड़ का अपने भतीजे मनोज के साथ नीम के पेड़ के बटवारा को लेकर वाद विवाद हो रहा था।मौके पर उसने और अन्य लोगों ने मनोज को समझाने का प्रयास किया तभी अचानक मनोज ने अपने हाथ में लिए कुल्हाड़ी से रामकुमार पर हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था साथ ही विवेचना करते हुए उसके खिलाफ आरोप पत्र अदालत में दाखिल किए थे।मामले की सुनवाई माननीय जिला जज श्री जय प्रकाश तिवारी की अदालत में चल रही थी।मंगलवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी मनोज को दोषसिद्ध करते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है ।इसके साथ ही उसपर दस हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया है।

बीईओ ने सुगम कर्ताओं के साथ पेपर पपेट के माध्यम से जेण्डर इक्विटी का दिया संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मैथा (कानपुर देहात) मैं लड़की हूं मुझे पढ़ना है मुझको भी आगे बढ़ाना है के गीत के साथ मास्टर ट्रेनर कंचन कामिनी और कंचन कामिनी ने प्रशिक्षण का शुभारंभ किया।स्कूल हर दिन आएं,आओ परिवेश बदलें,एक कदम स्वच्छता की ओर, चुप्पी तोड़ो, दर्पण की ओट में,आओ मिलकर करें प्रयास विषयों पर कहानी के माध्यम से मीना मंच सुगम कर्ताओं द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी सपना सिंह ने सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए मीना मंच के बच्चों का सहयोग लें।बालक बालिका दोनों को आगे बढ़ाने के समान अवसर दिए जाएं इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर नवीन कुमार दीक्षित ने कहा कि मीना मंच के गठन एवं प्रत्येक कक्षा में से एक एक बालिका को पावर एंजेल के रूप में शामिल करके गांव की बालिकाओं को ही अपने गांव को शत-प्रतिशत नामांकन, ठहराव के द्वारा सुशिक्षित बनाकर सामाजिक बदलाव के काम में लाना मीना मंच के उद्देश्यों में शामिल है इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर कंचन कामिनी ने कहा कि बालिकाओं की जिज्ञासाओं का शमन, रचनात्मक लेखन, नेतृत्व क्षमता संवर्धन, जिज्ञासाओं का निदान, शिक्षा से जोड़ना एवं सहयोग की भावना का विकास में मीना मंच ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

धार्मिक त्यौहारों को सभी जनपदवासी हर्षोल्लास के साथ मनायें: डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मैनपुरी । जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में कहा कि जनपदवासी होली, ईद-उल-फितर के पर्व को हर्षोल्लास से मनाएं, एक-दूसरे का सम्मान करते हुये अपने धार्मिक रीति-रिवाज से सभी त्यौहारों को मनायें, ऐसा कोई कृत्य न करें, जिससे किसी की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचे, सांप्रदायिक सौहार्द के साथ आपसी भाईचारे, अपनी गौरवमयी परंपरा को कायम रख एक दूसरे का सम्मान करते हुये खुशनुमा माहौल में होली, ईद के पर्व को आपस में खुशियां बांटकर मनाएं। उन्होने कहा कि जिला प्रशासन होली, अलविदा जुमा, ईद पर मुकम्मल व्यवस्थाएं करेगा, जिला प्रशासन हर मूल-भूत सुविधा मुहैया करायेगा, होली, ईद के दिन जल, विद्युत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित होगी, शहरी, ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध बिजली की आपूर्ति होगी नगर निकायों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में साफ-सफाई के बेहतर इंतजाम किए जाएंगे, जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित होगी, ग्रामीण क्षेत्रों में भी साफ-सफाई के बेहतर इंतजाम किये जायेंगे, होलिका दहन वाले स्थानों, ईदगाह, अन्य मस्जिदों के आस-पास साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था रहेगी। उन्होने कहा कि खुशियों के त्यौहारों के अवसर पर शरारती तत्वों द्वारा विघ्न डालने की कोशिश की जाती है, छोटी सी बात का दुष्प्रचार कर कुछ लोगों द्वारा अपना स्वार्थ साधा जाता है. सभी लोग ऐसे शरारती तत्वों से सावधान रहें, यदि कहीं ईद-उल-फितर के अवसर पर विशेष अभियान चलाकर साफ-सफाई का कार्य किया जाये, कूड़े का निस्तारण किया जाये, सड़कों, नालियों की बेहतर ढंग से सफाई करायी जाये, जिला पंचायत राज अधिकारी ग्रामीण क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के मुकम्मल इतंजाम करें। उन्होने उपस्थित धर्मगुरूओं, गणमान्य व्यक्तियों का आव्हान करते हुये कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन 24 की अधिसूचना जारी करने के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी की है, सभी लोग निर्धारित आदर्श आचार संहिता का पालन कर, किसी भी धार्मिक जुलूस के लिए नियमानुसार अनुमति प्राप्त करें। उन्होने कहा कि धार्मिक त्यौहारों के अलावा सभी देशवासियों के सामने लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण पर्व भी है ।

लोकतंत्र के महापर्व पर 18.97 लाख मतदाता एक जून को करेंगें मतदान

मीरजापुर। मीरजापुर में सातवें चरण में लोकसभा चुनाव के लिए एक जून को मतदान होगा। मतगणना चार जून को होगी। मीरजापुर संसदीय सीट के लिए होने वाले चुनाव में 18 लाख 97 हजार 805 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि मीरजापुर में चुनाव के लिए 1352 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें सभी आवश्यक सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने बताया कि 80 वर्ष से अधिक आयु और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांग मतदाताओं को पोस्टल बैलेट से मतदान देने का विकल्प दिया जाएगा। मतदाता एक जून को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान कर सकेंगे। सात मई को अधिसूचना जारी होने के साथ नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, जो 14 मई तक चलेगी। वहीं 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी तो 17 मई को उम्मीदवार नाम वापसी ले सकेंगे। इसके बाद एक जून को चुनाव होगा और चार जून को परिणाम आएंगे।

होली पर यूपी के बाजारों में भी छा गई डबल इंजन की सरकार

बाजारों में मोदी वाटर टैंक, मोदी मास्क, मोदी पिचकारी की सर्वाधिक मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। रंगों का त्योहार होली इस बार खुद चुनावी रंग में रंगी नजर आ रही है। होली में अब चंद दिन ही बचे हैं और लोकसभा चुनाव का बिगुल भी बज चुका है। ऐसे में बाजार में होली की पिचकारियों से चुनाव प्रचार का काम भी हो रहा है और बिक्री को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। बाजार रंगों, पिचकारियों और तरह-तरह के मुखौटों से सज चुका है। इस बार मोदी वाटर टैंक, मोदी मास्क, योगी मास्क, मोदी पिचकारी और भाजपा के लोगो वाली पिचकारियों की मांग देखने को मिल रही है। भगवा गुलाल की भी मांग है। होली 25 मार्च को है।

होली के लिए बाजार में आई पिचकारियों और गुब्बारों के पैकेट पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जादू साफ झलक रहा है। बाजार में डबल इंजन की सरकार का मोदी वाटर टैंक भी खूब बिक रहा है। वाटर टैंक पर मोदी-योगी की फोटो के साथ स्लोगन लिखा है, डबल इंजन की सरकार। होली के बाजार में आए अधिकतर सामानों में इन्हीं दो नेताओं की फोटो दिखाई दे रही है। राष्ट्रीय स्तर के किसी नेता के स्टीकर वाली पिचकारियां बाजार में काफी कम ही दिखाई दे रही हैं। बाजार में इन पिचकारियों की कीमत 50 रुपये से शुरू होकर 500 रुपये तक है। छोटे पंप से लेकर वाटर टैंक वाली मोदी-योगी की पिचकारियों की मांग भी अच्छी-खासी है। वहीं पिचकारी के अलावा दुकानों पर तरह-तरह के मुखौटे, चश्मा, टोपी लोगों को आकर्षित कर रही हैं।

मोदी और योगी मास्क बच्चों को अपनी ओर खूब आकर्षित कर रहे हैं। बाजार में

एक से बढ़ कर एक पिचकारी दिखाई पड़ रही है। होली में इस बार त्योहार पर हर्बल गुलाल की डिमांड देखी जा रही है। मोटू पतलू और एयर गन की पिचकारियां बच्चों को खूब भा रही हैं। बाजार में एके 47 की पिचकारियां भी पहुंच गई हैं। कार्टून और खिलौनों वाली पिचकारी भी बच्चों को खासा आकर्षित कर रही हैं।

बरेली पुराना रोडवेज मार्केट के थोक व्यापारी साहिल ने बताया कि मोदी मास्क, मोदी-योगी की फोटो वाला डबल इंजन सरकार लिखा मोदी टैंक, मोदी पिचकारी और हथौड़ा पिचकारी की बहुत मांग है। बकौल साहिल मांग का अंदाजा इसी से लगा लें कि होली में अभी चार पाचं दिन बाकी हैं और हमारे पास माल खत्म हो चुका है।

लखनऊ के निशातगंज मार्केट के दुकानदार मोनू गुप्ता ने बताया कि सबसे अधिक क्रेज मोदी पिचकारी और मास्क का है। खासकर युवा और बच्चे मोदी योगी के मास्क और पिचकारी की मांग रहे हैं। मोदी पिचकारी के अलावा पिठ्ठू बैग पिचकारी युवाओं की पहली पसंद है।लखनऊ के दुकानदार नितिन बंसल के अनुसार होली को देखते हुए छोटे बच्चों से लेकर युवाओं के लिए कई तरह की पिचकारी बाजार में आई है, जिनमें म्यूजिकल पिचकारी, बाहुबली पिचकारी, कार्टून पिचकारी, और मशीन गन और एके-47 पिचकारी भी लोगों को काफी पसंद आ रही है। अगर कीमत की बात की जाए तो पांच रुपये से लेकर 400 रुपये तक की हमारे पास पिचकारी है।बाराबंकी के घंटाघर मार्केट के दुकानदार सौरभ ने बताया कि इस बार मोदी मुखौटे और भगवा गुलाल की ज्यादा मांग है। बच्चे और युवा मोदी का मुखौटा भी खरीद रहे हैं।

सहारनपुर के दुकानदार अश्विनी कुमार के अनुसार होली के बाजार में इस बार मोदी और योगी छाए हुए हैं। युवा मोदी वाटर टैंक और मोदी मास्क खरीद रहे हैं। मोदी मास्क 100-150 के बीच और मोदी टैंक 300-400 रुपये के बीच बिक रहा है।

प्रयागराज के दुकानदार गौरव कहते हैं कि फिल्मी हस्तियों के मुखौटों के साथ-साथ क्रिकेट और अन्य खिलाड़ियों के मुखौटे भी बाजार में हैं, लेकिन सबसे ज्यादा मांग मोदी मास्क की है। मोदी का जादू युवाओं के सिर चढ़कर बोल रहा है।

मथुरा के दुकानदार सचिन के मुताबिक इस बार भगवा रंग बड़ी मात्रा में मंगवाया है। उनके ग्राहकों ने ही भगवे रंग की डिमांड की है। इस बार हर्बल रंग और खुशबू वाले गुलाल की मांग ज्यादा है। इस बार लोग रंगों की खरीदारी करने में सावधानी बरत रहे हैं।

होली पर्व की खरीदारी से लखनऊ के अमीनाबाद बाजार में रौनक

लखनऊ। लखनऊ के अमीनाबाद बाजार का नाम उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े बाजार के रुप में आता है। होली पर्व की खरीदारी से इसी अमीनाबाद बाजार में आज-कल रौनक हो गयी है। होली की टीशर्ट, साड़ियां, घरेलू सामान, चप्पल जूते, सजावटी सामान, चटपटी चाट, कुल्फी, बैग, बच्चों की सामग्री, लेदर सामान, शीशा के सामान, बर्तन की दुकानों पर शाम होते ही चहल पहल बढ़ी हुई मिल रही है।

शीशा की सामग्री बेचने वाला दुकानदार कलीम ने कहा कि होली एक बड़ा त्यौहार है, जिसमें खरीदारी करने के लिए महिलाएं बड़ी संख्या में बाजार तक आती है। अमीनाबाद का बाजार महिलाओं को बेहद पसंद है। यहां उनके कम मूल्य पर सामग्री मिलती है तो मनपसंद व सुंदर सामग्री भी मिल जाती है। वह शीशे के सामान बेचते हैं। उनकी दुकान पर शीशा के गिलास, कप, प्लेट की बिक्री बढ़ गयी है। जिसका कारण होली की खरीदारी ही है।अमीनाबाद बाजार में महिलाओं के वस्त्र बेचने वाले हनीफ ने कहा कि होली आते ही उनके यहां बिक्री बढ़ जाती है। वैसे तो वर्ष के हर माह में महिलाओं के वस्त्र को वह बेचते है। त्यौहारों के मौसम में बिक्री दोगुनी हो जाती है। बाजार में महिलाओं के लिए रंग बिरंगे, आकर्षक, अच्छे कपड़ों की मांग रहती है, जिसके लिए हम भी वैसी वैरायटी लेकर बाजार में आते हैं।

आचार को साइकिल पर रखकर अमीनाबाद में घूम-घूमकर बेचने वाले गोस्वामी ने बताया कि अमीनाबाद बाजार में बहुत सारे वस्तुओं की दुकानें है. तो उन्होंने यहां पर आचार बेचकर अपना गुजारा करना सही समझा। बीते सात वर्षो से वह आचार बेच रहे है। बाजार में खरीदारी करने आने वाली महिलाओं आचार खरीदने में विशेष रुचि रखती है। होली के मौसम में आचार की बिक्री होती है।पापड़ की बिक्री करने वाले दुकानदार के बारे में गोस्वामी ने कहा कि वर्तमान समय में पापड़ की बिक्री भी खुब होती है। उनके पार्टनर पापड़ बेचने में लगे हैं। किलो की दर से पापड़ की बिक्री होती है। पापड़ का मूल्य 200 रुपये किलो, आचारों में मिर्चा का आचार का मूल्य 350 रुपये किलो, आम का आचार दो सौ रुपये किलो, लेहसुन का आचार 240 रुपये किलो की दर से बेच रहे हैं।

महिला मुद्दों पर विस्तार से हुई चर्चा, महिला अधिकारों और कानूनों के प्रति किया जागरूक

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। कृष्णा देवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो सारिका दुबे के मार्गदर्शन में एनएसएस विशेष शिविर के चौथे दिन का प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में एबीवीपी के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश?याम शाही उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो सारिका दुबे ने छात्राओं को शिक्षा से सेवा और सेवा से शिक्षा के माध्यम से संगठित होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। शिविर के दूसरे सत्र में मातृभूमि कानूनी जागरूकता समिति के एडवोकेट ए के दीक्षित ने छात्राओं से महिला मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए उन्हें महिला अधिकारों और कानूनों के प्रति जागरूक किया।

हमारा उद्देश्य उस विचारधारा के खिलाफ खड़ा होना है जो देश की नींव को नष्ट करना चाहती है : सुनील सिंह

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। लोकतंत्र को बचाने, किसानों को उनका हक एवं समान विचारधारा रखने वाले भारत जोड़ो नया यात्रा में इण्डिया गठबंधन के साथ आज है। लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल आरएलडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी द्वारा इंडिया गठबंधन से अलग होकर एनडीए में शामिल होने के बाद हुए रिक्त स्थान की पूर्ति करने के लिए मुंबई में राहुल गांधी के हाथ को मजबूत करने के लिए भारत जोड़ो न्याय यात्रा मुंबई में शामिल हुआ। वर्ष 1979 से 1980 में तत्कालीन इंदिरा गांधी के सहयोग से चौधरी चरण सिंह देश के प्रधानमंत्री बने और किसान हित में कई फैसले लिए थे उन्होंने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा भारत रत्न दी जाने के बाद राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने जिस तरह से इंडिया गठबंधन से अलग होकर एनडीए में शामिल होने का निर्णय लिया है इससे किसानों में काफी रोष है। किसान नाराज है अब किसानों ने भी तय कर लिया है कि भाजपा के साथ जाने वाली राष्ट्रीय लोकदल को आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव में करारा जवाब दिया जाएगा। सुनील सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य उस विचारधारा के खिलाफ खड़ा होना है जो इस देश की नींव को नष्ट करना चाहती है।

एनबीएफजीआर द्वारा मत्स्य कृषकों के लिए तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। भाकृअनुप एनबीएफजीआर द्वारा अपने चिनहट स्थित एक्वाकल्चर रिसर्च एंड ट्रेनिंग यूनिट में 18 से 20 मार्च के दौरान मत्स्य कृषक उत्पादक संगठन, वाराणसी और बाराबंकी के सहयोग से अनुसूचित जाति के किसानों के लिए मीठे पानी में टिकाऊ मछली पालन के लिए उनके क्षमता विकास पर तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। वैज्ञानिकों द्वारा प्रतिभागी कृषकों के साथ एक बातचीत कार्यक्रम में निदेशक डॉ यूके सरकार ने प्रत्येक किसान के साथ बातचीत की और उनकी समस्याओं के समाधान बताये। निदेशक ने अपने उद्बोधन में प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अपनी आजीविका के उत्थान के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया।

जवाहर भवन के पाचवें तल में लगी आग

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। हजरतगंज थाना क्षेत्र स्थित जवाहर भवन में आग लगने से हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग को काबू में कर लिया गया हैं। किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई।हजरतगंज के थाना प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि जवाहर भवन की पाचवीं मंजिल पर रखे कूड़े-कबाड़ में आग लगी थी। इस पर फायर बिग्रेड की दो गाड़ियों की मदद से काबू पाया गया है। किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। पुलिस बल मौके पर मौजूद और शांति व्यवस्था क़ायम है।

अक्षदीप ने की शानदार बल्लेबाजी, एलडीए पहुंचा फाइनल में

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। सुबोध मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमी फाइनल में एलडीए ने रेप्ल क्रसडर्स क्लब को आठ विकेट से मात देकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। इस मैच में एलडीए के अक्षदीप ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 106 रन बनाये।रेप्ल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 173 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज अमन ने 20 रन का योगदान दिया। वहीं शाश्वत शून्य पर ही पवेलियन लौट गये, जबकि सावन कुमार सिंह ने अपनी टीम में सर्वाधिक 69 रन बनाये, जबकि आदित्य ने 31 रन अभय ने 12 रन का योगदान दिया। एलडीए की टीम ने मात्र दो विकेट गवांकर 174 रन बना लिये और मैच को आठ विकेट से जीत लिया।सलामी बल्लेबाज आदित्य पांडेय मात्र दो रन बनाकर पवेलियन लौट गये, जबकि देश दीपक शून्य पर ही आउट हो गये। अक्षदीप ने 13 चौका और एक छक्का की मदद से 106 रन बनाये और अंत तक क्रीज पर जमे रहे। वहीं मो. अल्ताफ ने 55 रन का योगदान दिया।

सपा का बदायूं घटना को साम्प्रदायिकता का रंग देना गलत : अनुपम मिश्रा

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बदायूं जनपद में हुई दो मासूमों की हत्या की घटना को राजनीति रंग देने की कोशिश कुछ सियासी लाभ लेने वाले राजनीतिज्ञों द्वारा किया जा रहा है। ऐसा किए जाने को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) के बयान पर राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय सचिव ने करारा हमला बोला है। उन्होंने सपा को बदायूं की घटना को साम्प्रदायिकता का रंग देने वाला बताया है।रालोद राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने बुधवार को कहा कि बदायूं की घटना को समाजवादी पार्टी सांप्रदायिकता का रंग देना चाहती है। उन्होंने सपा के बयान की निंदा करते हुए कहा कि प्रदेश जब अमन और चैन के रास्ते पर अग्रसर है उस समय एक जिम्मेदार दल के द्वारा इस तरह की टिप्पणी करना अपराधियों के हौसले बढ़ाएगा। जिनके घर पर मातम है, जिनके अबोध बच्चों की हत्या हुई है, उनके घर पर जाकर देखें कि क्या हाल है। इस समय में जब आपको परिवार के प्रति संवेदना देने चाहिए। अगर कोई बयान देना था कि प्रदेश में पुलिस ने एक ऐसा कार्य किया जिससे अपराधियों के हौसलें पस्त होंगे।

उन्होंने कहा कि सपा का बयान अपराधियों के हौसलें बढ़ाना वाला था। इस घटना में भी सपा को हिन्दू-मुस्लिम दिखाई दे रहा है। अपराधी और पीड़ित घटना में नहीं दिखाई दिया। यही कारण है कि समाजवादी पार्टी दिन-प्रतिदिन अपने अवसान की ओर अग्रसर है। अगर यही चरित्र, यही चाल, यही चेहरा रहा तो ऐसा लगता है कि 2024 के बाद सपा का उत्तर प्रदेश के अंदर कोई भी झंडा उठाने वाला नहीं बचेगा।

शव का अंतिम संस्कार करने जा रहे ग्रामीणों पर मधुमक्खियो के झुंड ने बोला धावा लगभग सौ लोग हुए घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के राजा खेडा गाँव के रामनरेश के पिता मोलहे का बुधवार को देहांत हो गया था। दोपहर लगभग दो बजे शव का अंतिम संस्कार करने जाते समय जैसे ही लोग शव लेकर गाँव के बाहर पहुचे तभी गूलर के पेड मे लगे मधुमक्खी के छत्ते से निकले झुंड ने लोगो पर हमला कर दिया। झुंड के हमले से बचने के लिए शव छोड़कर लोग भागने लगे, हमले से बचने के लिए कोई तालाब के पानी मे कूद गया तो कोई गेंहू के खेतो मे घुस गया लेकिन मधुमक्खीयो ने पीछा नही छोडा। मधुमक्खियो के हमले से शव यात्रा मे शामिल मोहनलालगंज चेयरमैन प्रतिनिधि सत्यम पांडेय व इनके गनर राघवेन्द्र सिंह, अभिषेक पटेल, मोहम्मद सलीम, सिपाही कुशाग्र दीक्षित, रिन्कू दीक्षित घायल हो गए। शव यात्रा मे शामिल मृतक का बेटा रामनरेश व गाँव के शिवमंगल, तुलसीराम, श्रीराम, रवी, लवकुश, गरीबे लाल, ओमप्रकाश, बिनोद, रामखेलावन, अमर, रामसजीवन, विश्राम, पारूल, संदीप, रामआधार, पप्पू, दीपू, वासुदेव, दिनेश, दुर्गा, कमलेश समेत लगभग सौ लोग घायल हुए। घायल हो गए।

घायल लोगो को अस्पताल ले जाने के लिए तीन एम्बुलेंसो को गाँव बुलाया गया। घायलो का इलाज सरकारी व निजी अस्पतालो मे चल रहा है। मधुमक्खीयो के हमले से लोग शव छोड़कर भाग गए, काफी देर तक शव सडक पर रखा रहा लेकिन भय के कारण कोई शव के पास नही जा सका। काफी देर बाद गाँव के लोगो ने धुआं कर मधुमक्खीयो को भगाया जिसके बाद शव को ले जाकर केवल चार लोगो ने अंतिम संस्कार किया।

महारानी अवंती बाई लोधी की शहादत दिवस को युवान संस्थान ने बड़े धूमधाम से मनाया

मोहनलालगंज। लखनऊ, महारानी अवंती बाई लोधी की शहादत दिवस पर युवान संस्थान द्वारा आयोजित युवान हाउस समेसी में महारानी अवंतीबाई लोधी की शहादत दिवस बड़ी धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम संस्थान के समस्त पदाधियारियो ने महारानी अवंती बाई लोधी के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। संस्थान के अध्यक्ष विजय चौधरी ने बताया कि महारानी वीरांगना अवंतीबाई लोधी का जन्म लोधी राजपूत घराने में 16 अगस्त 1831 को ग्राम मनकेहडी जिला सिवनी बालाघाट मध्य प्रदेश में हुआ था। अवंतीबाई लोधी की शादी रामगढ़ रियासत के राजकुमार विक्रमादित्य के साथ हुई थी 1850 में विक्रमादित्य के पिता की मृत्यु के बाद रियासत के राजकुमार विक्रमादित्य को राजपाट दिया गया। 1857 में राजकुमार की मृत्यु हो गई उसके बाद सारी जिम्मेदारी अवंतीबाई लोधी के कंधों पर आ गई। 1857 में उनकी रियासत पर अंग्रेजों ने कब्जा कर लिया था। यह खबर सुनकर अवंतीबाई आग बबूला हो गई। 20 मार्च 1858 को देवहारीगढ़ के युद्ध भूमि में अपने प्राणों की आहुति देकर अवंती बाई लोधी इतिहास में सदा के लिए अमर हो गई।इस अवसर पर युवान संस्थान संरक्षक अम्बुज त्रिपाठी, उपाध्यक्ष संजय चौधरी, अरविंद साहू, ओम प्रकाश प्रजापति, आशाराम प्रजापति, शियाराम लोधी,रोहित शर्मा, अम्बरीष रावत सर्वेश राजपूत, रामसुमिरन लोधी एवं संस्थान के सभी साथी मौजूद रहे।

शहीद वीरांगना अवंतीबाई की श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर। बंथरा के ग्रामसभा अंदपुरदेव व ग्राम सभा कैथी में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 की आजादी की नायिका शहीद वीरांगना अवंतीबाई लोधी के बलिदान दिवस पर, पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनको याद किया गया,वीरागंना अवंतीबाई जी के जीवन पर मंडल अध्यक्ष सरोजनी नगर विवेक राजपूत ने प्रकाश डाला और बताया की1817 से 1851 तक रामगढ़ ,भारत में पहली महिला क्रांतिकारी रामगढ़ की रानी अवंतीबाई ने अंग्रेजों के विरुद्ध ऐतिहासिक निर्णायक युद्ध किया जो भारत की आजादी में बहुत बड़ा योगदान है जिससे रामगढ़ की रानी अवंतीबाई उनका नाम पूरे भारत में अमरशहीद वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के नाम से है। कार्यक्रम आयोजन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि -जय करन लोधी व क्षेत्र पंचायत सदस्य सियाराम लोधी ने किया

वहीं दूसरी ओर कैथी में कार्यक्रम आयोजन प्रधान मनोज लोधी ने किया।कार्यक्रम में कोटेदार प्रिओम सिंह चौहान,सुरेश कुमारी ग्राम प्रधान, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य गेंदा सिंह,चंद्रभान सिंह लोधी, अमित लोधी,सुरेन्द्र लोधी,अनुराग लोधी,छोटेलाल लोधी और कैथी मे संतोष लोधी,खूब चंद, हीरा लाल,विमल, मेड़ी लाल सहित तमाम सम्मानित ग्रामवासी मौजूद रहे।

लविवि में सुशासन और विकसित भारत की अवधारणा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग के अटल सुशासन पीठ द्वारा आयोजित ल्लसुशासन और विकसित भारत की अवधारणाङ्क पर बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ।विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9:30 बजे उपस्थित लोगों के पंजीकरण के साथ हुई, जिसके बाद 10:25 बजे विशिष्ट अतिथियों का आगमन हुआ।

सुबह 10:30 बजे दीप प्रज्ज्वलन और वंदना के साथ माहौल उत्साह से भर गया, जो आगे की ज्ञानवर्धक यात्रा का प्रतीक है। इसके बाद, विभाग अध्यक्ष नन्द लाल भारती ने अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और इसके बाद विभाग के अन्य शिक्षक यथा डॉ वैशाली सक्सेना, डॉ नंदिता कोसल, डॉ श्रद्धा चंद्र ने उन्हें गुलदस्ते भेंट किए, जिससे सौहार्द और सम्मान का माहौल बना।

सत्र के प्रारम्भ मे सोवीनियर का विमोचन किया गया जिसमे विभिन्न क्षेत्रों के शिक्षको एवं शोधर्थियों द्वारा अपने अपने शोधपत्रों के सारांशों का प्रकाशन किया गया।इस सेमिनार के सम्मानित अतिथि एबीवीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. राज शरण शाही थे. उन्होंने प्राचीन काल से आज तक की भारतीय अर्थव्यवस्था का विश्व की अर्थव्यवस्था में योगदान को रेखांकित करते हुए अटल जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला एवं सुशासन पर अटल जी के दृष्टिकोण को समझाया।

सेमिनार के विशिष्ट अतिथि प्रोफ़ेसर संजय सिंह डॉक्टर राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधी विश्वविद्यालय लखनऊ के पूर्व कुलपति थे. उन्होंने सुशासन के एक आयाम के रूप में व्यक्तिगत नैतिकता पर प्रकाश डाला और इमरजेंसी के दौर का उदाहरण दिया तथा सुशासन में सरकारी मशीनरी को स्पष्ट और पारदर्शी बनाने पर बल दिया।चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा,रियाणा के कुलपति प्रो. अजमेर सिंह मलिक उद्घघाटन सत्र के मुख्य अतिथि थे , उन्होंने सुशासन के सार और विकसित भारत के निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला. उन्होंने सुशासन की पश्चिमी अवधारणा को भारतीय परिपेक्ष में अपने पर बल देते हुए सुशासन के 6 नए आयाम को बताया और विभिन्न देशों का उदाहरण देते हुए सुशासन की अवधारणा को समझाया।उद्घघाटन सत्र का समापन लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के विचारोत्तेजक अध्यक्षीय भाषण से हुआ, जिसमें उन्होंने सुशासन प्रथाओं को बढ़ावा देने में शिक्षाविदों के महत्व को रेखांकित किया। तथा उन्होंने प्रशासन प्रबंधन एवं राजनीति के क्षेत्र उभयनिष्ठ बिंदुओं को रेखांकित करते हुए कि यह तीनों विषय सुशासन के बिंदु पर आकर एक हो जाते है. उन्होंने नेपाल को सुशासन से जोड़ते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय की भूमिका को अग्रणी चिन्हित करते हुए विभागों के बीच प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने हेतु की गयी पहलो को साझा किया।उद्घघाटन सत्र का समापन संयोजक, प्रो. और लोक प्रशासन विभाग के प्रमुख डॉ. एन.एल. भारती के द्वारा अतिथियों को धन्यवाद प्रस्तुत करके किया जिसके बाद राष्ट्रगान गया गया।

सेमिनार के पहले दिन दो तकनिकी सत्रों का आयोजन किया गया जिसमे पुरे भारत से आये शोधर्थियों ने अपने अपने अपने शोध पत्रों को प्रस्तुत किया।

सुशासन और विकसित भारत की अवधारणाङ्क पर राष्ट्रीय संगोष्ठी अगले दो दिनों में जोरदार चर्चा और बौद्धिक आदान-प्रदान के लिए एक मंच बनने का वादा करती है, क्योंकि पूरे भारत से विशेषज्ञ और विद्वान विशेष रूप से हरियाणा, राजस्थान और बिहार से एक समृद्ध और समावेशी भारत की दिशा तय करने के लिए एकत्रित हुयें।21 मार्च को सेमिनार मे दो तकनिकी सत्रों का भी आयोजन किया गया. पहले सत्र के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष क्रमशः नरेंद्र कुमार इस सत्र में 20 से अधिक शोधार्थियों ने अपने-अपने शोध पत्रों को प्रस्तुत किया।

सेमिनार के दूसरे तकनीकी सत्र की शुरुआत 3:00 बजे हुई. इस सत्र के अध्यक्ष प्रोफ़ेसर आई डी मिश्रा तथा सह अध्यक्ष डॉ अदिति त्यागी थीं जो की पटना यूनिवर्सिटी से आयीं थीं। इस सत्र में भी 50 से अधिक शोध पत्रों को प्रस्तुत किया गया।

बीमारी से तंग महिला ने लगाई फांसी भट्ठे पर रहकर करती थी पति के साथ मजदूरी

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।गोसाईंगंज कोतवाली इलाके में भट्ठे पर काम करने वाली एक महिला ने बीमारी से तंग आकर फांसी लगा कर जान दे दी। जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव के फंदे से नीचे उतार कर पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेज दिया। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रिजेश कुमार त्रिपाठी के अनुसार क्षेत्र के रहमत नगर गांव के महेश ब्रिक फील्ड पर नंदनी (25) अपने पति दुर्गेश के साथ काम करती थी। वह बीती रात अपने पति व बच्चों आदित्य, आर्यन व आलया के साथ लेटी थी। पुलिस के मुताबिक उस महिला ने आचानक रात के वक्त उठकर बल्ली से साड़ी के सहारे लटक कर जान दे दी। बुधवार की सुबह जब सब लोग सो कर उठे तो देखा कि वह लटकी हुई थी। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मृतका के पति दुर्गेश ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी काफी समय से बीमार रहती थी। इलाज भी चल रहा था।

नैमिष नाथ भगवान की अष्टकोणीय आरती में शामिल हुए लाखों श्रद्धालु

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। हजारो श्रद्धालुओं के जयघोष व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान नैमिषनाथ की विशिष्ट वार्षिक शोभायात्रा महंत श्री 1008 इंदिरा रमण रामानुज दास की अध्यक्षता में बैण्ड बाजों व शंख घण्टों की पावन गूँज के साथ रामानुजकोट मंदिर से प्रारम्भ होकर माँ ललिता देवी मंदिर की परिक्रमा करते हुये चक्रतीर्थ परिसर पहुंची। जहाँ संस्था प्रमुख प्रधानपुजारी राज नारायण पाण्डेय एवं गणमान्य अतिथियों ने प्रभु श्री नैमिषनाथ व श्रीदेवी सहित भूदेवी की विशिष्ट आरती एवं पूजन किया गया। नवमी सुबह से ही रामानुजकोट मन्दिर में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का कार्यक्रम चल रहा था। चक्रतीर्थ परिसर में आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि ने सभी सन्त महंतों का माल्यार्पण व अंगवस्त्र भेटकर स्वागत किया, जिसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित संत जगदाचार्य देवेन्द्रानंद सरस्वती, महामंडलेश्वर विद्या चैतन्य, परिक्रमा अध्यक्ष महन्त नारायण दास , महंत संतोष दास खाकी ,स्वामी विद्यानंद सरस्वती, महंत अंजनी दास, महंत राजू दास,नैमिष आचार्य रमेश शास्त्री, कथा व्यास अमित शास्त्री, कथा व्यास कुलदीप शास्त्री,श्री 1008 इंदिरारमण जी , महंत शिवेंद्र चैतन्य महाराज,साध्वी मुमुक्षा जी, महंत प्रीतम दास,महंत प्रलहाद दास ,नागेंद्र दास आदि सन्तो एवं गणमान्य अतिथियों का माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। इस मौके पर जगदाचार्य एवं महामंडलेश्वर ने प्रवचन देते हुये कहा कि 84 कोसीय परिक्रमा हमारी अनूठी आध्यात्मिक धरोहर है जो आस्था और भक्ति के कई रंगो से रंगी हुई है और इस यात्रा में भक्तों को यात्रा मार्ग पर कठिनाइयों से तपने के बाद ईश्वर का आशीर्वाद और ईश्वर से निकटता का अनुभव होता है जिसका सच्चा आनन्द एक परिक्रमार्थी ही अनुभव कर सकता है इस अवसर पर उन्होंने परिक्रमार्थियों और उनके तीर्थ पुरोहितों के पवित्र सम्बन्ध का भी जिक्र किया और दोनों को ही इस परिक्रमा की आवश्यक कड़ी बताकर कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो को अपना आशीष और शुभकामना दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मिश्रिख सांसद अशोक रावत, विधायक राम कृष्ण भार्गव, भाजपा अध्यक्ष राजेश शुक्ला,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गोदलामऊ मुनिंद अवस्थी, समाजसेवी आशीष गुप्ता,ब्लॉक प्रमुख रामकिंकर पांडे ने अपने संक्षिप्त सम्बोधन में नैमिष तीर्थ की धार्मिक परम्परा की वाहक 84 कोसीय परिक्रमा की महिमा को नमन करते हुए परिक्रमार्थियों के लिए हर सम्भव सुविधा देने का जिक्र करते हुए सभी सन्तों के सहयोग की तारीफ की और हर बार ऐसे ही परिक्रमा के सफल सञ्चालन की अपील की और परिक्रमार्थियों को इस यात्रा में शामिल होने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके मंगल की कामना की साथ ही अगले वर्ष फिर यात्रा में शामिल होने का स्नेह से भरा आमन्त्रण दिया, कार्यक्रम का मंच संचालन पुरुषोत्तम शास्त्री ने किया,इस अवसर पर आचार्य रमेश चन्द्र शास्त्री, सचिन पाण्डेय, रानू पंडित, दयालु दीक्षित द्वारा नैमिष नाथ भगवान का पूजन कराया गया द्यवहीँ आज शाम पुजारी राजनारायण पांडेय द्वारा चक्रतीर्थ की अष्टकोणीय आरती आकर्षण का मुख्य केंद्र रही।

बच्चों का हकीम नहीं तो आखिर कहां जाएं परिजन

बच्चे ही होते है परिवार के लोगों का भविष्य

सीतापुर। महमूदाबाद के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नहीं है कोई बच्चे का डॉक्टर तो आखिर कहा जाए बच्चो के परिजन ! जी हां आपको सुनने में तो कुछ अटपट लग रहा होगा लेकिन हकीकत यही है ! महमूदाबाद के एक परिवार का बच्चा जब अचानक से रात में बीमार होता है तो उसके परिजन अपने बच्चे को लेकर आननफानन में अस्पताल की तरफ़ भागते हैं लेकिन वहा पहुंचने पे पता लगता है की यहां तो कोई बच्चों का हकीम ही नही है ! वायरल विडियो में साफ़ साफ़ देखा जा सकता है कि एक सरकारी डॉक्टर ही परिजनों को बता रहा हैं की आप इस बच्चे को लेकर लखनऊ चले जाओ क्यूं की यहां पर कोई बच्चो का डॉक्टर नही है ! वहीं बात की जाए अगर महमूदाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की तो यह जिला अस्पताल से थोड़ा ही कम होंगा क्यू कि यहां के अस्पताल में पास के ही जनपद से मरीज आते रहते है ! इस बात को लेकर बहुत सारे लोगों को ऐतराज है की यहां बच्चो का डॉक्टर क्यू नही है ! अस्पताल में आने वाले सभी परिजनों का मसला एक ही है कि बच्चो के डॉक्टर क्यू नही है ! वायरल वीडियो में दिख रहे शौहर और बेगम अपने बच्चे को गोद में लेकर काफ़ी ज्यादा रोते और बिलखते दिखाई दे रहे हैं ! और उनके साथ उनके परिवार वाले भी काफ़ी ज्यादा परेशान दिखाई दे रहे हैं ! आपको बता दें कि बच्चे ही अपने देश का भविष्य है लेकिन इतनी बड़ी तहसील के अन्दर स्वास्थ महकमे में जब कोई बच्चो का डॉक्टर नही होंगा तो आखिर बच्चे देश का भविष्य कैसे तय कर पाएंगे ये बात अपने आप में एक बड़ा सवाल खड़ा करती है !

वजीर ए सेहत ब्रजेश पाठक जब बात करते है स्वास्थ्य व्यवस्था की तो उनका कहना है कि पूरे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद सेहत महकमे को काफी दुरुस्त किया गया है ! शायद अगर इस बात की जानकारी उन तक पहुंचे तो समय पर डॉक्टर उपलब्ध कराया जा सकता है ! क्या बोले महमूदाबाद के अधीक्षक. उन्होने बताया की सीएमओ सर को इस विषय में जानकारी दे दी गई है ! प्रयास है कि जल्दी महमूदाबाद में बच्चों के डॉक्टर को बुलाया जाय।

निर्दोष हिंदू बच्चों की हत्या करके खून पीना ग़ज़वा ए हिन्द का ही एक भाग है : महंत बजरंगमुनि उदासीन

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। दो जिहादियों द्वारा दो निर्दोष बच्चों की घृणित तरीके से की गई हत्या और उनके खून पीने की घटना को लेकर महंत बजरंगमुनि में बहुत आक्रोशित हैं महंत बजरंगमुनि जी महाराज ने कहा कि मानव भक्षण का इस्लाम मे बहुत पुराना इतिहास है।म्यांमार से बौद्धों ने रोहिंग्या मुसलमानों को मार मार कर इसीलिए निकाला था।वहाँ पर ये राक्षस अल्पसंख्यक हिन्दुओ का मार कर खाने लगे थे।इसी कारण वहाँ के बौद्धों ने इन्हें मार मार कर वहाँ से निकाल दिया था।कश्मीर में भी जिहादियों ने बहुत से हिन्दुओ को मार कर पका कर खाया जिसे भारत मे धर्मनिरपेक्षता के नाम पर छिपा दिया गया।अब यह कार्य यहाँ खुलेआम आरम्भ हो गया है।हिन्दुओ को यह समझना ही चाहिये कि यह गज़वा ए हिन्द का ही एक भाग है।इसी से काफिर हिन्दुओ में दहशत फैलेगी और उनका मनोबल टूट जाएगा।ऐसा होने पर काफिरो का सफाया बहुत आसान हो जाएगा।

पीडब्लूडी से मानक विहीन पुलिया का हो रहा निर्माण

मछरेहटा / सीतापुर **कैनविज टाइम्स संवाददाता** । बिकास खण्ड मछरेहटा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरसंधिया के मजरा ताज पुर प्राथमिक विद्यालय के पास डामर सड़क पर वर्षो पुरानी ध्वस्त पुलिया का निर्माण पी डब्लू डी विभाग से हो रहा निर्माण मानक विहीन, ठेके दार की मन मानी के चलते ग्रामीणों में काफी रोष व्याप्त। बताते चलें ताज पुर प्राथमिक विद्यालय के पास पी डब्लू डी से डामर सड़क पर पुलिया का निर्माण घटिया ब्रिक्स का प्रयोग हो रहा पुलिया निर्माण में जो ह्यूम पाइप जमीन के लेबिल से न डाल कर ऊंचा कर दिया जिससे बरसात का पानी पुलिया से नहीं निकले गा जिससे प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री डैमेज होगी । ग्राम प्रधान जय पाल सिंह ने क्या कहा। ग्राम पंचायत बरसंधिया के मजरा ताज पुर में प्राथमिक विद्यालय के पास पी डब्लू डी से बन रही पुलिया निर्माण में घटिया ब्रिक्स का प्रयोग हो रहा है और ह्यूम पाइप जमीन लेबिल से ऊंचा लगने से पानी का भराव होगा जिससे विद्यालय की बाउंड्री ध्वस्त होगी ।पी डब्लू डी के जे ई ने क्या कहा पी डब्लू डी विभाग के जे ई परम हंस से बात की गई तो बताया कि जांच कराई जाएगी यदि कोई निर्माण में गड़ बड़ होगा तो गिराकर फिर से बनाई जाएगी।

पीस कमेटी की बैठक में क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी ने संभ्रांत लोगों से किया विमर्श

रेउसा सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । गत दिवस थाना रेउसा परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक आने वाले पर्व होली व ईद को दखते हुये बुलाई गई थी। जिसमें क्षेत्र के प्रधान,बीडीसी व क्षेत्र के सम्भ्रांत व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर पुलिस पदाधिकारियों ने बैठक में उपस्थित संभ्रांत लोगों से आने वाले पर्व होली एवं ईद के अवसर पर किसी भी गांव या स्थान पर अप्रिय घटना होने पर अथवा विवाद होने पर अपने नैतिक दायित्वों को निभाते हुए पुलिस को सूचित करने की बात कही गई। इस बैठक में क्षेत्राधिकारी बिसवां उदयराज सिंह द्वारा जहां होली के अवसर पर बच्चों को मोटरसाइकिल न देने की बात कही गई साथ ही त्योहार पर शराब आदि से बचने की बात रखी गई। ईद की नवाज के बारे में भी पूछा गया जिसमें सभी ने बताया कि कहीं भी कोई दिक्कत नही है। तहसीलदार ने सभी प्रधानों से कहा कि जिस चुनाव बूथ पर नल खराब हो तो सही करवा लें, और सभी पोलिंग बूथों पर साफ सफाई करवा लें। क्षेत्र से आये हुये संभ्रात लोगों में सन्दीप बाजपेयी,राहुल त्रिपाठी,रेउसा प्रधान हामिद अली आदि शामिल रहे।

दुधवा में भालू ने टाइगर को दौड़ाया

पलियाकलां-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। दुधवा टाइगर रिजर्व का एक जबरदस्त वीडियो सामने आया है जहां एक भालू जंगल के राजा यानी की वहां मौजूद टाइगर को खदेड़ते हुए दिखाई दे रहा है और यही नहीं भालू से डर कर टाइगर वहां से दुम दबाकर भाग भी खड़ा हुआ। यह अद्भुत नजारा देखकर इस वीडियो को दुधवा टाइगर रिजर्व के ऑफिशियल अकाउंट से ट्विट भी किया गया है। वीडियों देखकर लोग काफी पसंद कर रहे हैं। दरअसल वायरल वीडियो बीते दिनों पुराना बताया जा रहा है। जहां दुधवा टाइगर रिजर्व में बाहर से आए कुछ पर्यटक टाइगर का दीदार करने के लिए दुधवा पहुंचे थे। जहां उन्हें यह अद्भुत नजारा दिखाई दिया। जिसमें आप साफ तौर पर देख सकते हैं कि एक सॉल्ट बीयर यानी की भालू सामने आए टाइगर को खदेड़ रहा है और भालू को देखकर टाइगर वहां से भाग खड़ा हुआ। यही नहीं उसके पास ही एक और टाइगर होना बताया जा रहा है। फिलहाल यह वीडियो दुधवा टाइगर रिजर्व के ही आरएफओ रितेश पटेल के द्वारा ट्वीट करना बताया जा रहा है। विडियो ट्वीट होने के बाद यह वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ है। जिसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं और अलग-अलग तरह के कमेंट भी किये जा रहे हैं।

बच्चों ने पुलिस लाइन के बाल उद्यान में मनाया विश्व गौरैया दिवस

लखीमपुर-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विश्व गौरैया दिवस पर पुलिस लाइन खीरी स्थित बाल उद्यान के पास छोटे-छोटे बच्चों द्वारा विश्व गौरैया दिवस मनाया गया,पक्षियों के लिए पेड़ों पर काफी संख्या में घोंसले लगाए गए, बच्चों द्वारा गौरेया व अन्य पक्षियों के लिए पानी की भी व्यवस्था की गई है। बच्चों के लिए पुलिस लाइन में बाल उद्यान बनाया गया है जहां पर बाल उद्यान को काफी मनोरंजक बनाने के लिए तरह-तरह के पेड़- पौधे लगाकर गमलों द्वारा सुसज्जित किया गया है। इसी क्रम में आज विश्व गौरैया दिवस पर पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा की सुपुत्री बेबी आद्या साहा व सुपुत्र अथर्व साहा द्वारा पुलिस लाइन परिवार के बच्चों के साथ विश्व गौरैया दिवस मनाया गया। साथ ही पेड़ों पर काफी संख्या में पक्षियों के लिए घोंसले लगवायें गये, जिससे गर्मी के मौसम में पक्षी घोसलों में आकर विश्राम कर सकें तथा बाल उद्यान को अपनी चहचहाहट से और मनोरम व दिव्य बना सकें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा, प्रतिसार निरीक्षक पवन भाटी तथा अन्य पुलिस अधिकारी व उनके बच्चे मौजूद रहे।

शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए स्टाफ नर्स व एएनएम को दिया गया प्रशिक्षण

लखीमपुर-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से जनपद की समस्त प्रसव इकाइयों पर तैनात स्टाफ नर्स व एएनएम को जिला महिला चिकित्सालय में प्रशिक्षित किया गया। 02 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता के नेतृत्व में संपन्न हुआ। जिसमें 10 बैच प्रशिक्षित किए गए हैं। प्रशिक्षण के अंतिम दिन सभी को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता के साथ सीएमएस डॉ ज्योति मेहरोत्रा भी मौजूद रहीं। डीएमएचसी लल्ला सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर इस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। जिसका शुभारंभ सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने 8 फरवरी को किया था। प्रशिक्षण में कुल 10 बैच को प्रशिक्षित किया गया है। जिनमें 228 प्रतिभागियों ने नवजात शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत दो-दो दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किया है। 147 स्टाफ नर्स व 81 एएनएम को प्रशिक्षित किया गया है। यह प्रशिक्षण राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षकों द्वारा दिया गया है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से शिशु मृत्यु दर को कम करने में काफी मदद मिलेगी। साथ ही शासन की मनसा के अनुरूप कार्य किया जा सकेगा। डीएसएस डॉ रवि प्रकाश गुप्ता, डीएनएस प्रज्ञा शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी ने रमियाबेहड़ में की चुनावी जनसभाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सपा और बसपा के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

बसपा अवधेश भारती पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी, बसपा विधानसभा सचिव विंध्याचल सिंह रामस्वरूप पूर्व कोटेदार बसपा सेक्टर प्रभारी एवं समाजवादी पार्टी कल्लू राम वर्मा पूर्व प्रधान, सेक्टर प्रभारी संतोष कुमार वर्मा अग्घरा गुलरिया, मशरूदीन, अमन श्रीवास्तव , शिवकुमार भारती क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि समेत अन्य ने सपा छोड़ भाजपा में शामिल हुए।

लखीमपुर-खीरी। लोकसभा चुनाव का बिगुल बजते ही गांवों में चुनावी जनसभाओं का दौर शुरू हो गया है। मंगलवार को खीरी संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी एवं केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने रमियाबेहड़ की चार ग्राम सभाओं में चुनावी जनसभाएं कर विपक्षी पार्टीयों पर जमकर प्रहार किया। उन्होनें कहा कि वर्ष 2014 से पूर्व केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ गरीबों तक नहीं पहुंचता था। योजनाएं गरीबों तक पहुंचने से पूर्व ही उनके सत्ता पक्ष के मंत्री रास्ते में ही बंदर बांटकर डकार जाते थे। वर्ष 2014 के बाद केंद्र में मोदी के नेतृत्व में बनी भाजपा सरकार के 10 वर्ष कार्यकाल में बिना किसी भेदभाव सबका साथ सबका विकास के पथ पर कार्य करते हुए विभिन्न जन कल्याण योजनाएं गांवों तक पहुंच रही हैं। जिससे सभी गरीबों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। आज अपना देश विकास के पथ पर अग्रसर है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने अपने संसदीय क्षेत्र की ग्राम पंचायत तेलियार, सुजानपुर, रामनगर बगहा और गुलरिहा तालुके अमेठी में आयोजित चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर मतदाताओं से रूबरू हुए। जनसभाओं को सदर विधायक योगेश वर्मा, कोऑपरेटिव बैंक के जिला अध्यक्ष विनीत मनार, सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय तथा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमित वर्मा आदि ने संबोधित कर अपने-अपने विचार प्रकट किए।

लापता बालक का कुएं में मिला शव, हत्या की आशंका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर/महमूदाबाद। रामपुर मथुरा थानां इलाके में 10 दिन से लापता 5 वर्षीय बालक का शव कुएं में उतराता मिलने से गांव में सनसनी फैला गई। परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस ने कुएं में ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। बालक की मौत से परिवार में मातम का माहौल है।

पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। महमूदाबाद सर्किल क्षेत्र के रामपुर मथुरा थाना इलाके के ग्राम लोधनपुरवा निवासी आदित्य (5) वर्ष पुत्र रामचन्द्र बीती 11 मार्च की शाम अचानक लापता हो गया। बताया जाता है कि बुधवार की दोपहर ग्रामीणों ने कुएं में शव उतराता देखकर मामले की सूचना पुलिस को दी। बच्चे की तलाश में जुटे परिजन और सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सीढ़ी डालकर मासूम के शव को बाहर निकलवाया। बच्चे के शव की हालत देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजकर मामले की तफ़्तीश शुरू कर दी है। परिजनों ने गांव के ही एक युवक श्रीराम पर हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। परिजनों के आरोप है कि 11मार्च को ही श्रीराम के घर शादी समारोह का आयोजन था जहां पर मृतक मासूम आखिरी बार खेलते हुए ग्रामीणों ने देखा था जिसके बाद वह लापता हो गया। पुलिस ने शक के आधार पर युवक श्रीराम को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष रामपुर मथुरा महेश चंद्र पांडेय ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की जा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्यवाई की जाएगी।

जमीन की कीमत बढ़ने पर बिजली विभाग संविदा कर्मचारी ने व्यापारी से की वादा खिलाफ़ी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । श्यामनाथ मन्दिर निकट टावर के पास एक व्यापारी ने कई लोगों के साथ मिलकर कुछ वर्ष पहले एक एक जमीन का सौदा नोटरी पर उस्मान पुत्र बसीर अहमद से तय किया था जिसमें बयाना के दौर पर उस्मान को दस लाख रुपये भी लिखित में दिऐ थे, पैसा प्राप्त के बाद से अब तक लगभग तीन वर्षों से उस्मान व्यापारी को न तो पैसा वापस दे रहा न पड़ोस जमीन पर जो व्यापारी ने अन्य लोगों से खरीदी व समतल करवाया उस पर कार्य करने दे रहा , पिछले दो दिन पूर्व व्यापारी अपनी जमीन पर ट्रैक्टर से जुताई सफ़ाई का कार्य करवा रहा था तो बिजली विभाग सविंदा कर्मचारी उस्मान अपनी माँ नूरजहाँ व अपनी पत्नी को भेज कर 112 नम्बर पुलिस को फोन करवा के कार्य रुकवा दिया व मौके पर स्वयं नहीं मिला । कार्य रुक जाने पर व्यापारी ने चौकी व कोतवाली पर लिखित प्रार्थना पत्र देकर अपने दिऐ पैसे य जमीन को दिलवाने को शिकायत की ।

आखिर कब मिलेगी सड़को के गढ्डों से आजादी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन/सीतापुर। सरकार की तरफ से वर्ष 2017 में सड़कों को दुरुस्त कर गड्ढा मुक्त करने का किया गया दावा सांडा(सकरन) इलाके के सेमरा खुर्द से बेलवा संपर्क मार्ग पर लागू नहीं होता,अब इलाके के राहगीर की जुबां पर बस एक ही सवाल है कि आखिर कब इस सड़क में इन गड्ढों से आजादी मिलेगी?? हर कदम पर जरा सी बारिश होने से तालाब हो रही सड़क पर दुश्वारियों भरा सफर हो जाता है अधिकांस मार्ग जर्जर हो जाने से हर कदम पर इलाके की आवाम कराह रही है।इस सड़क पर हजारों राहगीर सुबह से शाम तक सरकारी सिस्टम को कोस रहे हैं। परंतु लंबे अरसे के बाद आज भी लोगों की मुराद पूरी होती नही दिखाई दे रही, सरकार की तरफ से सड़कों को गढ्ढा मुक्त करने का किया गया दावा कई वर्ष पुराना हो चुका है। बावजूद इसके दावे की जांच सकरन क्षेत्र के कई मार्ग तक नहीं पहुंची जिन मार्गो में से इसी संपर्क मार्ग से कंभरिया कटेशर को जाने वाली सड़क भी सामिल है यह अधिकांस मार्ग लगभग एक दशक से भी अधिक समय से आज भी खस्ताहाल है मार्ग की हालत साफ तौर पर दिखाई दे रही है हाल यह है कि राहगीर दिन प्रतिदिन परेशानी झेल रहे हैं। देखा जाए तो दर्जनों गांवों की राह आसान करने वाला यह मुख्य मार्ग है।इसके बावजूद भी विभागीय अफसरों की उदाशीनता तो देखिए लगता है कि यहां गढ्डों में ही सड़क सड़क बनी है। और राहगीर अपनी जान को जोखिम में डालकर लगातार इस मार्ग पर सफर करने को मजबूर हैं।



तालाब में तब्दील इस सड़क पर दुश्वारियों भरा सफर

जर्जर मार्ग होने से हर कदम पर कराह रही इलाके की आवाम

सुबह से शाम तक सरकारी सिस्टम को कोस रहे हजारों राहगीर

नेता जी भी हवा हवाई में पीछे नहीं। नेता भी चुनावी मोड़ ऑन होने पर ही सक्रिय होते हैं जब वोट लेने का समय आता है तब नेताओं को जनता दिखाई देने लगती है और बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा,स्वाथ्य,जैसे बड़े बड़े दावे करते हैं परंतु जैसे ही जनता का वोट बक्से में पड़ा बस नेताजी के सारे दावे ठंडे बस्ते में चले जाते हैं और सब कुछ भूल कर अपने लग्जरी आशियानों से बाहर नहीं दिखाई देंगे। और फिर नेता जी के दर्शन अगले चुनाव में ही होंगे।

राजापुर मंडी पहुंचे डीएम-सीडीओ देखे स्ट्रांग रूम एवं रवानगी स्थल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल कराने के दृष्टिगत बुधवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह संग कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर पहुंचे, जहां उन्होंने स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, ड्यूटी कक्ष, कंट्रोल रूम, सीसीटीवी व्यवस्था एवं पोलिंग पार्टियों की रवानगी स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की।

डीएम ने सीडीओ, एडीएम संग पूरे मंडी परिसर का पैदल भ्रमण कर चुनाव के लिए चिह्नित स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का भ्रमण कर निर्वाचन तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मंडी सचिव सुधांशु को स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल की सभी मुकम्मल तैयारी रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान देखा गया कि स्ट्रांग रूम बनाने के लिए पर्याप्त स्थान, चुनाव आयोग के मानकों के अनुरूप हैं। मतगणना के लिए स्ट्रांग रूम से मतगणना स्थल तक ईवीएम और वीवीपैट ले जाने संबंधी वैरिकेटिंग व्यवस्था के लिए मार्ग निर्धारित के लिए स्ट्रांग रूम के आसपास के क्षेत्र का भी निरीक्षण किया। डीएम ने मण्डी स्थल में स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं को विधानसभावार देखा। स्ट्रांग रूम से वोटिंग मशीन प्राप्त करने और मतगणना स्थल तक ले जाने संबंधी वेरिकेटिंग व्यवस्था का जायजा लिया। स्ट्रांगरूम की सुरक्षा के लिए फोर्स के ठहरने का स्थान और प्रवेश के लिए अलग-अलग प्रवेशद्वारों का निरीक्षण किया। इस दौरान डीपीआरओ सौम्यशील सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी, अवर अभियंता विनियमित क्षेत्र प्रदीप त्रिवेदी सहित संबंधित अधिकारी गण मौजूद रहे।

त्यौहारों के आते ही बाजार में आया नकली मावा व बरेली की मिठाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। रमजान व होली के त्योहार दिन करीब आते ही बाजार में नकली खोए व मावा ने त्योहारी सीजन को देखते हुए दस्तक दे दी है। खोए में असली और नकली का फर्क करना मुश्किल हो जाएगा। नक्कालों को पकड़ने के लिए अभी खाद्य विभाग ने अभियान भी नही चलाया है। जपनद में रमजान व होली त्योहार ने तेजी पकड़ ली है। बाजार भी सजने लगा है। मिठाई की दुकानों पर बनने वाले खाद्य पदार्थों में बड़े पैमाने पर खोए का प्रयोग होता है। जो लोग खोया बेचते हैं उनके खोए की कोई गारंटी नहीं है। शुद्धता पास से होकर नहीं गुजरती है। खोए की टोकरी को छिपाने वाला कपड़ा तक गंदा होता है। त्योहार को देखते हुए बड़ी मात्रा में खोया व बरेली की मिठाई में मिल्क केक को तैयार किया जाता है। इसमें कुछ ही शुद्ध होता, बाकी अशुद्ध को शुद्ध बताकर मार्केट में खपा दिया जाता है। शहर से लेकर देहात तक में नकली खोया तैयार किया जा रहा। गंदगी से भरे स्थानों पर खोया बन रहा। यह खोया शरीर पर विपरीत असर डाल सकता है। 75 प्रतिशत दुकानदारों को छोड़ दें तो शेष में ऐसा मावा बिक रहा है, जिसकी क्वालिटी देखकर पहचान नहीं पाएंगे कि वह असली है या नकली। बेहतर तरीके से पैक किया मावा बिल्कुल भी नकली नजर नहीं आएगा। यह मावा असली बनाकर बाजार में बेचा जा रहा है। दिलचस्प बात यह है कि लोग पैक मावा को असली मानकर दुकानदारों को मनमाने दाम दे देते हैं। लेकिन, वह पाउडर से बना होता है। जिसकी असली होने की कोई गारंटी नहीं होती है।

पाउडर से तैयार किया जाता नकली मावा

नकली मावा को पाउडर के माध्यम से तैयार किया जाता है। यह मावा मानक के रूप में शुद्ध नहीं माना जाता है। पलिया में बाहर से आने वाला नकली मावा बेचे जाने की सूचनाएं अफसरों के पास पहुंची तो हैं मगर आज तक कार्यवाही किसी पर नही हुई।

आत्मा का विकास ही सबका विकास है : आचार्य सभाजीत मिश्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कसया, कुशीनगर । गाँधी जी का 'सर्वोदय' अद्वैत वेदांत से प्रेरित है।वस्तुतः ब्रह्म ही सर्व है। आत्मा का विकास ही सबका विकास है। यह मनुष्य के भौतिक के साथ - अध्यात्मिक विकास को साथ लेकर चलता है। उक्त बातें आचार्य सभाजीत मिश्र ने बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुशीनगर में भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय , भारत सरकार के द्वारा आयोजित जगदुरु श्री शंकराचार्य व्याख्यानमाला के अंतर्गत मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कही। प्रो मिश्र ने अद्वैत वेदान्त में माया के सिद्धान्त को निरूपित करते हुए सत असत को परिभाषित किया। उन्होंने 'ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या' वाक्य में जगत के मिथ्यात्व से सम्बंधित भ्रान्तियों को दूर करते हुए मिथ्या शब्द के वास्तविक अर्थ से अवगत

कराया। रज्जु में सर्प की भ्रान्ति का उदाहरण देते हुए वेदान्त दर्शन के अध्यारोप-अपवाद न्याय को सरल भाषा में व्याख्यायित किया। सर्वज्ञ का अर्थ आत्मा अर्थात ब्रह्म को जानने में निहित है। जो हमें जगत रुपी अंधकार से दूर करे वही जगदुरु है। आचार्य शंकर सही अर्थों में जगदुरु थे।आचार्य शंकर माया को लेकर कई बार भ्रम की स्थिति बनती है। किंतु ध्यान रखना चाहिए कि मायावाद जगत से पलायन नहीं बल्कि वह मनुष्य को सही दिशा में प्रेरित करने वाला

कर्म एवं भक्ति को चित्त शुद्धि का साधन मानते हैं शंकराचार्य

सिद्धांत है। विशिष्ट वक्ता प्रो. द्वारका नाथ ने कहा कि शंकराचार्य भारत के सर्वोत्कृष्ट दार्शनिक थे। शंकराचार्य ने 32 साल की अल्पायु में ही दर्शन एवं अद्यतिम क्षेत्र में जो काम किया वह स्तुत्य है। शंकराचार्य का दर्शन ब्रह्मवादी दर्शन है। आचार्य शंकर ब्रह्म के दो लक्षण बताये- तटस्थ लक्षण एवं स्वरूप लक्षण। शंकराचार्य जी जगत की व्यवहारिक सत्ता को पूरी तरह से स्वीकार करते हैं। शंकराचार्य कर्म एवं भक्ति को चित्त शुद्धि का साधन मानते हैं, मुक्ति तो केवल ज्ञान से संभव है। उन्होंने हिंदू धर्म के बीच सामंजस्य स्थापित किया। अनेक मतों का संसोधन करके उनके बीच समन्वय स्थापित किया। शंकराचार्य का महत्त्वपूर्ण योगदान पंचायतन पद्धति का प्रचार है।पंचायतन अर्थात हमें गणपति, शिव ,विष्णु ,सूर्य एवं दुर्गा की पूजा करनी चाहिए। डॉ. राघवेंद्र प्रताप मिश्र ने कार्यक्रम की प्रस्तावाकी रखते हुए कहा कि आचार्य शंकर 'मैं कौन हूँ' इस सवाल से टकराते हैं। आचार्य शंकर वेद एवं उपनिषद के पोषक हैं। शंकराचार्य ने भारतीय दर्शन को अद्वितीय ऊंचाई प्रदान की। अध्यक्षीय उदबोधन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनोद मोहन मिश्र ने शंकराचार्य के महत्व पर विचार व्यक्त किया। स्वागत भाषण और आभार ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक डॉ गौरव तिवारी ने किया। संचालन डॉ सौरभ द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम का आरंभ शंकराचार्य विरचित निर्वाण षट्कम के पाठ से हुआ, जिसे गार्गी मिश्र ने प्रस्तुत किया। इसके बाद भारतीय भाषा समिति के अध्यक्ष चमू कृष्ण शास्त्री के वीडियो संदेश का प्रसारण हुआ।

श्रमिक सुविधा केंद्र द्वारा आयोजित श्रमिक एचआरडी का दो दिवसीय लीडरशिप प्रशिक्षण हुआ संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पडरौना कुशीनगर। पडरौना नगर स्थित एक होटल सभागार में श्रमिक सुविधा केंद्र के तत्वावधान में असंगठित क्षेत्र के श्रमिक एचआरडी का नेतृत्व विकास पर दो दिवसीय 19 व 20 मार्च को प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जो बुधवार को संपन्न हुआ। विदित हो कि जनपद में एक्शन एड एसोसिएशन द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के जागरूकता के लिए श्रमिक सुविधा केंद्र का संचालन किया जा रहा है। श्रमिकों के नेतृत्व एवम क्षमता विकास प्रशिक्षण में श्रमिक सुविधा केंद्र कुशीनगर समन्वयक रामवृक्ष गिरि ने कहा कि व्यक्तित्व निर्माण से नेतृत्व का विकास होता है। प्रशिक्षक शारिक अंसारी ने श्रमिक एचआरडी को लीडर कौन है, उसके गुण क्या क्या हैं, उसके मूल्य क्या क्या हैं, लीडर अपने बात और सुझाव को किस तरीके से रखें, अपने समस्या की पहचान कैसे करें, परिवार समाज और देश निर्माण, सामाजिक और सांस्कृतिक न्याय में लीडर की भूमिका क्या होता है आदि जैसे विषयों पर चर्चा किया गया। बैठक में पडरौना, दुदही, कसया, रामकोला और विशुनपुरा ब्लॉक से 70 से ज्यादा संख्या में व्यक्तियों ने भागीदारी किया। इस अवसर पर एचआरडी सकीना खातून,राजू प्रसाद, सामुदायिक कार्यकर्ता दिनेश प्रसाद, रामबहाल सिंह, सुनैनी देवी, सावित्री देवी, रम्भा देवी, आनंद खरवार, गोपाल कुशवाहा, चौथी प्रसाद, नम्रता देवी, नजमून निशा, रूकसाना खातून, जुबैदा, सलमा, मैनेजर प्रसाद, सुगम दुबे, चंद्रावती देवी, जालंधर, मुन्ना, उमेश, परदेशी आदि उपस्थित रहे।

सर्राफा व्यापारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर । सर्राफा एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष पप्पन रस्तोगी के नेतृत्व में सभी सर्राफा व्यापारियों ने अपनी अपनी दुकान आज बंद रखी उन्होंने बताया कि आनंद स्वरूप रस्तोगी पुत्र स्वर्गीय शिव शंकर लाल रस्तोगी निवासी लाठी मोहाल छिकन टोला में ज्वेलरी की दुकान है दुकान पर दिनांक 17 मार्च को समय 11:50 पर नौशाद अहमद एवं अल्ताफ अहमद पुत्र अब्दुल मजीद निवासी अबू नगर दुकान पर आकर अपना गिरवी रखा सामान के संबंध में लेनदेन में वार्ता होते-होते वाद विवाद पैसों के लेनदेन में गाली गलौज वह सर कलम करने की धमकी देकर कहा कि वह पूरे परिवार को खत्म कर देगा पप्पन रस्तोगी ने आज सभी सर्राफा व्यापारियों ने अपनी अपनी दुकान बंद करके विरोध प्रदर्शन किया और पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पर सौंपते हुए मांग किया कि कोतवाली पुलिस को निर्देशित कर आरोपियों को यथाशीघ्र गिरफ्तार कराया जाए नहीं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा इस मौके पर सोनू गुप्ता मा रस्तोगी रवि गुप्ता दिनेश सोनी बृजेश सोनी संजय गुप्ता राजा रस्तोगी राजेंद्र सराफा साकेत गुप्ता गोपाल दीक्षित उत्तम रस्तोगी भोला रस्तोगी शिवाकांत सहित सर्राफा व्यापारी मौजूद रहे ।

अध्यक्ष प्रतिनिधि की उपस्थिति में निकाल गया श्री खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पडरौना कुशीनगर। पडरौना नगर पालिका परिषद के पडरौना नगर में श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा आयोजित श्री खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा पडरौना नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विनय जायसवाल के प्रतिनिधि मनीष जायसवाल बुलबुल उपस्थिति मे श्री श्याम मंदिर से निकाली गई। इस दौरान यात्रा गणेश मंदिर चौराहा होते हुए साहबगंज बावली चौक रामकोला रोड सुभाष चौक कोतवाली रोड जलकल रोड तिलक चौक मेन रोड होते हुए पुनः श्री श्याम जी के मंदिर पर आकर यात्रा का समापन हुआ। मीनू जिंदल लक्ष्मी बागड़िया संजय टिंबरेवाल सतीश जिंदल विक्रम अग्रवाल भास्कर अग्रवाल प्रिंस अग्रवाल अंकुर अग्रवाल नलिन अग्रवाल आलोक अग्रवाल गौरव अग्रवाल रजत अग्रवाल संदीप अग्रवाल संतोष अग्रवाल अन्नु अग्रवाल रस्मी टिबरेवाल संगीता अग्रवाल नीलम रूंगटा दिव्या बागड़िया नीतू खेतान खुसबू अग्रवाल पल्लवी अग्रवाल प्रियंका बागड़िया प्रिया टिबरेवाल आदि काफी संख्या में सम्मानित भक्त जनों के साथ निशान यात्रा में लोग उपस्थित रहे।

संत विवेकानंद ग्रुप विद्यालय में मनाया गया विश्व गौरैया दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मैनपुरी । जिला मैनपुरी के थाना करहल क्षेत्र में संत विवेकानंद ग्रुप के सभी विद्यालयों में विश्व गौरैया दिवस मनाया गया इस मौके पर विद्यालय के निदेशक डॉक्टर जेपी यादव ने अध्यापकों को विधालय में निर्मित घोसला वितरित किए । उन्होंने कहा गौरैया हमारे जीवन के लिए बहुत ही आवश्यक है गौरैया इको फ्रेंडली पक्षी है गौरैया के ना रहने से हमें पता चलता है कि अब हमारा वातावरण संतुलित नहीं है गौरैया जब से मनुष्य पैदा हुआ है तब से मनुष्य के साथ ही उनके घरों में झोपड़ी में रह रही है इसे बचाने के लिए सबसे पहले फ्रांस में एक फाउंडेशन बना उस फाउंडेशन ने पूरे देश में घूम-घूम कर गौरैया को बचाने के लिए प्रयास किया इसके बाद हमारे भारत देश में भी महाराष्ट्र के नासिक के रहने वाले मोहम्मद दिलावर ने एक संगठन बनाया जो गौरैया बचाने का प्रयास कर रहा है गौरैया कीट पतंगे, घास, कोपले ,पड़े हुए अनाज आदि को खाती है और जो कीट पतंगे हमारी फसल को नुकसान करते हैं उन्हें वह खत्म करती है इसके अलावा मच्छर जनित बीमारियों से बचने के लिए मच्छर से पैदा हुआ लार्वा भी खाती है इसलिए हमें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बहुत फायदा करती है यदि हमें स्वस्थ रहना है तो गौरैया को बचाना होगा यह दिवस सन 2010 से अब तक पूरे विश्व में विश्व गौरैया दिवस के रूप में मनाया जा रहा है गौरैया को चीन में खत्म किया गयाउसके बाद वहां पर बहुत सारी मच्छर जनित और अन्य कीट जनित बीमारियां फैली बाद में पता चला यह सब गौरैया ना रहने के कारण हुआ है गौरैया एक बहुत ही सीधा-साधा पक्षी है जो हमें किसी तरह नुकसान नहीं पहुंचता है यह घरों में रह सकता है अब हमारे घर पक्के हो गए हैं कांच लग गए हैं खिड़कियां लग गई हैं इस कारण गौरैया नहीं रह पा रही है लेकिन यदि हम लोग प्रयास करें घर में डिब्बों , गत्तों से और लकड़ी के घोसले यदि हम अपने घरों के आसपास सुरक्षित स्थान पर टांग दें तो उसमें गौरैया अपना आशियाना बना सकती है ऐसा इटावा में डॉक्टर सुनीता और डॉक्टर नरेश ने अपने पक्के घर में घोसला लगाकरकिया है।

सहोदया स्कूल ग्रुप फतेहपुर की नयी कार्यकारिणी का हुआ गठन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त विद्यालयों का संगठन जिसकी एक बैठक महर्षि विद्या मन्दिर सी0 से0 स्कूल फतेहपुर परिसर में आज दिनाँक 20.03.2024 को हुयी। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री प्रमोद कुमार त्रिपाठी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर चयनित किया गया। वहीं श्री नितिन तिवारी प्रधानाचार्य सी पी यस बिंदीकी को सचिव तथा मदर सुहाग एजुकेशन सेन्टर के प्रधानाचार्य श्री डी.के. श्रीवास्तव व डॉ0 वीरेन्द्र स्वरूप पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमति उर्मिला शर्मा को संयुक्त रूप से समन्वयक पद पर चयनित किया गया। सेन्ट मेरी स्कूल फतेहपुर की प्रधानाचार्या मिस नीना जैकब को मेन्टर नामित किया गया। इस अवसर पर सचिव श्री नितिन तिवारी जी ने पूरे वर्ष आयोजित होने वाली अन्तरविद्यालय गतिविधियों व कार्यकमों की रूप रेखा प्रस्तुत की। नव निर्वाचित अध्यक्ष ने सी.बी. एस.ई. से सम्बन्धित महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। सभी उपस्थित प्रधानाचार्यों ने प्रस्तुत प्रस्तावों का अनुमोदन किया। सहोदया अध्यक्ष ने सभी प्रधानाचार्यों को सहोदया का सदस्यता प्रमाण-पत्र एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित होने वाली महर्षि विद्या मन्दिर विद्यालय समूह की पत्रिका (ज्ञान) की प्रतियाँ भेंट की। उपस्थित विद्यालयों में चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ0 पदमालया दास चौधरी, सेन्ट जेवियर्स हाईस्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती प्रियंका गुप्ता नूरूल हुदा स्कूल के प्रधानाचार्य श्री अरविन्द सिंह, सन्दीपनी स्कूल के प्रधानाचार्य श्री जे.के. सिंह, ग्लोबल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य श्री प्रखर शुक्ला, आर. जी. चिल्ड्रेन स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती सुनीता गुप्ता सागर कान्वेन्ट स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती शोभना मिश्रा पुलिस मार्डन स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा तिवारी, उमेश योगेश पब्लिक स्कूल खागा के प्रधानाचार्य श्री अमित मिश्रा एवं ए0पी0एस0 खागा के प्रधानाचार्य श्री राहुल सिंह आदि उपस्थित रहे।

जन-जन के आराध्य ने रंगभरनी एकादशी पर सोने-चांदी की पिचकारी से खेली होली

मथुरा। वृंदावन में विश्व प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में होली की मस्ती भक्तों के सिर चढ़कर बोल रही है। रंगभरनी एकादशी पर बुधवार को श्रीबांकेबिहारी मंदिर में ठाकुरजी सोने-चाँदी की पिचकारी से होली खेल रहे हैं। ठाकुर जी के रंग में सराबोर होने के लिए हर कोई बेताब नजर आ रहा है। देश-विदेश से आए श्रद्धालु होली के रंग में सराबोर दिखाई दे रहे हैं। आराध्य बांकेबिहारी के प्रसादी रंग में सराबोर होकर भक्तों ने होली का जो धमाल मचाया मानो पूरी दुनियाभर की होली का आनंद केवल बांकेबिहारी के आंगन में ही आता दिखाई दे रहा है। पूरे दिन जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार पांडेय ने निरीक्षण कर श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखा। इस बीच दोपहर पहुंची एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ ने परिक्रमा मार्ग का जायजा भी लिया। रंगभरनी एकादशी पर श्री बांके बिहारी गर्भगृह से बाहर जगमोहन में आए और चांदी के सिंहासन पर होकर अपने भक्तों के संग सोने-चांदी की पिचकारी से होली खेली। गोस्वामियों ने ठाकुरजी को केसर, इत्र, चोबा, गुलाल और टेसू के रंग सेवित किए। इसके बाद टेसू के फूलों से बना रंग सेवायतों ने पिचकारी और टोकनाओं से श्रद्धालुओं पर बरसाया। गेंदा, गुलाब के फूल बरसाए गए। मंदिर के प्रवेश मार्गों पर पुलिस रोक-रोक कर श्रद्धालुओं को मंदिर की ओर भेज रही है ताकि मंदिर और गलियों में श्रद्धालुओं की स्थिति सामान्य बनी रहे। श्रद्धालु सहज ही बांके बिहारी के दर्शन करने के लिए मंदिर पहुंच रहे हैं। इसी प्रकार राधावल्लभ मंदिर, राधादामोदर मंदिर और ठाकुर राधारमण मंदिर में भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन करने पहुंचे। इन मंदिरों में भी सेवायत गोस्वामी श्रद्धालुओं पर गुलाल बरसा रहे हैं। गौरतलब है कि इस बार मथुरा मुंसिफ कोर्ट न्यायालय द्वारा दर्शनार्थियों पर बांकेबिहारी मंदिर में गुलाल, रंग, फायर ब्रिग्रेड सिलेंडर ले जाने पर रोक लगा दी है। अपने आराध्य संग होली खेलने के लिए लाखों श्रद्धालु वृंदावन पहुंचे हैं। इस मौके पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचने के लिए श्रद्धालुओं को रोक- रोक कर मंदिर की ओर भेजा जा रहा है। मंदिर सेवायत शुभम गोस्वामी ने बताया कि रंगभरनी एकादशी होली के समय में सबसे महत्वपूर्ण एकादशी मानी जाती है, इस दिन लाखों की संख्या में भक्त वृंदावन की परिक्रमा करते हैं, इसके अलावा बांकेबिहारी मंदिर में इसी दिन भगवान अपने गर्भगृह से निकल कर जगमोहन में आकर भक्तों को दर्शन देते हैं।

आकाशीय बिजली गिरने से 55 वर्षीय किसान की मौत

कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बुधवार को खराब मौसम को देखकर खेत में काम करने गए किसान के ऊपर आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। तेज गरज के साथ बारिश शुरू हो गई। किसान जब तक बचने की कोशिश करता उससे पहले आकाशीय बिजली उसके ऊपर कहर बनकर टूट गई। बिजली से झुलसने की वजह से उसकी मौत हो गई। रामकोला थाना क्षेत्र के टेकुआटार में बारिश के बीच बुधवार को बिजली गिरने से खेत में काम कर रहे किसान की मौत हो गई। टेकुआटार के अंधियारा टोला का रहने वाले 55 वर्षीय किसान राकेश खरवार मौसम खराब होता देख सुबह आठ बजे ही खेत पहुंच गए और सरसों की फसल काटने लगे। इसी बीच वर्षा के बीच तेज चमक के साथ बिजली गिरी और गंभीर रूप से झुलस गए। स्वजन रामकोला उच्चीकृत स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। राकेश की मौत से घर में चीख पुकार मच गई। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। स्थानीय पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

महिला की पिटाई का वीडियो वायरल, केस दर्ज

कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता । तमकुहीराज थाना क्षेत्र के गंगुआ बाजार में दवा लेने आई एक महिला के साथ कुछ अराजक तत्वो ने मारपीट किया।महिला की पिटाई का वीडियो बनाकर मंगलवार की रात किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल हो कर दिया।वीडियो सज्ञान में आते ही हरकत में आई पुलिस ने तीन नामजद लोगो के विरूद्ध सुसंगत धाराओ में केस दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि मंगलवार की शाम को उपेन्द्र पाण्डेय की पुत्री सरिता तिवारी गंगुआ बाजार में दवा लेने आई थी।इसी दौरान वहा पर पहले से मौजूद कुछ लोगो ने सरिता की पिटाई शुरू कर दिया।वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा है कि पिटाई के दौरान महिला भाग रही है और आरोपी दौड़ा-दौड़ाकर उसकी पिटाई कर रहे है। इस संबंध में एसएचओ तमकुहीराज अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर तीन लोगो के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया गया है।

होलिया में उड़े रे गुलाल कहियों रे मंगेतर से...रंग एकादशी पर मनमोहक झांकियों संग निकली शोभायात्रा

मुरादाबाद । रंग एकादशी पर होली समिति के तत्वावधान में बुधवार को महानगर के मोहल्ला बाजीगरान स्थित खत्री धर्मशाला से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ समिति के पदाधिकारियों ने पूजन कर एवं नारियल फोड़ कर किया। इसमें शामिल झांकियां लोगों का मन मोहती रहीं। ढोल नगाड़ों की थाप पर लोग होली के उल्लास में झूमते रहे। जयकारों के साथ आगे बढ़ी शोभायात्रा तो डीजे से 'होलिया में उड़े रे गुलाल कहियों रे मंगेतर से..' और 'होली खेल रहे नंदलाल वृंदावन कुंज की गलियों में ..'तथा 'हाथों में रंग गुलाल मोहन रंग दे राधा के गाल...' होली गीत संग हुरियारों ने वातावरण पूरी तरह होलीमय हो गया। भगवान गणेश की झांकी की अगुआई में शोभायात्रा आगे बढ़ी तो राम दरबार,शंकर-पार्वती और राधा कृष्ण सहित आठों झांकियां लोगों का मन मोहती रहीं। बग्गी पर संस्थापक विशंभर नाथ का चित्र विराजमान रहा। शोभायात्रा पान दरीबा, मंडी चौक, अमरोहा गेट, चौमुखापुल,बाजार गंज, कोर्ट रोड, ताड़ीखाना, बुधबाजार होते हुए बुध बाजार पुलिस चौकी पहुंच कर संपन्न हुई। शोभा यात्रा पर मार्ग में अबीर गुलाल के रंगों और फूलों की वर्षा की गई।

प्रियंका चोपड़ा ने पति निक जोनस और बेटी मालती के साथ किए रामलला के दर्शन

अयोध्या। फिल्म अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने पति निक जोनस और बेटी मालती के साथ बुधवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के दर्शन किये। इस अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र और पुजारी ने रामनामी पहनाकर उनका स्वागत किया। प्रियंका, बेटी मालती और पति के साथ अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतरीं। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। फैन्स में उनकी एक झलक पाने को बेकरारी भी दिखी और जय श्री राम के नारे भी लगाए। निक जोनस ने सफ़ेद रंग का कुर्ता-पायजामा पहना हुआ था। प्रियंका पीले रंग की साड़ी में नजर आईं।

लोकसभा चुनाव : उम्मीदवारों द्वारा चुनाव खर्च के लिए खोला जाएगा अलग बैंक खाता : दीपक मीणा

मेरठ। जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि उम्मीदवारों को अपने चुनाव खर्च के लिए अलग से बैंक खाता खोलना होगा। चुनाव आयोग के निर्देश पर एलडीएम केनरा बैंक को इसके लिए पत्र भेज दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा चुनाव खर्च को लेकर दिए दिशा-निर्देशों के अनुसार ही उम्मीदवारों को चुनाव खर्च का ब्यौरा देना होगा।

स्थापित प्रतिमा में नगर टोली के साथ माल्यार्पण कर श्रद्धां सुमन अर्पित किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर । भारतीय जनता पार्टी वीरांगना अवंती बाई लोधी जी के, बलिदान दिवस के अवसर पर उनकी सिविल लाइन स्थित अवंती बाई चौराहे में स्थापित प्रतिमा में नगर टोली के साथ माल्यार्पण कर श्रद्धां सुमन अर्पित किया माल्यार्पण के बाद वीरांगना अवंती बाई लोधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा करते हुए नगर अध्यक्ष धनंजय द्विवेदी ने बताया कि वीरांगना ने रानी दुर्गावती का अनुसरण करते हुए अंग्रेजों से युद्ध करते-करते अपने आप को दुश्मन से घिरा देखकर अपने ही अंगरक्षक की तलवार लेकर अपने सीने मे भोंक लिया एवं देश के लिए बलिदान हो गई 20 मार्च 1858 को हुवे रानी के बलिदान के पूर्व 1857 की क्रांति की प्रमुख सूत्रधार भी रानी रही इस अवसर पर प्रदीप सिंह जी राजेंद्र सिंह राजू पुत्तू लाल श्याम सिंह विनोद सिंह चंदेल बलराम सिंह लोधी अंशु सिंह सिंगर दीपक वाल्मीकि, श्री राम लोधी लालजी यादव विकेश श्रीवास्तव सर्वेश श्रीवास्तव राहुल वर्मा किशन शुक्ला पंकज मिश्रा, अंकित सिंह लोधी जय सिंह लोधी रवि लोधी छोटेलाल प्रजापति अजय यादव प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

चार सौ पचास विद्यालयों में स्मार्ट क्लास से छात्र होंगे निपुण : बीएसए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर जनपद के मलवां विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय शिवराजपुर द्वितीय में वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव नें सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर छात्रों द्वारा देश प्रेम गीत, स्वागत गीत, प्रस्तुत की गई सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखा। विद्यालय की प्रधानाचार्या लीना साहू द्वारा स्मृति चिन्ह पुष्प गुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया गया। कक्षा 5 के उत्तीर्ण छात्रों के साथ विद्यालय के द्वारा नित नए प्रयास से नवोदय विद्यालय, आश्रम पद्धति विद्यालय एवं प्रदेश के उच्च विद्यालय में सुमार शिवनादर विद्यालय में प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से चयनित छात्रों एवं निपुण छात्रों को पुरस्कृत करते हुए छात्रों की हौसल अफजाई बीएसए द्वारा की गई। विद्यालय स्टाफ के समस्त अध्यापकों के कार्यों पर हर्ष जताते हुए मध्यान्ह भोजन तैयार करने वाली रसोइयों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। संबोधन के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा मालवा ब्लॉक में कम शिकायतों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यालय परिवार की रुचि बच्चों में कल्चरल व्यवस्था को अच्छी पहल बताते हुए हर्ष व्यक्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक निखार के साथ प्रदेश के उच्च विद्यालय सुमार शिवनादर विद्यालय में प्रतिभा करने वाले छात्रों का चयन होना विद्यालय के लिए उपलब्धि है। अच्छे काम से ही सुखद अनुभूति मिलती है। शिक्षकों के ईमानदारी से काम करने से ही सामाजिक परिवर्तन आएगा। तभी उद्देश्य पूरा होगा आत्म अवलोकन कर शिक्षक बच्चों के लिए काम करेंगे तो सुखद अनुभूति मिलेगी समाज के प्रति जवाब देय है। समाज में विद्या दान से बेहतर कुछ नहीं गर्व होता है जब अच्छे स्कूलों पहुंचने पर सांस्कृतिक कल्चरल के साथ सामाजिक कार्यों में विद्यालय परिवार व छात्रों की रुचि से ही प्रतिभा का निखार होगा। इस मौके पर उपस्थित सभी शिक्षकों को निपुण शिक्षा एवं विद्यालय के हित में हर संभव मदद का आश्वासन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा दिया गया। छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रतिभा करने वाले चयनित छात्रों के साथ सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी के साथ फोटो खिंचवाई। इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व प्रधान सूर्यपाल यादव, रामदास प्रधान अभयपुर ओम नारायण आशापुर प्रधान, सुरेंद्र सिंह गौतम शिक्षक आरपी सुनील तिवारी, प्रधानाचार्य लीना साहू, नीरजा, ममता, जनार्दन विद्यालय की समस्त रसोइया सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं न्यायपंचायत के समस्त शिक्षक रहे मौजूद।

जिलाधिकारी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

अराजकता फैलाने पर होगी कानूनी कार्यवाहीः डीएम

जिलाधिकारी ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को लेकर प्रशासन सतर्क है। उन्होंने संभ्रांत लोगों से कहा कि वह लोकसभा चुनाव में सभी लोग शतप्रतिशत अपने मताधिकार का प्रयोग करें। अफवाह को लेकर सावधान रहें। ग्रामीणों से कहा कि शांतिपूर्ण मतदान प्रशासन के साथ ही आपकी भी जिम्मेदारी हैं। इसलिए सहयोग करें और किसी भी गड़बड़ी की जानकारी हो तो तत्काल प्रशासन को अवगत कराए।आपका नाम पता गोपनीय रखा जाएगा।अराजकता फैलाने की कोशिश करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे।

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न करने के लिए जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने विधानसभा मनकापुर के अंतर्गत आने वाले कई मतदान केदो का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। जिलाधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय कहोबा,प्राथमिक विद्यालय सोहास, जूनियर हाई स्कूल महेवा गोपाल, प्राथमिक विद्यालय वीरेपुर पूर्वी भाग, प्राथमिक विद्यालय वीरेपुर पश्चिमी भाग तथा प्राथमिक विद्यालय जोगापुर का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बूथों में मूलभूत सुविधाओं बिजली, शुद्ध पेयजल, शौचालय, रैम्प,साफ-सफाई, छाया व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। उनके द्वारा विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों से भी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली गई।निरीक्षण के दौरान तहसीलदार मनकापुर सत्यपाल सिंह,नायब तहसीलदार मनकापुर संबंधित बीएलओ सहित सभी संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

लोकसभा सीट पर जीत की हैट्रिक की तैयारी में जुटी भाजपा,गठबंधन के दम पर सपा ने भी बिछाई बिसात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। लोकसभा सीट से भाजपा ने एक बार फिर से कीर्तिवर्धन सिंह पर भरोसा जताया है।भाजपा यहां से लगातार दो बार जीत चुकी है।वहीं सपा ने कांग्रेस के साथ गठबंधन कर श्रेया वर्मा को प्रत्याशी घोषित किया बसपा ने अब तक प्रत्याशी घोषित नहीं किया है।माना जा रहा है कि कुछ दिनों में बसपा अपना प्रत्याशी घोषित कर देगी।

लोकसभा चुनावों की घोषणा होने के साथ ही सियासी सरगर्मी चरम पर पहुंचने लगी है।गोण्डा में लगातार दो बार जीत के बाद हैट्रिक की तैयारी में जुटी भाजपा को रोकने की चुनौती सपा और बसपा के सामने है।गठबंधन के कारण सपा प्रत्याशी को जिताने के लिए कांग्रेस दम लगा रही है।अभी तक टिकट को लेकर स्थिति स्पष्ट न होने के बावजूद बसपा जीत का खाता खोलने के लिए आजमाइश कर रही है।2014 और 2019 में भी भाजपा के प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह ने जीत हासिल की।2024 में भाजपा ने एक बार फिर से कीर्तिवर्धन सिंह पर भरोसा जताते हुए प्रत्याशी बनाया है।वहीं सपा ने कांग्रेस के साथ गठबंधन कर पूर्व मंत्री स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा कि पौत्री को प्रत्याशी घोषित किया है।बसपा ने अब तक प्रत्याशी घोषित नहीं किया है।

माना जा रहा है कि कुछ दिनों में बसपा अपना प्रत्याशी घोषित कर देगी।सूत्र बता रहे है कि टिकट के लिए कई आवेदन बसपा को मिले हैं।बसपा को अब तक गोण्डा में लोकसभा चुनाव में जीत हासिल नहीं हुई है।राममंदिर और विकास कार्यों के दावे के साथ हर वर्ग पर भाजपा का दावा ठाकुर,ब्राह्मण और वैश्य जाति, बिरादरी के वोट के साथ ओबीसी और अनुसूचित जाति के वोटों पर भाजपा की नजर है।भाजपा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना,आयुष्मान योजना,आवास योजना आदि के जरिये मुस्लिम मतदाताओं को भी रिझाने का प्रयास कर रही है।पिछले चुनाव में बसपा से गठबंधन के बावजूद सपा प्रत्याशी को लाखो से ज्यादा वोट से हार झेलनी पड़ी थी।मुस्लिम यादव और ओबीसी,अनुसूचित जाति के वोट का भरोसा काम नहीं आया था।इस बार सपा ने श्रेया वर्मा को प्रत्याशी बनाया है।कांग्रेस से गठबंधन के कारण सपा करीब मुस्लिम मतदाताओं के अपने पक्ष में होने का दावा कर रहे है।

जिले में नहीं रुक रहा अपराध दबंगों ने एक युवक को दी तालिबानी सजा,पेड़ से बांधकर बेरहमी से पीटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले के इटिया थोक थाना क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों द्वारा युवक को पेड़ से बांधकर तालिबानी सजा दी गई।

इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पीड़ित युवक का आरोप है कि उसे पेड़ से बांधकर कड़ी यातना दी गई। वहीं कुछ लोग मोबाइल से वीडियो व तस्वीर भी बनाते रहे, लेकिन कोई बचाने नहीं आया।पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।मिली जानकारी के मुताबिक मामला इटियाथोक थाना क्षेत्र के गांव सेखुई से जुड़ा है। यहां के रहने वाले अनिल कुमार पुत्र खेमराज का गांव के ही कुछ लोगों के साथ पुराना विवाद है।आरोप है कि इसी बात को लेकर गांव के राम केवल,अखिलेश, दुर्गेश, रामविलास,रज्जन आदि ने अनिल को तालिबानी सजा देने की ठान ली।बताया जाता है कि मंगलवार की सुबह जब अनिल नित्य क्रिया के लिए घर से बाहर गया था तभी आरोपियों ने मिलकर अनिल को आम के पेंड़ में रस्सी से बांधकर उसे घोर यातनाएं देने के साथ लाठी-डंडे से जमकर पिटाई की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी का कहना है कि आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की कार्यवाही की जा रही है। दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और अन्य की तलाश जारी है।

रायबरेली के प्राथमिक विद्यालय में छात्र का झाड़ू लगाते हुए वीडियो हुआ वायरल

जनपद रायबरेली के सरेनी विकासखंड के पूरे बचरी का पुरवा गांव का मामला बताया जा रहा हैं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। उत्तर प्रदेश सरकार लगातार कार्यशैली पर उठे सवाल अलग ही सरकार लगातार दावा करती है कि विद्यालय में छात्रों को शिक्षा की बेहतर से बेहतर व्यवस्था दी जाएगी ताकि देश विकास और मजबूती की ओर ले जा सके लेकिन शिक्षक के तानाशाही रवैया सेस्पष्ट हो गया है की प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को शिक्षा नहीं बल्कि सेवा के लिए रखा जाता है इस तस्वीर को देखकर साफ-साफ अंदाजा लगाया जा सकता है यह छोटी सी बच्ची से किस तरीके से झाड़ू पोछा सफाई का काम करवाया जा रहा है। संबंधित अधिकारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है दोषियों पर फौरन कार्रवाई की जाएगी।

जबकि प्राथमिक विद्यालय में पर्याप्त स्टाफ सरकार द्वारा नियुक्त किए जाते हैं लेकिन बावजूद भी शिक्षक व जिम्मेदार अधिकारी सरकार की तोहीन करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं ।

जमींनी विवाद में दंबगो ने महिला समेत परिजनो की की पिटाई

सुलतानपुर। थाना क्षेत्र बल्दीराय अंतर्गत दबंगो ने महिला समेत उसके पुत्र पुत्री की पिटाई कर दी। मामला स्थानीय थाने पहुंचा तो पुलिस एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए पीड़ित महिला का चालान कर दिया पीडित महिला अब न्याय पाने के लिए जिलाधिकारी दरवाजा खटखटाया है।मामला थाना बल्दीराय के ग्राम वन झोलिय मजरे बहुरांवा का है पीडित महिला केशपती ने दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उच्च न्याय के आदेश पर उसके आवासीय पट्टे की जमीन की पैमाईश हुई थी जिससे गांव के विपक्षी लहुरी दिलीप आदि लोग अपने परिवार के साथ पीडित महिला समेत उसके पुत्र पुत्री के साथ मारपीट की दबगो ने पीडित महिला के पुत्र को मारा पीटा जिससे उसे चोटे आई है। पीडित महिला स्थानीय थाने में जाकर न्याय की गुहार की।

पांच अभियुक्त गांजा व अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार

गोण्डा। दस किलो छह सौ ग्राम गांजा व तीन अदद देशी अवैध 32 बोर तमंचा दो जिन्दा कारतूत के साथ पांच अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से पुलिस ने बरामद किए हैं।पुलिस ने पांचो आरोपितों को जेल भेज दिया है।मनकापुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि उपनिरीक्षक अखिलेश राही उनकी टीम ने क्षेत्र रेलवे क्रासिंग के पश्चिम बन्दरहा गिलुवा गाँव के मोड़ के पास से नसीम उर्फ वसीम कुरैशी,मो.तौसीम उर्फ काला,लड्डन, नवाब अली व दानिश को गिरफ्तार कर उनके उनके कब्जे से दस किलो छह सौ ग्राम अवैध गांजा,तीन अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व एक अदद अवैध तमंचा 32 बोर मय दो जीवित कारतूस 32 बोर बरामद किया गया,अभियुक्तों से पूछताछ के दौरान बताया है कि इन लोगो का एक संगठित गिरोह है जो आर्थिक लाभ कमाने के लिए कपड़े की फ़ेरी करने की आड़ में अवैध गाँजा इधर उधर बेचते है।उक्त अभियुक्तों के विरूद्ध पूर्व में गैगेस्टर,चोरी,जालसाजी,जानलेवा हमला, गोवध अधिनियम अवैध शस्त्र,अवैध शराब,जुआ आदि गम्भीर धाराओं में विभिन्न जनपदो में अभियोग पंजीकृत है।

घाघरा नदी के कछार में स्थित मतदान केन्द्रों का डीएम ने किया भ्रमण

अबकी बार 60 प्रतिशत के पार संकल्प के साथ मतदान करने का किया आह्वान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने तहसील कैसरगंज के सर्वाधिक दुरूह मतदान केन्द्रों गोड़हिया नं. 3 के मतदान केन्द्र प्राथमिक विद्यालय नई आबादी गजराज सिंहपुरवा व कम्पोज़िट विद्यालय लखनपुरवा तथा गोड़हिया नं. 2 का मतदान केन्द्र संविलियन विद्यालय मंगल मेला का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायज़ा लिया। मतदान केन्द्रों के भ्रमण के दौरान डीएम ने पोलिंग स्टेशनों से सम्बन्धित मतदाताओं से मुलाकात कर इस बात की जानकारी प्राप्त की कि उन्हें मतदान करने में किसी प्रकार की कहीं कोई दिक्कत तो नहीं है।

निरीक्षण के समय मौजूद लोगों को डीएम ने मतदाता शपथ दिलायी। इस अवसर पर डीएम ने मतदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मौजूद महिला, पुरूष एवं युवाओं से अपील की कि मतदान दिवस के दिन अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

डीएम मोनिका रानी ने मतदान केन्द्र के निरीक्षण के दौरान दिव्यांग मतदाता सुमित्रा, युवा मतदाता रेनू तथा वृद्ध महिलाओं एवं पुरूष मतदाताओं से अपील की कि आप लोग ग्रामवासियों को प्रेरित करें कि वे अनिवार्य रूप से मतदान अवश्य करें। डीएम ने ग्रामवासियों से कहा कि मतदान के दिन निर्भय होकर वोट देने ज़रूर जाएं। डीएम ने लोगों से अपील की कि यदि कोई व्यक्ति शराब, रिश्वत या ज़ोर ज़बरदस्ती करके किसी के पक्ष में अथवा विरोध में वोट डालने का प्रयास करता है तो इसकी शिकायत जिम्मेदार अधिकारियों से अवश्य करें। डीएम ने लोगों से कहा कि मतदान दिवस के दिन परिवार के बुज़ुर्ग इस बात का प्रयास करे कि परिवार के सभी सदस्य वोट देने जायें, यदि परिवार में कोई ऐसा सदस्य है जो कि शारीरिक रूप से कमज़ोर है तो परिवार के लोगों को चाहिए मतदान के लिए जाते समय उनकों भी अपने साथ ले जायें।

डीएम ने बूथ लेबिल अधिकारियों व सुपरवाईज़र्स को निर्देश दिया कि डाक विभाग से समन्वय कर मतदाताओं के शत-प्रतिशत मतदाता पहचान पत्रों का वितरण सुनिश्चित कराएं। डीएम ने बीएलओ व सुपरवाईज़र्स को यह भी निर्देश दिया कि मतदान से पूर्व मतदाता पर्ची का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित हो जाय। निरीक्षण के दौरान विगत निर्वाचन में कम मतदान के कारणों की जानकारी करने पर ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि यहां के कुछ मतदाता घाघरा नदी के उस पार आबाद हैं जिस कारण उन्हें आने में कठिनाई होती है। इस स्थिति का कड़ा संज्ञान लेते हुए डीएम ने खण्ड विकास अधिकारी कैसरगंज सत्य प्रकाश पाण्डेय को निर्देश दिया कि मतदान से पूर्व नाव की व्यवस्था करा दें ताकि लोगों को आसानी हो। उन्होंने ग्रामवासियों का आहवान किया कि इस बार 60 प्रतिशत पार के लक्ष्य के साथ मतदान अवश्य करें।

मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान डीएम ने परिषदीय विद्यालयों के पठन-पाठन, भवन, कक्ष-कक्षों, परिसर इत्यादि की साफ-सफाई का जायज़ा लेते हुए बच्चों से पुस्तक को पढ़वाकर शिक्षा की गुणवत्ता को परखा, गुरूजन के समय से स्कूल आने-आने तथा एमडीएम में बनने वाली तरही के स्वाद के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। डीएम ने शिक्षण स्टाफ को निर्देशित किया कि बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ शत-प्रतिशत आधार कार्ड बनवाये तथा बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। डीएम ने बच्चों को नसीहत दी कि मन लगाकर पढ़ाई करें और समाज में ऊंचा मुकाम हासिल कर अपने परिवार का नाम रोशन करें। इस अवसर पर सेक्टर मजिस्ट्रेट वीरेन्द्र नाथ द्विवेदी, खण्ड शिक्षा अधिकारी कैसरगंज जितेन्द्र बहादुर चौधरी तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

फ़ेसबुक पर अवैध तमंचे के साथ एक पोस्ट की फोटो,हो रही वायरल

गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता। सूत्र बता रहे है कि कौड़िया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने अवैध तमंचे के साथ इंटरनेट मीडिया पर फोटो डाल दिया।फ़ेसबुक पर संतोष त्रिवेदी के नाम से चल रहा है,उस फ़ेसबुक पर कई असलहे के साथ फोटो वायरल हो रहा है।वही सूत्र बता रहे है कि युवक के फोटो डालते ही जिले के सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर फोटो वायरल हो रहा है।वही सूत्र बता रहे हैं कि कौड़िया थाने की पुलिस ने युवक को पकड़ कर छोड़ दिया है।वही ज़ब इस मामले में थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी जांच की जा रही है पुलिस को युवक की तलाश के लिए लगाया गया है।



अहंकार ईश्वर का आहार हैः शास्त्री

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।क्षेत्र के गांव सेमरौता में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में कथा व्यास आचार्य गंगा प्रसाद शास्त्री जी महाराज ने कहा कि धर्म की रक्षा और अधर्म के नाश के लिये ईश्वर धरती पर अवतार लेते हैं।घमण्ड ईश्वर का आहार है।घमण्ड ही कंस की मृत्यु का कारण बना कंस को लगा था कि वह विधि के विधान को टाल सकता है लेकिन विधि के विधान को टाला नही जा सकता है। कथा व्यास आचार्य गंगा प्रसाद शास्त्री जी ने कहा कि ईश्वर का आगमन हमारे जीवन के सभी बेड़ियों को काट देता है।भगवान श्रीकृष्ण का जन्म जैसे ही हुआ वैसे ही वसुदेव और देवकी के सारे बंधन अपने आप ही खुल गये।उन्होंने कहा कि जो धर्मात्मा थे उन्हें ईश्वर के आने का आभास हुआ लेकिन जो दुरात्मा और पापी थे वह गहरी निद्रा में लीन हो गये।भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कथा अवसर पर पण्डाल में जमकर हर्ष मनाया गया भगवान की झांकी निकाली गयी और भक्तों ने अपने आराध्य का दर्शन कर कृतार्थ हुये।श्रीमद भागवत कथा में आचार्य गंगा प्रसाद शास्त्री जी ने ब्लाक प्रमुख तिलोई के सुपुत्र अखण्ड प्रताप सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह, सिद्धार्थ सिंह, शिरीष गुप्ता, अमरीश गुप्ता को अंगवस्त्र भेंट किया। यजमान ने बताया कि आगामी बाइस मार्च को विशाल भण्डारा आयोजित किया गया है।इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य कर्ण कुमार बाजपेई, ग्राम प्रधान देवी शरण बाजपेई, विनीत कुमार मिश्रा,गोपी बाजपेई, राजेश पाण्डेय, आशीष मिश्रा, अनुराग शुक्ला, श्याम सुंदर वैश्य, बैजनाथ अग्निहोत्री, जगदीश त्रिवेदी,राम बरन प्रजापति, अरुण कुमार सोनी, निखिल अवस्थी, रवि भूषण शुक्ला, अजीत पाण्डेय,सुमित पाण्डेय सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के साथ वेयरहाउस का किया निरीक्षण उपस्थित रहे कई दलों के नेता

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता।जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने राजनैतिक दलों के जिलाध्यक्षों व पदाधिकारियों के साथ जिला निर्वाचन कार्यालय के परिसर में स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजनैतिक दलों के साथ सील पैक ईवीएम व वीवीपैट मशीनों को बारीकी से देखा।इसके साथ उन्होंने वेयरहाउस में अग्निशमन उपकरणों,पुलिस सुरक्षा एवं सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु पुनिया,भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री लेखराज भारती,बहुजन समाज पार्टी के जिला प्रभारी चन्द्रशेखर आजाद सहित राजनैतिक दलों के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

ईओ व चेयरमैन प्रतिनिधि सहित अन्य के नाजायज उत्पीड़न से निजात दिलाने की गुहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। कर्नलगंज नगर पालिका परिषद में व्याप्त बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार व उससे संबंधित की गई शिकायत की जांच शुरू होने से फर्जीवाड़े का खुलासा होने व अपनी गर्दन फंसने के भय से जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा षड्यंत्र रचकर सफाई कर्मचारियों के माध्यम से बनावटी आरोपों के तहत शिकायत कर्ता को फर्जी मुकदमे में फंसाकर जेल भेजवाने की साजिश रचे जाने से त्रस्त होकर पीड़ित ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी,पुलिस अधीक्षक,उपजिलाधिकारी सहित अन्य उच्चाधिकारियों से करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।मामला नगर पालिका परिषद करनैलगंज क्षेत्र से जुड़ा है।यहाँ के मोहल्ला बालूगंज निवासी पीड़ित शिव शंकर भट्ट ने मुख्यमंत्री, डीएम,एसपी व एसडीएम सहित अन्य उच्चाधिकारियों को भेजे गये पत्र में अवगत कराया है कि उसने व उसके पिता ने नगर पालिका परिषद करनैलगंज मे व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ़ शिकायत की थी,जिस पर ईओ धनुष धारी सिंह, कर्मचारी आशीष सिंह, शिवकुमार



आदि ने उसके साथ अभद्रता की व धनुषधारी सिंह के द्वारा कहा गया कि मेरे पास बहुत से हथकंडे है किसी जमादार से मुकदमा लिखवा दूंगा। साथ ही जान से मरवा देने की भी धमकी दी थी।जिसकी शिकायत पूर्व में उच्चाधिकारियों से व आईजीआरएस के माध्यम से की गई। जिसका प्रकाशन अखबारों में भी हुआ। उसके पिता की शिकायत पर आयुक्त महोदय व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा एक जांच एसडीएम व एंटी फ्राड सेल को सौंपी गई।जिसमें दिनांक 18 मार्च सोमवार को जब चौकी पर जब गया तो पता चला की एक सम्मन एंटी फ्राड सेल से आया है,जिसमें नगर पालिका परिषद के ईओ धनुष धारी सिंह, कर्मचारी फारूक, रहमान का नाम है।इससे खफा होकर अपने भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए चेयरमैन प्रतिनिधि रामजी लाल, ईओ धनुष धारी सिंह व उपरोक्त व्यक्तियों के द्वारा उसका भविष्य खराब करने के लिए व जो भ्रष्टाचार उक्त लोगों ने किया है उसको छुपाने के लिए सफ़ाई कर्मियों के द्वारा स्थानीय चौकी/थाना में फर्जी प्रार्थना पत्र दिलाया गया है। उन्होंने उक्त प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए उच्च स्तरीय निष्पक्ष जाँच कराकर कार्यवाही करने की मांग की है।पीड़ित ने यह भी कहा है कि यदि उसके परिवार के साथ कोई घटना घटित होती है तो उसके जिम्मेदार चेयरमैन प्रतिनिधि राम जी लाल, उनके पुत्र अनोखे लाल,ईओ धनुष धारी सिंह, कर्मचारी आशीष सिंह,शिवकुमार,फारूक,रहमान आदि उपरोक्त लोग होंगे।

गुण्डा एक्ट के तहत 12 अपराधी हुए जिला बदर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

07 व्यक्तियों को 06 माह तक उपस्थिति दर्ज कराने हेतु किया गया पाबन्द

बहराइच । जनपद में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने तथा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी द्वारा 12 अपराधियों के विरूद्ध धारा 3(1) गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 06 माह के लिए जनपद से जिला बदर कर दिया गया है। इसके अलावा 07 व्यक्तियों को अपने सम्बन्धित थानें में 06 माह उपस्थिति दर्ज कराये जाने के आदेश दिये गये हैं।

जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार थाना बौण्डी के ग्राम राजा रेहुवा नि. राजू सिंह पुत्र जगतपाल सिंह, थाना दरगाह शरीफ के मो हमज़ापुरा नि. मंजीत सिंह पुत्र स्व. गुरतेज सिंह, थाना रूपईडीहा के गोविन्दापुर दा. नौव्वागांव नि. पंचरम पुत्र श्यामलाल, पुरानी बाज़ार बाबागंज नि. मो. कैफ पुत्र भोलू हलवाई, थाना कैसरगंज के ग्राम करीम बेहड़ नि. विजय राज वर्मा, राजू उर्फ मनीष तथा कमल कुमार वर्मा पुत्रगण बहादुर वर्मा तथा पवही नि. प्रमोद कुमार पुत्र नन्हे वर्मा, थाना सुजौली के विजय नगर दा. चहलवा नि. अभिमन्यू चौहान पुत्र शिव नरायन, थाना हुजूरपुर के महौली नि. बुद्धीलाल पुत्र इन्द्राज, थाना नवाबगंज के उमरिया नि. कमल उर्फ कोमल पुत्र विनोद, थाना फखरपुर नि. अलादादपुर के दिनेश पुत्र बहादुर को 06 माह के जिला बदर किया गया है।

इसके अलावा थाना पयागपुर के रंजीतनगर मनिकापुर कलां नि. बाबू उर्फ राजीव कुमार पुत्र विजय कुमार, थाना बौण्डी के भदवानी नि. शिव कुमार सिंह पुत्र मास्टर, थाना कोतवाली नगर के मो. नाज़िरपुरा निकट दुलदुल हाउस नि. जीशान अहमद पुत्र अच्छन खां, थाना रूपईडीहा के भटपुरवा दा. निधिपुरवा संकल्पा नि. रंजीत सिंह पुत्र मुन्ना सिंह, थाना कोतवाली मुर्तिहा के अमृतपुर पुरैना नि मनोज कुमार पुत्र स्माकान्त, थाना मोतीपुर के अंगनीगांव दा. परसोहना नि. हासिम पुत्र जमील तथा थाना हुजूरपुर के देवनपुर दा. लौकाही नि. राकेश पाण्डेय पुत्र कृपाल को जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्देश दिया गया है।

पुलिस ने जिला बदर अपराधी को धर दबोचा

जगदीशपर अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।थाना जगदीशपुर पुलिस ने एक जिला बदर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने जिला बदर अपराधी को जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन व तलाश वांछित, वारण्टी के दौरान मुखबिर की सूचना पर जिला बदर अफजाल पुत्र मुस्ताक निवासी निहालपुर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी को उसके घर से समय करीब आठ बजे रात में गिरफ्तार किया गया।

उत्तर मध्य रेलवे की सभी उपलब्धियों का श्रेय रेल कर्मचारियों को : महाप्रबंधक

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में उत्तर मध्य रेलवे मेंस यूनियन (एनसीआरएमयू) के साथ दो दिवसीय स्थायी वार्ता तंत्र की बैठक का शुभारम्भ महाप्रबंधक रविंद्र गोयल की अध्यक्षता में हुआ। एआईआरएफ के महामंत्री एवं मेंस यूनियन के जोनल अध्यक्ष शिव गोपाल मिश्र एवं मेंस यूनियन के जोनल महामंत्री आरडी यादव सहित यूनियन के पूरे जोन से आए पदाधिकारी एवं एनसीआर के प्रमुख विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

कौशल गुप्ता अध्यक्ष और तारिक रजा बने युवा उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के महामंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। युवा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल के निर्देश पर और युवा जिलाध्यक्ष शैली शर्मा के अनुमोदन पर संगठन के *अमरिया तहसील अध्यक्ष कौशल गुप्ता और महामंत्री तारिक़रज़ा* ने भिखारीपुर के प्रमुख व्यापारी और जानेमाने समाजसेवी मो. ताबिश को भिखारीपुर युवा व्यापार मंडल का अध्यक्ष मनोनीत किया है तथा गयास अहमद को भिखारीपुर युवा व्यापार मंडल का महामंत्री मनोनीति किया गया है। तहसील महामंत्री तारिक़ रज़ा ने नव मनोनीत अध्यक्ष मो ताबिशऔर महामंत्री

गयास अहमद को बधाई देते हुए उनसे अपनी पूरी कार्यकारिणी की घोषणा एक सप्ताह में करने हेतु कहा है। दोनों नव मनोनीत पदाधिकारी गण ने दायित्व दिये जाने पर प्रदेश एवं जिला नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए पूर्ण निष्ठा एवं कर्मठता के साथ संगठन का कार्य करने एवं व्यापारी हितों के प्रति सर्वदा समर्पित रहने के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट की है।

इनके मनोनयन पर प्रदेश युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष कपिल अग्रवाल,मुख्य इकाई जिलाध्यक्ष अफरोज जिलानी, प्रदेश मंत्री राजेश अग्रवाल, जिला संरक्षक प्रकाशवीर सिंह, जिला चेयरमैन अनिल महेंद्रू, जिला महामंत्री पंकज अग्रवाल,जिला उपाध्यक्ष तुषार अग्रवाल, प्रेम गोयल,देवेंद्र सिंह,अखिलेश गुप्ता,जिला कोषाध्यक्ष संजय पाण्डेय,महिला व्यापार मंडल प्रदेश उपाध्यक्ष सपना यादव,महिला जिलाध्यक्ष कंचन सक्सेना,महिला जिला महामंत्री शोभिनी सिंह,युवा जिलाध्यक्ष शैली शर्मा, युवा महामंत्री राजन श्रीवास्तव,लघु उद्योग जिलाध्यक्ष नन्द किशोर कश्यप,युवा जिला कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल,अमरिया तहसील अध्यक्ष कौशल गुप्ता, तहसील महामंत्री तारिक़ रज़ा, बीसलपुर तहसील संयोजक अमित अग्रवाल, सह संयोजक नदीम अंसारी, पीलीभीत तहसील संयोजक तनवीर हुसैन, कलीनगर तहसील संयोजक मलकीत सिंह, जिला आईटी एवं सोशल मीडिया प्रभारी गुलशन स्वर्णकार, जिला संगठन मंत्री अनुज खंडेलवाल,

अमरिया अध्यक्ष असगर अली, महामंत्री मदन लाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष इमरान कादरी, युवा अध्यक्ष हिंमांशु गुप्ता, पीलीभीत नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक, मझोला अध्यक्ष अजय गोयल, महामंत्री सलीम इदरीसी, कोषाध्यक्ष रमन भाटिया समेत समस्त व्यापार मंडल परिवार ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की है दोनों नए पदाधिकारी व्यापारियों के हितों का संरक्षण करने का कार्य करेंगे।

होली पर खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। होली के पर्व पर लगातार छापेमारी कर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा संदिग्ध खाद्य सामग्री के नमूने भरे जा रहे हैं। 18 मार्च से चलाये जा रहे विशेष अभियान में अब तक खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा रामगंज और जगदीशपुर से मैदा के दो नमूने लिए गए हैं। मुसाफिरखाना और अमेठी तहसील में खोया भट्ठीयों और कारोबारियों से खोये के चार नमूने लिए गए हैं। गौरीगंज और इन्हौना से बेसन के दो नमूने लिए गए हैं। इसके अलावा एक बर्फी का नमूना सेमरौता से, पनीर का नमूना अहोरवा भवानी से और रंगीन कचरी का नमूना अमेठी से लिया गया है। अमेठी बाजार में ही रंगीन कचरी का नमूना लेते वक़्त एक खाद्य कारोबारी द्वारा कचरी सड़क पर फेंक दी गई, जिसके

विरुद्ध खाद्य सुरक्षा अधिकारी की संस्तुति प्राप्त होने पर क्क्ष्ट्ट थदप् की धारा-62 अंतर्गत कार्यवाही खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा की जाएगी। इसी क्रम में आज भी खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा छापेमारी की गई और रामगंज से गुझिया का एक नमूना और ढेमा बाजार से मिल्क केक का एक नमूना लिया गया है।

टीम मे मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी निर्भय नारायण सिन्हा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रोशन सिंह, रश्मि प्रभा, रमा शंकर पटेल एवं सिद्धार्थ कुमार सम्मिलित हैं।

होली के साथ लोकसभा चुनाव को भी त्यौहार की तरह मनायें : एसडीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शुकुल बाजार अमेठी। आगामी त्यौहार होली, माह ए रमजान एवं लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।बैठक में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही सम्भ्रांत नागरिकों से शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से त्यौहारों को मनाने की अपील की गई।एसडीएम अभिनव कनौजिया ने कहा कि आने वाले दिनों में होली का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं।होली का पर्व आपसी भाई चारे का संदेश देता है इससे लोगों को सीख लेनी चाहिये। सीओ अतुल कुमार सिंह ने कहा कि होली व माह ए रमजान के त्यौहार में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस सतर्क है।पुलिस सभी गतिविधियों पर नजर रखेगी यदि गांव व क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति ने अफवाह फैलाने और अराजकता फैलाने की कोशिश की तो उसके ऊपर कानूनी कार्यवाही की जायेगी।क्षेत्र के गांवों में होलिका दहन का स्थान चिन्हित है वहां लोग उसी स्थान पर होलिका दहन करें।बैठक में थाना प्रभारी तनुज कुमार पाल, उप निरीक्षक वीरेंद्र पाण्डेय, संदीप शुक्ला,राम जी सिंह, रामकरन, सुरेन्द्र पाल, राधाकांत पाण्डेय,सहित कई संभ्रांत व्यक्ति आदि मौजूद रहे।

13 उम्मीदवारों ने खरीदे नामांकन पत्र सुरक्षा की दृष्टि से तैनात रही पुलिस

पीलीभीत।लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जनपद में नामांकन प्रकिया कलेक्टेट परिसर में स्थापित नामांकन कक्ष में प्रारम्भ हुई। जारी अधिसूचना के अनुसार संसदीय क्षेत्र 26 पीलीभीत में मतदान कराये जाने के लिए कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।जिसके अनुसार जनपद पीलीभीत में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए प्रथम चरण हेतु नामांकन 20 से 27.03.2024 तक होगा तथा नामांकन पत्रों की जांच दिनांक 28.03.2024 तथा नाम वापसी की अन्तिम तिथि 30.03.2024 है। जनपद में मतदान दिनांक 19.04.2024 को सम्पन्न होगा। मतगणना दिनांक 04.06.2024को होगी।प्रथम दिन उम्मीदवारों द्वारा अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से नामांकन फार्म प्राप्त किये। आज नामांकन फार्म प्राप्त करने वाले लोक सभा निवार्चन क्षेत्र 26 पीलीभीत से 13 उम्मीदवारों व प्रतिनिधियों के द्वारा नामांकन फार्म प्राप्त किये गये।

सपा जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह यादव ने लखनऊ में सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव से की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पुरनपुर।आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जनपद पीलीभीत के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ लखनऊ में एक मीटिंग की है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखलेश यादव द्वारा 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर जनपद पीलीभीत के समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से लखनऊ में मुलाकात कर प्रत्याशी से संबंधित वार्तालाप की लखनऊ में हुई मीटिंग में समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह यादव ने अखिलेश यादव से औपचारिक मुलाकात की है। लखनऊ में हुई मीटिंग में जनपद से मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी पूर्व जिला अध्यक्ष आनंद सिंह यादव,जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह यादव,पूर्व प्रधान अशोक सिंह सहित दर्जनों पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

परिवहन विभाग द्वारा निकाली गई बाइक रैली को डीएम व सीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर से परिवहन विभाग द्वारा निकाली गई बाइक रैली को जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली कलेक्ट्रेट परिसर से चलकर गौरीगंज कस्बे में विभिन्न स्थानों में भ्रमण कर लोगों को आगामी लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया गया। रैली में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने स्वयं बाइक चलाकर लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर उक्त के अतिरिक्त एआरटीओ प्रशासन व प्रवर्तन सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

पच्चीस ग्राम स्मैक के साथ युवक को पकड़ा

जगदीशपुर अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।थाना कमरौली पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के अन्तर्गत एक युवक को पच्चीस ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशामुक्त अमेठी अभियान के तहत बुधवार को उप निरीक्षक लक्ष्मण सिंह चन्देल मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर पप्पू पुत्र सहदेव उपाध्याय निवासी पूरे दीना पाठक मजरे सिंदुरवा थाना कमरौली उम्र करीब तैंतीस वर्ष को ग्राम बरसंडा के पास से समय करीब सवा नौ बजे दिन में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम को युवक के कब्जे से पच्चीस ग्राम स्मैक बरामद हुई है।थाना कमरौली पुलिस ने पकड़े गए युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।

अवैध तमंचा और कारतूस के साथ युवक को पकड़ा

जायस अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।थाना जायस पुलिस ने बीबी डोला के बाग के पास से एक अदद देशी तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उप निरीक्षक शस्त्राजीत प्रसाद मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान दिनेश कुमार पुत्र बुधई निवासी ढोढनपुर थाना मोहनगंज वर्तमान पता नया का पुरवा मजरे मोहना थाना जायस जनपद अमेठी को बीबी डोला के बाग के पास से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से एक देशी तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने पकड़े गए युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।अभियुक्त एवं बरामदगी के संबंध में थाना जायस पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

परिषदीय विद्यालय में शुरू हुई वार्षिक परीक्षाए बच्चों में दिखा उत्सह

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के कंपोजिट विद्यालय मंगदपुर सहित अन्य विद्यालयो में वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो गई।विद्यालय के छात्रों छात्रों ने शांतिपूर्वक माहौल में परीक्षा दी है।खंड शिक्षा कार्यालय मरौरी के अंतर्गत स्थित विद्यालय मंगदपुर की प्रधानाध्यापिका पूनम सहगल की देखरेख में परीक्षा शुरू हुई।कंपोजिट विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पूनम सहगल ने बताया कि बच्चों ने बिना किसी भय के उत्साह पूर्वक वार्षिक परीक्षा में भाग लिया है।बच्चों में परीक्षा के प्रति उत्साह देखने को मिल रहा है। परीक्षा के प्रथम दिन सभी बच्चे परीक्षा में सम्मिलित हुए पहली पाली में गणित विषय के पेपर हुए जबकि दूसरी पाली में कला का पेपर हुआ है।

नियमों को दरकिनार कर पार्किंग के नाम पर हो रही लाखों की वसूली

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।नगर क्षेत्र में पार्किंग के नाम पर लाखों की अवैध वसूली हो रही है। शॉपिंग मॉल के नीचे मनमाफिक नियम बनाकर दोपहिया वाहन से 20? और चार पाहिया से 50? रुपये पार्किंग शुल्क लिया जा रहा है। उपभोक्तओं को जबरन रसीद दी जा रही। उस रसीद पर संबंधित फर्म का भी नाम नही है। भेद न खुले इसके लिए वाहन लेकर लौटने वाले ग्राहकों से उसके हिस्से की स्लिप ले ली जाती है।

यहां बेसमेंट में काउंटर लगाकर ठेकेदार कर रहे मनमानी वसूली। प्रतिदिन हजारों लोग बस स्टेशन (एसबीआई बैंक के नीचे), गंदानाला, दरियापुर तिराहा समेत विभिन्न पार्किंग स्थलों पर गाड़ी पार्क करते है। शहर में प्राइवेट और सरकारी मिलाकर डेढ़ दर्जन पार्किंग स्थल हैं। यह वसूली करोड़ो के करीब पहुंचती है। शहर में पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली से जीएसटी विभाग को लाखों का चूना लग रहा है। तकरीबन प्रतिदिन गाड़ियां बेसमेंट में खड़ी करके काउंटर पर बैठे ठेकेदार उनसे वसूली करते हैं।

अमेठी में निर्माणाधीन पुल की वैकल्पिक साइडलेन: बदहाल लगातार हो रहे है हादसे, हो चुकी है एक युवक की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। सुल्तानपुर रोड पर स्थित मुसवापुर में निर्माणाधीन पुल की वैकल्पिक साइडलेन की बदहाल स्थिति को लेकर सपा नेता ने आज एसडीएम को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की। सपा नेता का आरोप था कि साइडलेन में बैरिकेटिंग नही और न ही कोई सांकेतिक बोर्ड लगा है, जिससे लगातार हादसे हो रहे हैं।

दरअसल, अमेठी के सुल्तानपुर रोड पर जर्जर पुलिया को तोड़कर नई पुलिया के निर्माण हो रहा है। आवागमन के लिए पुल के बगल एक साइडलेन बनाई गई है। ये साइडलेन इतना जर्जर है कि पैदल भी लोगों का निकलना मुश्किल है। इस साइडलेन में बैरिकेटिंग भी नहीं है और न ही रेडियम या फिर संकेतांक लगा हुआ है। सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव ने उप जिला अधिकारी अमेठी प्रीति तिवारी से पत्र देते हुए राहगीरों की सुरक्षा के लिए रोड के दोनों तरफ बैरीकेडिंग बोर्ड व सतर्कता चिन्ह रेडियम बोर्ड लगवाये जाने की मांग की है।

सपा नेता ने कहा सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव ने कहा कि पुल का निर्माण कर रही कार्यदायी संस्था व लोकनिर्माण विभाग की घोर लापरवाही से राहगीरों को जान देनी

पड़ रही है। आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं, लेकिन विभागीय अफसरों व संस्था के मालिकों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। निर्माणाधीन पुल के कार्य में इतना लापरवाही बरती जा रही की रोड दोनों तरफ कोई बैरिकेडिंग नहीं की गई है न तो ब्रेकर बनाए गए हैं न कोई सतर्कता चिन्ह लगाए गये हैं।

इसका परिणाम रहा कि पिछले दिनों एक मोटर साइकिल सवार युवक 30 फिट नीचे जा गिरा जिससे उसकी जान चली गई और आये दिन कई लोगों के चोटे लग रही है। हाथ पांव टूट रहा है यह निर्माणाधीन पुल आम जनमानस व राहगीरों के लिए मौत का कुंआ बना हुआ है। इस मौके पर एजाज खां, मनु पाल, अंकित यादव, दीपू तिवारी, कप्तान यादव, वीरेंद्र चौधरी, अंकुर, कुंदन पासी, अतुल सिंह सुरेश कश्यप मौजूद रहे।

विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक से तीस अप्रैल तक संचालित किया जायेगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में एक से तीस अप्रैल तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा दस से तीस अप्रैल के मध्य दस्तक अभियान को लेकर अंतर्विभागीय समन्वय की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिये पूरी तैयारी समयबद्ध ढंग से किये जाने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, डायरिया आदि संचारी रोगों से जुड़े मामलों की आशंका को देखते हुये जनपद में अन्तर्विभागीय समन्वय से युद्धस्तर पर अभियान को आगे बढ़ाया जाय। जिलाधिकारी ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान जनपद में एक से तीस अप्रैल तक संचालित किया जायेगा।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी एक अप्रैल से पहले संचारी रोग नियंत्रण के सम्बन्ध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें। साप्ताहिक बन्दी के दौरान स्वच्छता, सैनिटाइजेशन तथा फागिंग का विशेष कार्यक्रम संचालित किया जाये। तालाबों, नालों व नालियों में एण्टी लार्वा का छिड़काव तथा कूड़े का निस्तारण ठीक ढंग से किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि निगरानी समितियां डोर टू डोर सर्वे करें और यदि कोई बच्चा बुखार आदि से ग्रसित है तो उसे मेडिसिन किट उपलब्ध कराएं।महिलाओं तथा कुपोषित बच्चों को पुष्टाहार उपलब्ध कराया जाये। ग्रामीण स्तर पर संचारी रोगों के नियंत्रण हेतु तालाबों,नालों व नालियों की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाये।

मतदाता को वोटर लिस्ट से वंचित न रखा जाय : डीएम

अमेठी,जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने आज आर आर पी जी कालेज अमेठी में विधानसभा अमेठी क्षेत्रांतर्गत विगत चुनाव में जिन मतदान केंद्रों पर पचास फीसदी से कम मतदान हुआ था वहां के बीएलओ/सुपरवाइजर के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बताते चलें कि विगत चुनाव में विधानसभा अमेठी अंतर्गत दो सौ दस मतदान केंद्रों पर पचास फीसदी से कम मतदान हुआ था जिसको लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ व सुपरवाइजर के साथ बैठक कर आने वाले लोकसभा चुनाव में अपने-अपने बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी बीएलओ को निर्देश दिए कि किसी भी मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में जोड़ने से छूटने न पाए। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद हमें लोकतंत्र के महापर्व पर मतदान करने का अधिकार मिला है इसे यूं ही व्यर्थ न होने दें, नामांकन के आखिरी दिन तक मतदाता सूची में नाम जोड़ा जा सकता है, मतदाता सूची को पढ़ लें ।

डीएम आवास चौराहे का नाम अब भगवान परशुराम चौराहा

पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने संगठन को सौंपा प्रमाण पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। नगर के डीएम आवास के सामने चौराहे का भगवान परशुराम चौक के नाम से जाना जाएगा। नगर पालिका की बोर्ड बैठक में दिए गए प्रस्ताव पर प्रशासन की मुहर लगने के बाद संगठन के पदाधिकारियों में हर्ष का माहौल है। संगठन के संरक्षक विपिन मिश्रा एडवोकेट व देवेंद्र पाठक के संयोजन में संगठन के दर्जनों पदाधिकारियो ने नामकरण पर मुहर लगने की खुशी में विप्र समाज के दर्जनों महानुभावों को जहां माला पहनकर सम्मानित किया वहीं मिष्ठान वितरण कर खुशी जताई।

परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित तिवारी के संयोजन में संगठन से जुड़े सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने बीते 5 वर्षों से डीएम आवास चौराहे को भगवान परशुराम चौक के नाम से घोषित करने की मांग कर रखी थी। उनकी इस मांग में ब्राह्मण समाज संगठन के जिलाध्यक्ष पंडित सुभाष तिवारी, राष्ट्रीय युवजन ब्राह्मण सभा ने भी आवाज मिलाई थी। नगर पालिका के बजट बोर्ड की

बैठक में बढैयावीर से सभासद प्रवीण मिश्रा ने प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मत से पारित कर दिया गया था। बुधवार को पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने बोर्ड की कार्यवाही जारी कर संस्था के संरक्षक विपिन मिश्रा को प्रमाण पत्र सौपा। यहां विपिन मिश्रा ने कहा बीते पांच वर्षों से संगठन से जुड़े प्रदेश भर के कार्यकर्ता और लाखों की संख्या में मौजूद ब्राह्मण समाज की आस्था और भावना को सम्मान मिला है। आराध्य देव भगवान परशुराम के नाम पर शहर में एक चौराहे व मूर्ति स्थापना का उनका लक्ष्य है। पूर्व विधायक देवमणि द्विवेदी, सांसद मेंनका गांधी ने भी संगठन के पत्र पर सहमति देते हुए शासन को पत्र लिखा था। उन्होंने कहा हम नगर पालिका के अध्यक्ष व बोर्ड के सभी सभासदों के आभारी हैं। परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हैं। यहां देवेंद्र पाठक ने कहा विप्र समाज की भावनाओं को पालिका के अध्यक्ष व बोर्ड ने समझा चौराहे का नामकरण किया हम संगठन के सभी साथियों को उनके संघर्ष की सफलता पर बधाई देते हैं। हम मांग करते हैं आगामी अक्षयतृतीया के दिन भगवान परशुराम की जयंती को भव्य रूप से मनाने के लिए सब लोग संकल्प लेकर आगे बढ़े। उक्त कार्यक्रम में भगवान परशुराम की प्रतिमा की स्थापना के लिए विचार किया जाएगा।

संगठन के संरक्षक रामशंकर पांडेय ने संगठन से जुड़े सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए सफलता पर बधाई दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष अरुण कुमार उपाध्याय, बार उपाध्यक्ष विद्याभूषण पांडेय, विजय कुमार उपाध्याय, व्यापारी नेता हिमांशू मालवीय, मनीष मिश्र, रमाशंकर पांडेय, विपिन मिश्रा, देवेंद्र पाठक, सूर्य प्रकाश पांडेय, पीयूष तिवारी, जयशंकर, विनय कुमार मिश्रा समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

नाबालिक बच्चों के हांथों ई-रिक्शा के जरिये दौड़ रही है जिंदगियां

शहर में कम उम्र के बच्चें दौड़ा रहे है

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। आखिर प्रशासन किस हादसे का इंतजार कर रहा है, जिम्मेदारों के सामने से ही नाबालिक बच्चें ई-रिक्शे पर सवारियां बैठाकर फर्राटे भरते नज़र आते है। कभी-कभार जिम्मेदार ऐसे अनियंत्रित ई-रिक्शे की धर-पकड़ करते जरुर है, पर औपचारिकता से अधिक कुछ और नही रहता। पूर्व में भी बहुत सी घटनाएं ऐसे ही नाबालिक ई-रिक्शा चालकों के द्वारा हुई है, लेकिन गंभीरता से नही लिया। जिसके चलते 18 साल से कम उम्र के बच्चों की संख्या सड़क पर ई-रिक्शा दौडाने की बढ़ती जा रही है। खासकर नगर क्षेत्र में ऐसा प्रायः देखने को मिल रहा है, नगर क्षेत्र में ई-रिक्शा और नाबालिक चालक कुछ इस तरह बढ़ रहे है, जिसे नियंत्रित करने में जिम्मेदार भी दिलचस्पी नही ले रहे है। जिसके कारण बगैर लाइसेंस और बगैर जरूरी अभिलेख के कम दूरी का सफर करने वाले यात्रियों के सिर पर खतरा

मंडराता रहता है। ऐसे अनियंत्रित ई-रिक्शा और कम उम्र के बच्चों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाकर आम लोगों की जिंदगी के जोखिम को कम करने की जरूरत है।

सूत्र बताते है कि यदि इसपर प्रभावी कदम नही उठाए जाते तो आने वाले वख्त में ऐसे बच्चों की संख्या बेशुमार दिखाई देगी। बुधवार को ऐसे ही एक किशोर को यातायात पुलिस के उप निरीक्षक ने पकड़ा और उसका ई-रिक्शा खड़ा करवा लिया। घंटो बाद उसे नसीहत देते हुए छोड़ भी दिया,परंतु एक बात तय है की हालात बदले नही तो अंजाम भी परेशान करने वाले आ सकते है। इस संबंध में यातायात निरीक्षक चंद्रभान वर्मा से बात करने पर उन्होंने बताया कि इसके विरूद्ध अभियान चलाकर ठोस कार्रवाई की जाएगी।

एमएसएमई में निर्यात का अवसर और विकास का इंजन

सूक्ष्म, लघु और मझोले उपक्रम (एमएसएमई) क्षेत्र में यह संभावना है कि वह निर्यात को बढ़ावा देकर तथा देश की आर्थिक गतिविधियों में योगदान करके देश के विकास के इंजन की भूमिका निभा सके। बहरहाल देश के निर्यात में इसकी हिस्सेदारी कम हो रही है और यह वित्त वर्ष 20 के 49.77 फीसदी से कम होकर वित्त वर्ष 23 में 42.67 फीसदी रह गई है। नीति आयोग की एक हालिया रिपोर्ट इस संदर्भ में उपायों की एक श्रृंखला प्रस्तावित करती है ताकि एमएसएमई के निर्यात में इजाफा किया जा सके।एमएसएमई को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कारोबार में सहायता पहुंचाकर उनके राजस्व में विविधता लाई जा सकती है और उनकी प्रतिस्पर्धी क्षमता में इजाफा किया जा सकता है। इसके साथ ही नवाचार और रोजगार बढ़ाने में भी इससे मदद मिल सकती है। रिपोर्ट ऐसे कई क्षेत्रों को चिह्नित करती है जहां एमएसएमई विश्व स्तर पर प्रतिष्ठा हासिल कर सकते हैं। इनमें हस्तकला, हथकरघे पर बुना कपड़ा, आयुर्वेद और जड़ी बूटियों से बनने वाले पूरक आहार, चमड़े की वस्तुएं, नकली आभूषण और लकड़ी से बनने वाले उत्पाद शामिल हैं। ऐसा इसलिए कि इनमें निर्माण की पारंपरिक तकनीक और कला का इस्तेमाल किया जाता है तथा इनका विरासती मूल्य भी है। वैश्विक स्तर पर इन क्षेत्रों का बाजार 340 अरब डॉलर से अधिक है। हालांकि भारत में श्रमिकों की प्रचुरता है परंतु इसके प्रतिस्पर्धियों मसलन वियतनाम, चीन और बांग्लादेश ने कम कौशल वाले वस्तु निर्यात में अच्छी खासी बढ़त हासिल कर ली है। इस संदर्भ में एमएसएमई की क्षमताओं का इस्तेमाल कम कौशल वाले क्षेत्रों में भारत के निर्यात को बढ़ावा दे सकता है। कम कौशल वाले विनिर्मित उत्पादों के वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी महज 5 फीसदी के करीब है। यह दिलचस्प है कि हाल के दिनों में ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस में सफलता भारत के पक्ष में गई है। ऐसा देश और विदेश दोनों स्थानों पर हुआ है। डिजिटल प्लेटफॉर्मों ने भी अबाध निर्यात को मदद पहुंचाई है और व्यापक बाजार पहुंच में सहायता की है। वर्ष 2021 तक सालाना करीब एक लाख भारतीय निर्यातक इन प्लेटफॉर्मों का इस्तेमाल कर रहे थे। जिससे कुल मिलाकर 5 अरब डॉलर से अधिक का निर्यात राजस्व हासिल हो रहा था। इसके बावजूद एमएसएमई के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपने उत्पाद बेचने को लेकर नियामकीय बाधाएं मौजूद हैं। उदाहरण के लिए देश में शुल्क रियायत और निर्यात प्रोत्साहन प्रक्रियाओं में मोटे तौर पर निर्यात के समय माल ढुलाई के कार्गो स्वरूप को पहचाना जाता है। इससे कूरियर से निर्यात करने वाले ई-कॉमर्स निर्यातकों के लिए निर्यात प्रोत्साहन पाना मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा बाजार शोध के लिए मंगाए गए नमूने अथवा ई-कॉमर्स में नकारी गई वस्तुएं जो वापस की जाती हैं या ऑनलाइन बिक्री में नहीं बिकने वाली वस्तुओं को दोबारा आयात करने पर आयात शुल्क लगाया जाता है। ऐसी बाधाएं एमएसएमई कंपनियों के मुनाफ़े पर असर डालती हैं। ऐसे में एमएसएमई निर्यात को बढ़ावा देने के लिए व्यापक रणनीति बनाने की आवश्यकता है जिसमें ऐसे प्रोत्साहन हों जो ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्मों को बिना नियामकीय बाधाओं के काम करने की इजाजत देते हों। समस्याओं का यहीं अंत नहीं होता। कुल एमएसएमई में से करीब 90 फीसदी सूक्ष्म उपक्रमों के रूप में दर्ज हैं और उनमें बड़े पैमाने पर काम करने की क्षमता नहीं है। भारत में मौजूदा नीतिगत परिदृश्य ऐसा है जहां एमएसएमई को छोटे पैमाने पर काम करने को प्रोत्साहित किया जाता है जिससे यह समस्या बरकरार है। औद्योगिक विवाद अधिनियम (आईडीए), 1947 तथा अन्य श्रम कानून भी एक वजह है। हालांकि श्रम कानूनों को संसद ने सुसंगत बनाया लेकिन उनका क्रियान्वयन नहीं किया गया। इसके अलावा निर्यात के काम में बड़े पैमाने पर कागजी कार्रवाई की आवश्यकता होती है, ऋण तक पहुंच बनाने में दिक्कत होती है और लक्षित बाजार के बारे में सीमित जानकारी भी देश में एमएसएमई की निर्यात क्षमता को प्रभावित करती है। इन गतिरोधों को दूर करने के बाद ही एमएसएमई क्षेत्र के निर्यात प्रदर्शन में सुधार किया जा सकता है।

पाकिस्तान से क्यों खफा हैं इस्लामिक मुल्क?

अब समझ लें कि पाकिस्तान समाज कितनी बेशर्मी से बांग्लादेशी मुसलमानों का मजाक बनाता है। वैसे पाकिस्तान अपने को सारी दुनिया के मुसलमानों के पक्ष में खड़ा होने का दावा करता है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की भी पाकिस्तान से शिकायत रही है कि वह हर उस मौके पर बांग्लादेश सरकार को कोसता है जब वहां पर 1971 के मुक्ति संग्राम के गुनहगारों को फांसी दी जाती है। यानी पाकिस्तान से सब नाखुश और नाराज हैं। इस बीच, पाकिस्तान में तो आजकल हाहाकार मचा हुआ है। महंगाई के कारण आम पाकिस्तानी दाने-दाने को मोहताज है। रमजान के महीने में लोग भारी कष्ट उठा रहे हैं। बेरोजगारी,अराजकता, कठमुल्लों और मोटी तोंद वाले सेना के अफसरों ने पाकिस्तान को तबाह कर दिया है। ये स्थिति दुखद और दुभार्ग्यपूर्ण है, पर इस स्थिति के लिए पाकिस्तान खुद ही जिम्मेदार है। उसने शिक्षा की बजाय सेना के बजट को बढ़ाया है। इसलिए वह लगातार गर्त में जा रहा है। उससे इस्लामिक देश भी संबंध बनाकर रखने को तैयार नहीं हैं।

पाकिस्तान में आजकल सिर्फ अंदरूनी हालात ही खराब नहीं हैं, उसके सामने कई गंभीर संकट और भी हैं। उसे उसके दो पड़ोसी देश, जो उसकी तरह से ही इस्लामिक देश हैं, उससे सख्त नाराज हैं। पहले ईरान और अब अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। फिलहाल अफगानिस्तान और पाकिस्तान आमने-सामने हैं। दोनों मुल्कों के बीच सरहद पर झड़प भी हुई है। झड़प की शुरुआत पाकिस्तान की तरफ से विगत सोमवार को हुई। इसके जवाब में अफगान तालिबान ने भी सीमा पर पाकिस्तानी चौकियों पर गोलीबारी की। ऐसे में सवाल है कि क्या दोनों देश युद्ध की ओर बढ़ रहे हैं? पाकिस्तान के हमलों के बाद तालिबान ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि अफगानिस्तान की संप्रभुता पर किसी भी तरह के उल्लंघन के गंभीर परिणाम होंगे। इसके साथ ही तालिबान ने पाकिस्तान की नवगठित सरकार से दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंधों को खतरे में डालने के लिए गैर-जिम्मेदाराना कार्यों की अनुमति नहीं देने का भी आग्रह किया।

दरअसल पाकिस्तान में हाल के आतंकवादी हमलों को लेकर दोनों देशों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। पाकिस्तान का आरोप है कि हमले अफगानिस्तान की सरजमीं से किए गए। जबकि, तालिबान ने पाकिस्तान के इस दावे को गलत बताया है। आपको याद होगा कि बीते जनवरी के महीने में पाकिस्तान के आतंकवादियों के ठिकानों पर ईरान ने हमला बोला था। ईरान ने पिछली 16 जनवरी को पाकिस्तान में आतंकवादी समूह जैश अल-अदल के ठिकानों को निशाना बनाकर हमले किए। ईरान के सरकारी मीडिया के हवाले से कहा गया था कि हमले में मिसाइलों और ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। ईरान ने पाकिस्तान में बलूची आतंकी समूह जैश-अल-अदल के दो ठिकानों को मिसाइलों से निशाना बनाया। ईरान ने आठ साल पहले सन 2016 में भी पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर मोर्टार दागे थे। इसलिए कहा जा सकता है कि ईरान पहले भी पाकिस्तान को निशाना बना चुका है। पाकिस्तान और ईरान के बीच 900 किलोमीटर की सीमा है। उधर, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच करीब 2400 किलोमीटर लम्बी अन्तरराष्ट्रीय सीमा है। इसका नाम डूरण्ड रेखा है। दरअसल पाकिस्तान और अफगानिस्तान के संबंध तब से लगातार खराब होने लगे जब पाकिस्तान ने पिछले साल अपने देश से अवैध अफगानों को निकालने का सिलसिला शुरू किया। पाकिस्तान से रोज सैकड़ों अफगान अपने देश वापस लौट रहे हैं। पाकिस्तान की इस कार्रवाई पर हजारों अफगानिस्तानियों का कहना है कि वे गुजरे कई दशकों से पाकिस्तान में हैं। वे पाकिस्तान की नागरिकता भी ग्रहण कर चुके हैं। इसके बावजूद उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। यहां पर बड़ा सवाल यही है अपने को इस्लामिक संसार का नेता कहने वाले पाकिस्तान से इस्लामिक मुल्क ही खफा क्यों है? इस सवाल का सीधा सा उत्तर है कि पाकिस्तान के डीएनए में ही अपने पड़ोसियों के लिए संकट पैदा करना है। उसने भारत के खिलाफ क्या-क्या हथकंडे नहीं अपनाए। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ 1948, 1965, 1971 में युद्ध छेड़े और बुरी तरह से मार भी खाई। जंग के मैदान में धूल में मिलने के बाद पाकिस्तान ने 1999 में करगिल में घुसपैठ की। तब भी उसका बहुत बुरा हश्र हुआ। पाकिस्तान के साथ दिक्कत यही है कि वह बुरी तरह पिटने के बाद भी सबक नहीं लेता। उसे बार-बार पिटने की आदत सी हो गई है। फिलहाल वह ईरान और अफगानिस्तान से पिटने के लिए तैयार है। अब पाकिस्तान के बांगलादेश से संबंधों की भी जरा बात कर लीजिए। 1971 तक बांग्लादेश हिस्सा था, पाकिस्तान का। अब दोनों जानी दुश्मन हैं। दोनों एक-दूसरे को फूटी नजर भी नहीं देख पाते। क्यों? बांग्लादेश ने 1971 के नरसंहार के गुनहगार और जमात-ए-इस्लामी के नेता कासिम अली को फांसी पर लटकाया तो पाकिस्तान को तकलीफ होने लगी। बांग्लादेश ने साफ शब्दों में कह दिया कि वह पाकिस्तान की ओर से उसके आंतरिक मसलों में हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेगा। दोनों मुल्कों के संबंधों में तल्खी को समझने के लिए इतिहास के पन्नों को खंगाल लेना सही रहेगा। शेर-ए-बंगाल कहे जाने वाले मुस्लिम लीग के मशहूर नेता ए.के.फजल-उर-हक ने ही 23

मार्च,1940 को लाहौर के मिन्टो पार्क (अब जिन्ना पार्क) में मुस्लिम लीग के सम्मेलन में पृथक राष्ट्र पाकिस्तान का प्रस्ताव रखा था। उस तारीखी सम्मेलन में संयुक्त बंगाल के नुमाइंदों की बड़ी भागेदारी थी। वे सब भारत के मुसलमानों के लिए पृथक राष्ट्र की मांग कर रहे थे। सात साल बाद 1947 में पाकिस्तान बना और फिर करीब 25 बरसों के बाद खंड-खंड हो गया। ईस्ट पाकिस्तान बांग्लादेश के रूप में दुनिया के मानचित्र पर सामने आता है। यानी पाकिस्तान से एक और मुल्क निकला। और, जो दोनों मुल्क कभी एक ही मुल्क के हिस्सा थे, अब एक-दूसरे की जान के प्यासे हो गए हैं। 1971 में जिस नृशंसता से पाकिस्तानी फौजों ने ईस्ट पाकिस्तान के लाखों लोगों का कत्लेआम किया था, उसको लेकर ही दोनों मुल्क लगातार आमने-सामने रहते हैं। मैं स्वयं इस नरसंहार का प्रत्यक्षदर्शी हूं। मैं उस समय युद्ध संवाददाता के रूप में लगभग डेढ़ वर्ष भारतीय सेना के साथ बांग्लादेश के स्वतंत्रता आंदोलन में रहा था। बांग्लादेश में उस कत्लेआम के गुनहगारों को लगातार साक्ष्य के आधार पर न्यायालय से दंड मिलता रहा है। यह बात पाकिस्तान को गले नहीं उतरती। पाकिस्तानी सीरियलों और नाटकों में बांग्लादेशियों को बेहद हिकारत से दिखाया जाता है। उन्हें दोयम दर्जे का इंसान बताया जाता है। अब समझ लें कि पाकिस्तान समाज कितनी बेशर्मी से बांग्लादेशी मुसलमानों का मजाक बनाता है। वैसे पाकिस्तान अपने को सारी दुनिया के मुसलमानों के पक्ष में खड़ा होने का दावा करता है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की भी पाकिस्तान से शिकायत रही है कि वह हर उस मौके पर बांग्लादेश सरकार को कोसता है जब वहां पर 1971 के मुक्ति संग्राम के गुनहगारों को फांसी दी जाती है। यानी पाकिस्तान से सब नाखुश और नाराज हैं। इस बीच, पाकिस्तान में तो आजकल हाहाकार मचा हुआ है। महंगाई के कारण आम पाकिस्तानी दाने-दाने को मोहताज है। रमजान के महीने में लोग भारी कष्ट उठा रहे हैं। बेरोजगारी,अराजकता, कठमुल्लों और मोटी तोंद वाले सेना के अफसरों ने पाकिस्तान को तबाह कर दिया है। ये स्थिति दुखद और दुभार्ग्यपूर्ण है, पर इस स्थिति के लिए पाकिस्तान खुद ही जिम्मेदार है। उसने शिक्षा की बजाय सेना के बजट को बढ़ाया है। इसलिए वह लगातार गर्त में जा रहा है। उससे इस्लामिक देश भी संबंध बनाकर रखने को तैयार नहीं हैं।

आर.के. सिन्हा

संयुक्त राष्ट्र महासभा का खतरनाक दोहरा रवैया

मृत्युंजय दीक्षित

विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में जब लोकतंत्र के महापर्व की रणभेरी बजने वाली थी तब सयुंक्तराष्ट्र महासभा में पाकिस्तान और चीन ने अपनी विकृत भारत विरोधी विचारधारा से प्रेरित, इस्लामोफोबिया के नाम पर अयोध्या व सीएए का गलत उल्लेख करते हुए एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया जो इन देशों की मानसिकता को तो दर्शाता ही है साथ ही संयुक्तराष्ट्र महासभा के दोहरे मापदंड को भी बेनकाब करता है। भारत विगत कई वर्षो से संयुक्तराष्ट्र महासभा में स्थायी सदस्यता प्राप्त करने के लिए, ल्लवसुधैव कुटुम्बकमङ्क की नीति के बल पर अथक प्रयास कर रहा है किंतु चीन हर बार भारत के नेतृत्व में चल रहे सयुंक्तराष्ट्र महासभा के सुधार अभियान और भारत की स्थायी सदस्यत के खिलाफ वीटो कर देता है। संयुक्तराष्ट्र महासभा में अकातंकवाद के खिलाफ लड़ाई को भी अगर कोई देश कमजोर कर रहा है तो वह चीन और पाकिस्तान की जुगलबंदी है जिनके कारण दुनिया के अनेक खतरनाक आतंकी व संगठन अभी तक प्रतिबंधित नही हो पा रहे हैं।

संयुक्तराष्ट्र महासभा को इस्लामोफोबिया तो दिखाई पड़ रहा है किंतु उसे पाकिस्तान व बांग्लादेश की धरती पर हिंदू अल्पसंख्यकों पर होने वाले अमानवीय अत्याचार दिखाई नहीं देते हैं । यही नहीं चीन में उइगरों पर भीषण अत्याचार हो रहे हैं किन्तु संयुक्तराष्ट्र महासभा में कभी चीन की निंदा नहीं की गयी। जब इजराइयल पर हमास ने आतंकवादी हमला किया तब महासभा का निंदा प्रस्ताव गहरी निद्रा में चला गया था किंतु जब इजराइल ने हमास के आतंकवादियों को समाप्त करने के लिए पलटवार कर दिया था तब संयुक्तराष्ट्र अपने विकृत रवैये के साथ सामने आ गया और महासभा के सदस्य राष्ट्र पीड़ित इजहराइल की ही निंदा करने लगे। संयुक्तराष्ट्र महासभा का यही दोहरा रवैया पूरे विश्व में मानवाधिकार हनन का कारण है।

संयुक्तराष्ट्र महासभा में पाकिस्तान के राजदूत मुनीर अकरम ने अयोध्या में भगवान राम के दिव्य, भव्य एवं नव्य राम मंदिर तथा भारत के नागरिकता संशोधन अधिनियम का गलत अर्थो में उल्लेख करते हुए इस्लामोफोबिया से संबंधित प्रस्तवा पारित करा लिया जिसके समर्थन में 115 सदस्य देशों ने मतदान करके समर्थन किया और भारत सहित 44 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया।

अपना पक्ष रखते हुए भारत ने संयुक्तराष्ट्र महासभा में एक बार फिर चीन व पाकिस्तान को बेनकाब किया । महासभा को संबोधित करते हुए भारतीय अधिकारी ने कहा कि गलत सूचनाओं और मंतव्यों के आधार पर भारत का भ्रमित करने वाला उउल्लेख किया गया है। विश्व को बुद्धिमता से, गहराई में जाकर और वैश्विक दृष्टिकोण से चीजों को देखने की आवश्यकता है।भारत ने पाकिस्तान के सतही नजरिये को खारिज करने की अपील भी की किंतु उसका कोई असर इन देशों के तथाकथित मंच पर नहीं पड़ा।

संयुक्तराष्ट्र महासभा में भारत ने कहा कि जब विश्व आगे बढ़ रहा है और समानता के आचरण को अंगीकार कर रहा है तब पाकिस्तान में धार्मिक कट्टरता और अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न चरम पर होना दुखद है। किसी भी देश में किसी भी पंथ के प्रति नकारात्मक भाव नहीं रखा जाना चाहिए, चाहे वह हिन्दुत्व हो ,बौद्ध हो सिख हो या अन्य कोई धर्म। भारत किसी भी धर्म के व्यक्ति के साथ हिंसा या भेदभाव की अनुमति नहीं देता है। उसकी रोकथाम के लिए कड़े और स्पष्ट कानूनी प्रावधान हैं। भारत में सभी धर्म के लोगों के साथ समान व्यवहार होता है और उन्हें अपने तरीके से रहने और उपासना करने का अधिकार है। सभी धर्मो के लोगों के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में कार्य करने का समान अवसर है। कोई उत्पीड़न की शिकायत करता है तो उसके साथ न्याय के लिए मजबूत कानूनी प्रावधान हैं जिसके अंतर्गत कड़ा दंड दिया जाता है।

संयुक्तराष्ट्र महासभा ने चीन व पाकिस्तान के दबाव में आकर इस्लामोफोबिया की आड़ में भारत विरोधी जो प्रस्ताव पारित किया है वह घोर निंदनीय व सत्य से कोसों दूर है। वास्तविकता यह है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश व अफगानिस्तान में हिंदुओं पर इतने अधिक अत्याचार किये गये कि अब इन देशों में वो दो प्रातिशत से भी कम रह गये हैं जबकि सिख, बौद्ध, जैन, यहूदी सहित अन्य सभी अल्पसंख्यक पूरी तरह से समाप्त हो चुके हैं।

सेहत मंत्र

दूध नहीं पी सकते तो इन नॉन-डेयरी मिल्क को बनाएं डाइट का हिस्सा

वैसे तो दूध को एक संपूर्ण आहार माना जाता है और यही कारण है कि बच्चों से लेकर बूढ़े व्यक्ति तक को दूध पीने की सलाह दी जाती है। लेकिन ऐसे कई लोग भी होते हैं, जो दूध का सेवन नहीं कर सकते। दरअसल, लैक्टोज इनटॉलरेंज से लेकर वेगन डाइट को फॉलो करने वाले दूध नहीं पी पाते। ऐसे में शरीर में पोषक तत्वों की पूर्ति के लिए आप नॉन-डेयरी मिल्क का सहारा ले सकते हैं। मटर का दूध यह अखरोट और सोया एलर्जी वाले लोगों के लिए एक बढ़िया विकल्प है। इतना ही नहीं, इसमें कई अन्य पौधों के दूध की तुलना में बहुत अधिक प्रोटीन पाया जाता है। इसके अलावा इसका टेस्ट भी माइल्ड व टेस्टी होता है, जिसके कारण आप इसे आसानी से पी सकते हैं और अलग-अलग रेसिपी में आसानी से शामिल कर सकते हैं। जब नॉन-डेयरी मिल्क की बात होती है तो बादाम मिल्क का नाम जरूर आता है। यह चिकना, हल्का और स्वादिष्ट होता है। इसके अलावा इनमें अन्य नॉन-डेयरी मिल्क की तुलना में कैलोरी काफी कम होती है। एक कप बादाम मिल्क में करीबन 40 कैलोरी पाई जाती है। हालांकि इसमें प्रोटीन की मात्रा कम होती है। इसमें प्रति कप केवल एक ग्राम प्रोटीन होता है। ऐसे में आपको प्रोटीन की दैनिक आवश्यकता की पूर्ति के लिए आपको अन्य विकल्प ढूंढने होंगे। ओट मिल्क पिछले कुछ समय से काफी पॉपुलर हो रहा है। इसमें हर सर्विंग पर 2 ग्राम फाइबर और चार ग्राम प्रोटीन मिलता है। हालांकि अन्य नॉन-डेयरी मिल्क की तुलना में इसमें कैलोरी की मात्रा अधिक होती है। आपको एक कप दूध के सेवन से लगभग 130 कैलोरी मिलती है। इसके अलावा इसमें पोटेशियम और विटामिन ए की पर्याप्त मात्रा पाई जाती है। कोकोनट मिल्क पानी और कोकोनट क्रीम की मदद से मिलकर तैयार किया जाता है। अगर इसके न्यूटिशन की बात की जाए तो इसमें फैट अधिक होता है और कार्बोहाइड्रेट कम होता है। इस सुपर क्रीमी कोकोनट मिल्क का फैट नेचर में सेचुरेटिड होता है।

धर्म मंत्र

तुरन्त फल की प्राप्ति चाहते हैं तो धारण करें 'टाइगर स्टोन'

ज्योतिष विज्ञान के मुताबिक किसी भी व्यक्ति के जीवन पर उसके कर्म के साथ राशि और उससे संबंधित ग्रहों का सीधा प्रभाव पड़ता है। ज्योतिष विज्ञान से हम बीता हुआ कल, वर्तमान और भविष्य की गणना आसानी से कर लेते हैं। ज्योतिष विज्ञान में रत्नों का भी महत्व बताया गया है। रत्न ज्योतिष के अनुसार 'टाइगर रत्न' सबसे अधिक प्रभावी व शीघ्र फल प्रदान करने वाला रत्न है। इस रत्न पर टाइगर के समान पिली एवं काली धारिया होने के कारण इसे ''टाइगर रत्न'' कहते है। जो व्यक्ति आत्मविश्वास की कमी के कारण बार-बार कार्यों से असफल हो रहा हो या दुखी जीवन व्यतीत कर रहा हो, उस व्यकित को टाइगर स्टोन आत्मविश्वास प्रदान करता है। इसे धारण करने से हर क्षेत्र में पूर्ण सफलता मिलती है व व्यक्ति साहसी बनता है। जिस व्यक्ति का विवाह नहीं हो रहा हो उसे शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि या गुरु पुष्य योग में टाइगर स्टोन धारण करने से शीघ्र विवाह के योग बनते है। यदि आप लगातार कर्जे में डूबते जा रहे हो तो शुक्रवार के दिन सिद्ध किया हुआ टाइगर स्टोन गले में लॉकेट के रूप में सफ़ेद धागे में धारण करें। जिन व्यक्तियों को नौकरी में समस्या आ रही या कार्यस्थल में परेशानी हो रही हो तो रविवार को सूर्य की रौशनी में टाइगर स्टोन धारण करने से लाभ होगा। इस आलेख में दी गई जानकारियों पर हम यह दावा नहीं करते कि ये पूर्णतया सत्य व सटीक हैं तथा इन्हें अपनाने से अपेक्षित परिणाम मिलेगा।

पर्यटन

मसूरी जा रहे हैं तो इस खूबसूरत जगहों को देखना बिलकुल न भूलें

दिल्ली से बेहद पास उत्तराखंड का 'मसूरी' वीकेंड पर घूमने के लिए बेहत ही खूबसूरत जगह है। खूबसूरत पहाड़, हरे-भरी वादियां, कल-कल करता नदियों का पानी मसूरी को पहाड़ों की रानी बनाता है। गढ़वाल हिमालय पर्वतमाला की तलहटी में स्थित मसूरी बेहत ही रोमांटिक प्लेस भी माना जाता है। इस जगह की ऊंचाई समुद्र तल से मसूरी 7000 फीट है, इसी कारण ये जगह बहुत ही ठंडी है। सर्दी के मौसम में यहां खूब बर्फबारी भी होती है। स्नोफॉल को देखने के शौकीनों सैलानियों की सर्दी में यहां भरमार होती है। यहां पर घूमने के लिए बहुत कुछ है। अगर आप अपनी फैमली के साथ यहां घूमने के लिए आते हैं तो यहां पर आप बहुत कुछ देख सकते हैं। इस आर्टिकल में आज हम आपकों बताएंगे मसूरी की घूमने लायक जगहों के बारे में। भारत में जब अंग्रेजी हुकूमत हुआ करती थी तो अंग्रेजो का पंसदीद प्लेस मसूरी थी। वह अपना काफी वक्त उत्तराखंड के इस हिल स्टेशन पर गुजारा करते थे। इसी कारण यहां का कल्चर अभी भी अंग्रेजो के जमाने का हैं। मसूरी से 7 किलोमीटर दूर लैंडोर (ख़थद्वदधफ) छावनी एरिया है। यहां पर अगर आप आते है तो आपकों काफी शांति मिलेगी। लैंडोर के बाजार में आप शॉपिंग भी कर सकते हैं। यहां पर कुछ प्वाइंट है जहां से लैंडोर की खूबसूरती को निहारा जा सकता है। देहरादून डिवेलपमेंट अथॉरिटी के अधीन मसूरी लेक देखने के लिए भा पर्यटकों का जमावड़ा लगता है। मसूरी घूमने आये लोगों मसूरी लेक भी घूमने जा सकते हैं। मसूरी लेक हाल में बना टूरिस्ट अट्रैक्शन है। जब आप देहरादून से मसूरी की तरफ आते हैं तो मसूरी पहुंचने से 6 किलोमीटर पहले ही मसूरी लेक है। आप इसे भी आते वक्त देख सकते हैं। लेक में एंजोय करने के लिए बोटिंग की भी सुविधा हैं। यहां आप आराम से 1 से 2 घंटे बीता सकते हैं। मसूरी जाओं और केंपटी फॉल्स न देखों ऐसा बिलकुल मत करना। मसूरी के ट्रीप को और यादगार बनाता है वहां का केंपटी फॉल्स।

डीएम व एसपी ने संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रो का किया स्थलीय निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। डीएम ने बुधवार को एसपी दिनेश कुमार सिंह के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बनाए जा रहे मतदान केंद्रों की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण करने के साथ ही संवेदनशील केंद्रों और अति संवेदनशील केंद्रों का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार ही संवेदनशील और अतिसंवेदनशील केंद्रों को तैयार किया जा रहा है।डीएम सत्येन्द्र कुमार झा व एसपी दिनेश कुमार सिंह ने बुधवार को एसडीएम रामनगर पवन कुमार व खंड विकास अधिकारी प्रीति वर्मा के साथ रामनगर तथा दरियाबाद विधानसभा क्षेत्रों के बेहटा, मांझा रायपुर, पारा, नैपुरा, कमियार, बांसगांव उत्तरी तथा असवा मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने मूल भूत सुविधाओं बिजली, पानी, रैम्प, टायलेट, आयल पेन्टिग आदि सुविधायें चुस्त दुरुस्त रखने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को दिये।इसी क्रम में डीएम ने तहसील रामसनेहीघाट के विभिन्न क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया और एसडीएम रामसनेहीघाट को इस सम्बंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र दरियाबाद अंतर्गत मतदान केंद्र,उच्च प्राथमिक विद्यालय असवा का स्थलीय निरीक्षण किया और कहा कि संवेदनशील मतदाता केंद्रों पर चुनाव आयोग के निर्देशानुसार सभी समुचित व्यवस्थाएं की जाएं।

18 किलो डोडा के साथ कार सवार तस्कर गिरफ्तार

बाराबंकी। सफदरगंज थाना पुलिस ने एक कार सवार तस्कर को गिरफ्तार करके उसके पास से 18 किलो पोस्ता का छिलका(डोडा) बरामद किया है।पुलिस ने गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट मे मुकदमा दर्ज करके जेल भेजने कि कार्यवाई की है। बरामद कार को सीज कर दिया है।

पुलिस विज्ञप्ति के अनुसार सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पल्हरी निवासी मो.सलमान पुत्र मो.सलीम उर्फ सल्लू मादक पदार्थो की काफी समय से तस्करी का काम करता था पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस के माध्यम से बुधवार को सलमान को फोर्ड कार के साथ दबोच कर तलाशी ली तो एक बोरी मे उसके पास कुल 18 किलो पोस्ता का छिलका(डोडा) बरामद हुआ तस्कर ने पुलिस पूंछताछ मे बताया कि इसको नशे के लती लोगों को बिक्री करता है सलमान इसे कहां से लेकर आया इसके बारे मे पुलिस कुछ भी बताने से बच रही है।

नशे से रहे दूर, प्रेम शौहर्द से मनाये रंगोत्सव: आनंद तिवारी

एसडीएम व क्षेत्राधिकारी रामनगर ने की बदोसराय कोतवाली मे पीस कमेटी की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। लोकसभा चुनाव, होली, रमजान पर्वों को लेकर कोतवाली बदोसराय परिसर में एसडीएम सिरौलीगौसपुर आनन्द तिवारी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई।

बैठक में एसडीएम ने उपस्थित लोगों से लोकसभा चुनाव, होली रमजान पर्वों को आपसी भाई चारा के साथ विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मनाने की अपील किया।पुलिस क्षेत्राधिकारी रामनगर आलोक कुमार पाठक ने ग्राम प्रधानों सम्भ्रान्त नागरिकों से अपील करते हुए कहा आपसी मतभेदों को भुलाकर गंगा जमुनी तहजीब में पर्व मनावें। थानाध्यक्ष बदोसराय प्रफुल्ल कुमार यादव ने चिन्हित होली जलने वाले स्थानों पर होली इस वर्ष भी जलने में किसी गांव में कोई असुविधा तो नहीं है आदि विषयक जानकारी पीस कमेटी की बैठक में उपस्थित लोगों से ली। थानाध्यक्ष ने लोक सभा चुनाव, होली रमजान पर्वों को आपसी भाईचारा के साथ मनाने की बात कही गई।इस मौके पर अकरम अंसारी, शैलेन्द्र कुमार उर्फ मखन्चू, जयप्रकाश वर्मा केदारनाथ वर्मा, हाफिज मोहम्मद शोले मोहम्मद हंजला माजिद हाशमी जयराम मौर्या रामसागर यादव शिवम तिवारी, बब्लू बीडीसी निसार मेहंदी,सतीश रावत जमशेद रविंद्र अवस्थी , ननकू यादव, राकेश बाबा मैकूलाल,एस एस आई लालता प्रसाद अरुण कुमार विनय कुमार वर्मा सुशील कुमार यादव सहित समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

गैर प्रांत के चरवाहों को सैकड़ों गौवंशीय पशुओं के साथ ग्रामीणों ने घेरा, किया पुलिस के हवाले

कैनविज टाइम्स संवाददात

जैदपुर बाराबंकी ।गैर प्रांत से आए एक दल के साथ सैंकड़ों की संख्या में गौवंशीय पशुओं के झुंड को देखकर ग्रामीण आश्चर्य चकित होकर एक एक करके भारी संख्या ग्रामीण एकत्रित होने लगे। और गौवंशीय पशुओं के साथ अनहोनी अप्रिय घटना की आंशका जाहिर करते हुए इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को लेकर थाने पहुंची। जहां पर सभी से पूछताछ की गई। दरअसल जैदपुर थाना क्षेत्र के बलछट में बुधवार को गैर प्रांत से आए करीब एक दर्जन से अधिक महिला व पुरुषो द्वारा सैकड़ों की संख्या में गौवंशीय पशुओं को लेकर गांव के समीप से गुजर रहे थे। तभी एक एक करके भारी संख्या में ग्रामीण एकत्रित होने लगे और गौवंशीय पशुओं के साथ अप्रिय घटना की आंशका जाहिर करते हुए इसकी सूचना जैदपुर पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही जैदपुर पुलिस टीम व पशु चिकित्सा अधिकारी मौके पर पहुंचे और उक्त लोगों से पूछताछ करने के बाद हिरासत में लेकर थाने पहुंची। वही सभी गौवंशीय पशुओं को मकबूलगंज गौशाला पहुंचाया गया। जहां पर पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा सभी पशुओं का परीक्षण किया गया है। वही इस मौके पर मौजूद भारतीय किसान यूनियन टिकैत के तहसील अध्यक्ष शिव नारायन सिंह ने बताया की गैर प्रांत के लोग सैकड़ों की संख्या में गौवंशीय पशु लेकर जा रहे थे। जिससे आंशका हो रही है की इन पशुओं के साथ कोई भी अप्रिय घटना हो सकती थी। वही पुलिस ने सभी से पूछताछ कर रही हैं। वही थाना प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना के बाद सभी लोगों को थाना पर लाया गया है तथा पूछताछ की जा रही हैं।

ग्रीन गैंग व आंखे फाउंडेशन ने गौरैय्या दिवस पर सेवानिवृत वन दरोगा तेजबहादुर उपाध्याय को किया सम्मानित

बाराबंकी। विश्व गौरैया दिवस पर आँखें फाउंडेशन एवं ग्रीन गैंग द्वारा गौरैया संरक्षण में उल्लेखनीय कार्य करने वाले वजीउद्दीन पुर निवासी वन विभाग से सेवा निवृत्त वन दरोगा तेज बहादुर सिंह को उनके आवास पर सम्मानित किया गया। तेज बहादुर सिंह के घर मे गौरैया ने एक दर्जन घोंसले बनाये हुए हैं जिनमें अंडे भी हैं। तेज बहादुर का कहना है कि आसपास हरियाली अधिक होने के कारण तथा हर रोज दाना पानी रखने के कारण गौरैया हमारे घर मे पूरी स्वतंत्रता से आती जाती रहती है। विगत डेढ़ दर्जन वर्षों से गौरैया संरक्षण पर काम कर रही संस्था ऑखें फाउंडेशन के संस्थापक प्रदीप सारंग के नेतृत्व में ग्रीन गैंग अध्यक्ष एड रजत बहादुर वर्मा, शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष तेज कुमार उपाध्याय, पर्यावरण सैनिक नितेश वर्मा ने पर्यावरण प्रेमी तर्ज बहादुर को उनके गांव वजीउद्दीन पुर पहुंचकर अंगवस्त्र प्रशंसा पत्र गमला पौध देकर सम्मानित किया।

संदिग्ध हालत मे झाड़ियों के पास मिला निरिक्षण भवन के चौकीदार का शव, पुलिस जांच मे जुटी

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पीडब्लूडी के निरीक्षण भवन के तैनात चौकीदार का शव संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे पड़ा मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामे की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए ज़िला मुख्यालय भेज दिया है और मामले की जांच पड़ताल कर रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार दरियाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुसफर निवासी रामराज शर्मा सिरौलीगौसपुर स्थित पीडब्लूडी के निरीक्षण भवन में चौकीदार के पद पर तैनात है। सोमवार की देर रात कोतवाली बदोसराय क्षेत्र अंतर्गत अद्रा पुल के समीप कोटवाधाम से कोटवा सडक मार्ग पर रामराज शर्मा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे पड़ा मिला। शव के समीप ही कुछ दूरी पर रामराज शर्मा की मोटरसाइकिल भी पड़ी हुई थी।

रात्रि गश्त पर निकले पुलिसकर्मियों की नज़र जब सड़क किनारे बेसुध पड़े चौकीदार पर पड़ी तो पुलिसकर्मियों ने उसे रात्रि के करीब साढ़े ग्यारह बजे संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर पंहुचाया। जहां इमरजेंसी में मौजूद डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष बदोसराय प्रफुल्ल कुमार यादव ने बताया है कि मृतक के सिर में चोट पाए जाने से लग रहा है कि अपने घर कुसफर जाने के दौरान रामराज के साथ कोई अनहोनी हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच की जा रही है।

ट्रांसफार्मर मे शार्ट सर्किट के बाद स्टैंड पर खड़ी बाइको में तेज धमाके के साथ लगी आग, बाइक जलकर हुईं खाक

धू-धूकर जली तीनो बाइक, नगर पालिका परिषद नवाबगंज व विद्युत विभाग की लापरवाही उजागर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। शहर के स्टेशन रोड पर बने पुलिस क्लब के सामने नगर पालिका द्वारा आवंटित साइकिल एवं मोटरसाइकिल स्टैंड में लगा ट्रांसफार्मर बुधवार को तेज धमाके के साथ जलने लगा। यहां देखते-देखते आग ने पास में खड़ी मोटरसाइकिलों को भी चपेट में ले लिया। जिससे न्यायालय में आए वादकारियों की बाइक जलकर खाक हो गई। गनीमत रही की हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। इस स्थिति में यह प्रश्न अवश्य उठता है की नगर पालिका ने जब यह स्थान मोटरसाइकिल स्टैंड हेतु आवंटित कर रखा है तो यहां लगा ट्रांसफार्मर क्यों नहीं हटाया गया। यह लापरवाही विद्युत विभाग और नगर पालिका परिषद की है।

श्रद्धालुओं ने निकाली श्री खाटू श्याम की शोभायात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर-बाराबंकी। एकादशी के शुभ अवसर पर भक्तो द्वारा नगर के श्री शक्तिधाम महादेव तालाब मंदिर परिसर से भव्य निशान शोभा यात्रा का आयोजन किया गया।जिसमे अबीर गुलाल उड़ाते हुए बड़ी संख्या में भक्त भगवान खाटू श्याम के गीतों पर थिरकते नजर आए। इस अवसर पर ग्राम सधई पुरवा व जारक वीर बाबा के निकट खाटू श्याम के मंदिर में पूजा अर्चना के साथ भक्तो ने फॉग होली भी खेली।

ज्ञात हो बुधवार को कस्बे से श्री शक्तिधाम महादेव तालाब मंदिर परिसर में भगवान खाटू श्याम की दो शोभा यात्रा निकाली गई। सबसे पहले सुबह 9 बजे भगवान खाटू श्याम की सुंदर झांकी फूलो से सुसज्जित कर पीत पताकाएं लेकर भक्तो द्वारा निशान शोभा यात्रा निकाली गई। जो मोहल्ला पचघरा, ब्राम्हणी टोला, मुंशीगंज, सटटी बाजार से ग्राम इसेपुर होते हुए सधाई पुरवा खाटू शाम मंदिर पहुंच कर समाप्त हुई। इसी कड़ी में 10 बजे जारक वीर बाबा विकास समिति के तत्वाधान में निशान शोभा यात्रा का भी शुभारंभ किया गया। यह शोभा यात्रा तहसील चौराहा, सूरतगंज चौराहा, पटेल चौराहा, मस्तान रोड, फूल वाली गली होते हुए जारक वीर बाबा मंदिर परिसर में बने खाटू श्याम मंदिर पर पहुंच कर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में बाबा के बज रहे भजन कभी रूठना न मुझसे वो श्याम सवार अब जिंदगी है तेरे नाम सावरे, एक आस तुम्हारी है विश्वास तुम्हारा है अब तेरे सिवा बाबा अब कौन हमारा है जैसे भजनों पर भक्त अबीर गुलाल उड़ाते हुए जयकारा के साथ थिरक रहे थे। देर शाम को भजन संध्या का आयोजन भक्तो द्वारा किया गया। इस मौके पर सतीश वर्मा, मुकेश अग्रवाल,किशन सोनी, सूरज गुप्ता, प्रखर शर्मा, आकाश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्त मौजूद रहे।

उचित दर विक्रेता पर गंभीर आरोप लगा सीएम पोर्टल पर शिकायत

रामसनेही घाट बाराबंकी। तहसील रामसनेहीघाट के अंतर्गत पूरे ऊंचे मजरे टांडा गांव के कोटेदार पर गांव के ही दिनेश कुमार ने दबंगई करने का आरोप लगाया है। दिनेश कुमार ने पूर्ति निरीक्षक रामसनेहीघाट को लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है।दिए गए प्रार्थना पत्र में पीड़ित ने बताया कि वो हर माह प्रधानमंत्री अन्न योजना के तहत नजदीकी सरकारी गल्ले की दुकान से राशन ले लेकर अपने परिवार का पेट पालता है।लेकिन पिछले तीन माह से कोटेदार गुड्डू के द्वारा उससे अंगूठा लगवाने के बाद राशन नहीं दिया जाता है।इसकी शिकायत पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी किया है।

हमारे सनातन संस्कृति में शक्ति स्वरूपा के रूप में पूजा जाता है बेटी को : राजेंद्र मिश्र

प्रयागराज। हमारी सनातन संस्कृति में देश की बेटी को शक्ति स्वरूपा के रूप में पूजा जाता है और राहुल गांधी ने देश की नारी शक्ति का जो अपमान किया है उसका जवाब राहुल गांधी को लोकसभा के चुनाव में मिल जाएगा। उन्हें पता चल जाएगा कि देश की नारी अब फूल नहीं चिंगारी बन चुकी है और यह चिंगारी उन्हें भस्म करके रख देगी।यह बातें भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने सिविल लाइन स्थित कार्यालय में नारी शक्ति का अभिनंदन करते हुए कही। इस अवसर पर उन्होंने देश की बेटियों का अंगवस्त्रम पहनाकर एवं टीका चंदन लगाकर अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में देश की बेटियों को सशक्त बनाने का काम किया गया और उन्हें हर क्षेत्र में बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनकी ताकत बनकर खड़े हुए हैं।मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इसके अलावा शहर पश्चिमी विधानसभा के प्रीतम नगर मंडल कार्यालय में चुनाव के संदर्भ में बैठक हुई। जिसमें महानगर अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्र ने विजय लक्ष्य 400 पार के साथ चुनाव में पूरी ताकत झोंकने को कहा।इस अवसर पर शशि वार्ष्णेय प्रेम नारायण केसरवानी, शिखा रस्तोगी, संजय कुशवाहा, प्रमोद जायसवाल, दीपिका पटेल, ऋषभ महाजन, प्रतीक त्यागी, दीपक कुशवाहा, अनिल कुशवाहा, बरखा जायसवाल आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शाही ईदगाह मस्जिद स्थित श्रीकृष्ण कूप के पूजा अर्जी पर मस्जिद पक्ष को जवाब दाखिल करने का समय

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि से शाही ईदगाह मस्जिद का अवैध कब्जा हटाने सहित कई मामलों को लेकर दाखिल सिविल वादों की पोषणीयता पर आपत्ति की सुनवाई जारी है।

न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन के समक्ष मुस्लिम पक्ष की तरफ से सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता तसनीम अहमदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बहस की। सिविल वादों पर मस्जिद पक्ष के अधिवक्ता नसईरूज्जमा, मंदिर पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन, प्रदीप शर्मा, प्रभाष पांडेय, हरे राम त्रिपाठी, न्यायमित्र वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष गोयल आदि कोर्ट में मौजूद थे।वाद संख्या 4 श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष शाकुंभरी पीठाधीश्वर आशुतोष पाण्डेय ने दाखिल अर्जी पर पक्ष रखते हुए कहा कि शाही ईदगाह मस्जिद परिसर स्थित श्रीकृष्ण कूप में वर्षों से बासोदा पूजा होती आ रही है। एक अप्रैल को मां शीतला सप्तमी व दो अप्रैल को मां शीतला अष्टमी की पूजा अर्चना की जानी है। मुस्लिम समुदाय द्वारा उन्हें पूजा करने से रोका जा रहा है। उन्होंने पेन ड्राइव पेश की।

मस्जिद पक्ष की तरफ से कहा गया कि उन्हें पेन ड्राइव की प्रति नहीं दी गई है। जिसके कारण वह अर्जी का जवाब दाखिल करने में असमर्थ हैं। जिस पर कोर्ट ने वादी को पेन ड्राइव की प्रति मस्जिद पक्ष के अधिवक्ता नसईरूज्जमा को देने तथा उन्हें अपना जवाब अगली सुनवाई की तिथि एक अप्रैल तक दाखिल करने का समय दिया है।

कोर्ट ने मस्जिद पक्ष की तरफ से वाद संख्या 4/23 को निरस्त करने की दाखिल अर्जी जो जिला अदालत में दी गई थी, की प्रति यहां के वकील को देने तथा उन्हें जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। एक अन्य वाद में दाखिल अर्जी का भी कोर्ट ने विपक्षी से जवाब मांगा है। सभी वादों की सुनवाई 1 अप्रैल को दो बजे से होगी।

मोबाइल टावर और कीटनाशक बना गौरैया के लिए घातक : चंद्रभूषण शुक्ला

जीवोत्थान सेवा समिति द्वारा कृति पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेही घाट, बाराबंकी। विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर जनपद बाराबंकी के रामसनेही घाट के भगवानपुर स्थित कृति पब्लिक स्कूल में गौरैया विषयक को लेकर जीवोत्थान सेवा समिति द्वारा जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

20 मार्च को पूरे विश्व में गौरैया दिवस मनाया जाता है। जिसको लेकर जीव हित में कार्य कर रही जीवोत्थान सेवा समिति ने कृति पब्लिक स्कूल में गौरैया को संरक्षित और उसके प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामसनेही घाट फायर ब्रिगेड प्रभारी चंद्रभूषण शुक्ला ने कहा कि नन्हीं सी प्यारी सी गौरैया अब जाने कहां चली गई। गौरैया का हमारे घर में घोंसला बनाना सुख और समृद्धि का प्रतीक होता है। तमाम हानिकारक सूक्ष्म जीवों से गौरैया हमारी रक्षा करती है लेकिन आज मोबाइल नेटवर्क का बढ़ता रेडिएशन और बदलता वातावरण उसकी मृत्यु का कारण बन गया है। अभी भी समय है , कि हम गौरैया के संरक्षण के प्रति कार्य करना आरंभ कर दें। स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ0 फरजाना शकील अली खान एवम् विवेक सूर्यवंशी (अध्यक्ष जीवोत्थान सेवा समिति) ने गौरैया विषयक को लेकर बच्चों को गौरैया के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विस्तारपूर्वक चर्चा की।

इस दौरान कृति पब्लिक स्कूल के छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक कर गौरैया के संरक्षण का संदेश दिया। समिति द्वारा बच्चों से गौरैया से संबंधित प्रश्न पूछकर सही उत्तर देने वाले बच्चों को गौरैया घर भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे रक्तमित्र / पर्यावरण सैनिक आशीष सिंह ने बच्चों से अपील की कि अपने घरों में छत पर मिट्टी के बर्तन में पानी व गौरैया घर जरूर रखेंगे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से वन विभाग से ऋषभ शर्मा व राजेश कुमार, पशुधन चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रामसनेही, विजय सिंह अग्निशमन विभाग, जीवोत्थान सेवा समिति से राम प्रकाश गुप्ता, आशुतोष सिंह, देवेश सिंह व विद्यालय स्टाफ एवम् विद्यार्थीगण मौजूद रहा।

विश्व गौरैया दिवस सेवानिवृत्त वनदरोगा सम्मानित

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। विश्व गौरैया दिवस पर आँखें फाउंडेशन एवं ग्रीन गैंग द्वारा गौरैया संरक्षण में उल्लेखनीय कार्य करने वाले वजीउद्दीनपुर निवासी वन विभाग से सेवा निवृत्त वन दरोगा तेज बहादुर सिंह को उनके आवास पर सम्मानित किया गया। तेज बहादुर सिंह के घर मे गौरैया ने एक दर्जन घोंसले बनाये हुए हैं जिनमें अंडे भी हैं। तेज बहादुर का कहना है कि आसपास हरियाली अधिक होने के कारण तथा हर रोज दाना पानी रखने के कारण गौरैया हमारे घर मे पूरी स्वतंत्रता से आती जाती रहती है.विगत डेढ़ दर्जन वर्षों से गौरैया संरक्षण पर काम कर रही संस्था ऑखें फाउंडेशन के संस्थापक प्रदीप सारंग के नेतृत्व में ग्रीन गैंग अध्यक्ष एड रजत बहादुर वर्मा, शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष तेज कुमार उपाध्याय, पर्यावरण सैनिक नितेश वर्मा ने पर्यावरण प्रेमी तर्ज बहादुर को उनके गांव वजीउद्दीन पुर पहुंचकर अंगवस्त्र प्रशंसा पत्र गमला पौध देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर शिक्षक नेता तेज कुमार उपाध्याय ने कहा कि कच्चे घर समाप्त होने एवं हरियाली के। होने से गौरैया के जीवन पर संकट आया है। हम सबको गौरैया बचाने के लिए प्रयास करने चाहिए।

एसएचओ शिवकुटी बतायें क्यों नहीं दर्ज की एफआईआर या दो अप्रैल को पेश हों

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एसएचओ शिवकुटी प्रयागराज से हलफनामा मांगा है कि उन्होंने याची की एफआईआर दर्ज क्यों नहीं की ? कहा है कि यदि आदेश का पालन नहीं करते तो अगली सुनवाई की तिथि 2 अप्रैल को हाजिर हों।यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ तथा न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की खंडपीठ ने रतन शंकर दीक्षित की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। कोर्ट ने सरकारी अधिवक्ता से जानकारी मांगी है।मालूम हो कि शिवकुटी निवासी अधिवक्ता रतन शंकर दीक्षित की पत्नी शिवकुटी इलाके में किराए पर कंफेक्शनरी की दुकान चला रहा थीं। दुकान का मुकदमा उच्च न्यायालय में लम्बित है। किराएदार के पक्ष में स्थगन आदेश पारित किया गया है। याची के अधिवक्ता जयंत कुमार ने कहा कि कोर्ट के अंतरिम आदेश के बावजूद मकान मालिक उत्कर्ष यादव ने रात में दुकान का ताला तोड़कर कब्जा कर लिया और दुकान में रखा सारा सामान जिसकी कीमत करीब 3 लाख है, उसे हड़प लिया। याची की शिकायत के बावजूद थानाध्यक्ष शिवकुटी द्वारा प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई जो कि उच्चतम न्यायालय द्वारा दिये गए निर्देशों की अवहेलना हैं।

गोवंश हत्या के आरोप में प्रधान पति समेत चार गिरफ्तार

जौनपुर। मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के बाबू रामपुर गांव में बुधवार सुबह उस समय हड़कम्प मच गया जब गांव की गौशाला में पशुओं के कराहने की आवाज सुन ग्रामीण गौशाला में पहुंचे तो वहां पशुओं का कटा मांस देखकर हैरान हो गए। वहीं मौके से पशुवध का मांस खरीदने आये युवक को ग्रामीणों ने धर दबोचा। घटना के बाद मौके पर भारी फोर्स तैनात कर दी गई है। पुलिस ने प्रधान पति सहित चार को गिरफ्तार कर लिया है। गौशाला की रक्षा के लिए गांव के ही लगे दो युवक मौके से फरार हो गए।थाना क्षेत्र के सुजानगंज मुंगराबादशाहपुर बार्डर का गांव बाबूरामपुर के गौशाला में तैनात दो युवक गौकशी करके उसे बेचने के फिराक में थे। खरीदारी करने आया युवक ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गया। जबकि मुख्य आरोपी दो युवक फरार हो गये।बुधवार सुबह ग्रामीण गौशाला की तरफ से गुजर रहे थे तो उसमें तेज तेज आवाज आ रही थी। ग्रामीणों को शक हुआ तो अंदर गये तो नजारा देखने के बाद उनके होश उड़ गये। गौशाला में गौकशी की गई थी, चारों तरफ खून बिखरा पड़ा था। गौशाला में तैनात दो युवक राम सहल व संत लाल गौतम निवासी बाबूरामपुर भाग खड़े हुए। मौके पर मौजूद खरीदारी करने आया अंजय कुमार निवासी फूलपुर ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गया।गुस्साए लोगों ने अजय कुमार की जमकर पिटाई की और पुलिस को घटना की जानकारी दी।

थानाध्यक्ष संतोष पाठक को जानकारी मिली तो वह मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये और युवक को हिरासत में ले लिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस गौकशी में प्रधान पति प्रदीप सरोज की भी संलिप्तता है। मौके पर एसपी ग्रामीण शैलेन्द्र सिंह, सीओ मछली शहर गिरेन्द्र सिंह, एसडीएम राजेश चौरसिया भी पहुंचे और घटना का जायजा लिया।

तीन वनडे और पांच टी20 मैचों के लिए वेस्टइंडीज की मेजबानी करेगी पाकिस्तानी महिला क्रिकेट टीम

एजेंसी

नई दिल्ली । पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम अप्रैल में तीन वनडे और पांच टी20 मैचों की सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की मेजबानी करेगी। सीरीज के सभी मैच कराची के नेशनल बैंक स्टेडियम (एनबीएस) में होंगे। वेस्टइंडीज और पाकिस्तान के बीच तीन वनडे मैच आईसीसी महिला चैंपियनशिप 2022-25 का हिस्सा होंगे। पहला वनडे मैच 18 अप्रैल को होगा। वहीं, दूसरा और तीसरा मैच क्रमशः 21 और 23 अप्रैल को होगा। तीन मैचों की 50 ओवरों की श्रृंखला के बाद 26 अप्रैल से 3 मई तक पांच मैचों की टी20ई खेली जाएगी, जिससे पाकिस्तान और वेस्टइंडीज दोनों को आगामी महिला टी20 विश्व कप की तैयारियों में मदद मिलेगी।

नवंबर 2021 के बाद वेस्टइंडीज की महिलाओं का यह पहला पाकिस्तान दौरा होगा। पिछली बार उन्होंने तीन एकदिवसीय मैचों के लिए देश का दौरा किया था, जिसमें उन्होंने जीत हासिल की थी। आईसीसी ने पाकिस्तान की महिला क्रिकेट प्रमुख तानिया मलिक के हवाले से कहा, ''हम आगामी श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज महिला टीम का पाकिस्तान में हार्दिक स्वागत करते हैं। 2022-25 चक्र के भीतर घर पर चौथी महिला चैंपियनशिप श्रृंखला की मेजबानी करना महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने और हमारे खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करने के लिए पीसीबी की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। उन्होंने कहा, ''वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी श्रृंखला सिर्फ क्रिकेट के बारे में नहीं है; यह क्रिकेट खेलने वाले देशों के बीच संबंधों को विकसित करने और संबंधों को मजबूत करने के बारे में है। आईसीसी महिला चैम्पियनशिप 2022-25 पाकिस्तान महिला टीम के लिए अपने समापन पर आ रही है, दांव पहले से कहीं अधिक है। टीम आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेगी। पाकिस्तान महिला टीम की वर्तमान स्थिति हमारे दृढ़ संकल्प और समर्पण को दर्शाती है, और हमारा लक्ष्य घरेलू मैदान पर तीन चैंपियनशिप मैचों से अधिकतम अंक एकत्र करना है।

श्रृंखला का कार्यक्रम इस प्रकार है:

18 अप्रैल: पहला वनडे, कराची (आईसीसी महिला चैम्पियनशिप)।
21 अप्रैल: दूसरा वनडे, कराची (आईसीसी महिला चैम्पियनशिप)।
23 अप्रैल: तीसरा वनडे, कराची (आईसीसी महिला चैम्पियनशिप)।
26 अप्रैल: पहला टी20 मैच, कराची।
28 अप्रैल: दूसरा टी20 मैच, कराची।
30 अप्रैल: तीसरा टी20 मैच, कराची।
2 मई: चौथा टी20 मैच, कराची।
3 मई: 5वां टी20 मैच, कराची।

पेरिस 2024 की तैयारी के लिए शॉटगन टीमें घोषित

एजेंसी

नई दिल्ली। देश में ओलंपिक खेल निशानेबाजी की शासी निकाय, नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने मंगलवार को इस वर्ष के सबसे बड़े आयोजन, पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले वाली होने वाली विभिन्न महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए भारतीय शॉटगन टीमों की घोषणा की। पेरिस 2024 ओलंपिक खेल जुलाई के अंत में निर्धारित हैं। टीम का पहला असाइनमेंट पेरिस ओलंपिक की फाइनल क्वालीफाइंग प्रतियोगिता होगी जो 19-29 अप्रैल, 2024 के बीच कतर की राजधानी दोहा में खेली जाएगी। इसके लिए 12 सदस्यीय टीम की घोषणा की गई है। पुरुषों और महिलाओं के ट्रैप और स्कीट में प्रत्येक एक-एक कोटा के साथ चार कोटा अभी भी हासिल किये जा सकते हैं, मौजूदा कोटा धारकों को स्वाभाविक रूप से बाहर रखा गया है। पुरुषों के ट्रैप में पृथ्वीराज टोंडिमन और विवान कपूर, महिलाओं के ट्रैप में श्रेयसी सिंह और मनीषा कीर, पुरुषों की स्कीट में मैराज अहमद खान और शीराज शेख और

अंत में महिलाओं की स्कीट में गनेमत सेखों और महेश्वरी चौहान घोषित तीन (दलों) टीमों का हिस्सा रहेंगे। जबकि ज़ोरावर संधू को दोहा में पुरुषों के ट्रैप में, नीरू को महिलाओं के ट्रैप में, ओलंपियन अंगद बाजवा को पुरुषों की स्कीट में और अरीबा खान को महिलाओं की स्कीट में प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिला है जो वहां से पेरिस कोटा हासिल करने का पूरा प्रयास करेंगें। फिर पेरिस तक होने वाले अंतिम तीन आयोजनों, इटली के उम्ब्रिया में ग्रीन कप शॉटगन, अजरबैजान की राजधानी बाकू में आईएसएसएफ संयुक्त विश्व कप (दोनों मई में) और , इटली के लोनाटो में जून में शॉटगन विश्व कप के साथ कोटा धारक भवनीश मेंदीरत्ता (पुरुष ट्रैप), राजेश्वरी कुमारी (महिला ट्रैप), अनंत जीत सिंह नरूका (पुरुष स्कीट) और रायज़ा ढिल्लन (महिला स्कीट) शीर्ष रैंक के खिलाड़ियों के साथ वापसी करेंगें। ओलंपिक शॉटगन के संभावित खिलाड़ी पहले से ही नई दिल्ली में एक तकनीकी प्रशिक्षण शिविर से गुजर रहे हैं, जिसके बाद दोहा के लिए उनके प्रस्थान से पहले ट्रैप और स्कीट दोनों टीमों के लिए केंद्रित तैयारी शिविर आयोजित किए जाएंगे।

शॉटगन दस्ते ने खेलों के साथ अपने लंबे जुड़ाव में अब तक सबसे अधिक संख्या में ओलंपिक कोटा (4) जीते हैं।

अंकुर ने की धुआंधार बल्लेबाजी, अखिल इंफ्रा ने एनईआर को हराया

लखनऊ। सुबोध मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमी फाइनल में अखिल इंफ्रा क्रिकेट क्लब ने नार्थ ईस्ट रेलवे को छह विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अखिल इंफ्रा के अंकुर मलिक ने धुआंधार 84 रन बनाये। एनईआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में आठ विकेट गवांकर 243 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज अमित सिंह मात्र एक रन बनाकर आउट हो गये। वहीं सौरभ दुबे ने अपनी टीम में सर्वाधिक 84 रन बनाये। यह रन उन्होंने 93 बाल पर बनाये। अवनीश सिंह ने 24 रन का योगदान दिया। शिव कुमार ने 45 रन बनाये। वहीं अखिल इंफ्रा की टीम ने चार विकेट गवांकर ही 247 रन बना लिये और छह विकेट से मैच को जीत लिया। अंकुर मलिक ने नौ चौका और चार छक्का की मदद से 69 बाल पर 84 रन बनाये। टीम के मो. सैफ ने 69 बाल पर 65 रन बनाये। अभिनव दीक्षित ने 48 रन बनाये।

अक्षदीप ने की शानदार बल्लेबाजी, एलडीए पहुंचा फाइनल में

लखनऊ । सुबोध मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमी फाइनल में एलडीए ने रेप्ल क्रसडर्स क्लब को आठ विकेट से मात देकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। इस मैच में एलडीए के अक्षदीप ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 106 रन बनाये। रेप्ल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 173 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज अमन ने 20 रन का योगदान दिया। वहीं शाश्वत शून्य पर ही पवेलियन लौट गये, जबकि सावन कुमार सिंह ने अपनी टीम में सर्वाधिक 69 रन बनाये, जबकि आदित्य ने 31 रन अभय ने 12 रन का योगदान दिया। एलडीए की टीम ने मात्र दो विकेट गवांकर 174 रन बना लिये और मैच को आठ विकेट से जीत लिया। सलामी बल्लेबाज आदित्य पांडेय मात्र दो रन बनाकर पवेलियन लौट गये, जबकि देश दीपक शून्य पर ही आउट हो गये। अक्षदीप ने 13 चौका और एक छक्का की मदद से 106 रन बनाये और अंत तक क्रीज पर जमे रहे। वहीं मो. अल्ताफ ने 55 रन का योगदान दिया।

स्विस ओपन 2024: ट्रीसा जॉली-गायत्री गोपीचंद की जोड़ी दूसरे दौर में

बासेल । भारतीय महिला युगल जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने मंगलवार को स्विट्ज़रलैंड के बासेल में आयोजित स्विस ओपन 2024 के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। भारतीय शटलरों ने राउंड 32 में एनी जू और केरी जू की अमेरिकी जोड़ी को 21-15, 21-12 से हराकर आसान जीत हासिल की। यह गेम 39 मिनट तक चला। इस बीच, हरिहरन अम्सकारुनन और रूबन कुमार रेथिनासाबापति की पुरुष युगल जोड़ी ने क्वालीफाइंग दौर में फ्रांसीसी जोड़ी नातान बेग्गा और बैप्टिस्ट लाबार्थे के खिलाफ 21-17, 21-15 से आसान जीत दर्ज की। स्विस ओपन 2024 के मिश्रित युगल में, बी सुमीथ रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी ब्राजील के डेवी सिल्वा और सामिया लीमा को 21-12, 21-17 से हराकर मुख्य ड्रॉ में पहुंचे। दूसरी ओर, अन्य तीन भारतीय महिला युगल जोड़ियों रुतपर्णा पांडा-श्वेतापर्णा पांडा, अश्विनी भट्ट-शिखा गौतम और प्रिया कोन्जेंगबाम-श्रुति मिश्रा को अपने-अपने मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। भारत के समीर वर्मा और सतीश कुमार करुणाकरण ने क्वालीफाइंग दौर के पुरुष एकल स्पर्धा में अपना पहला मैच जीता, लेकिन अपने दूसरे क्वालीफाइंग मैच में हार का सामना करने के बाद वे मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने में असफल रहे।

क्रिप्टो करेंसी मार्केट में रौनक, बिटकॉइन समेत 9 आभासी मुद्राओं में तेजी

नई दिल्ली। क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज रौनक नजर आ रही है। बाजार में आज खरीदारी का माहौल बना रहा, जिसके कारण मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से सिर्फ एक एवालांचे गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार करते नजर आए जबकि बिटकॉइन और एथेरियम समेत 9 क्रिप्टो करेंसी मजबूती के साथ ग्रीन जोन में कारोबार करते रहे। आज के कारोबार में दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन ने करीब 2 प्रतिशत की छलांग लगाई। हालांकि क्रिप्टो करेंसी मार्केट में इस आभासी मुद्रा की हिस्सेदारी आज कमजोर हुई है। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 1.90 प्रतिशत की मजबूती के साथ 63,669.44 डॉलर यानी 52.96 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एथेरियम की कीमत भी आज 1.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ उछल कर 3,258.29 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा टेथर 0.03 प्रतिशत, बीएनबी 6.30 प्रतिशत, सोलाना 4.45 प्रतिशत, एक्सआरपी 2.80 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.02 प्रतिशत, कार्डानो 2.04 प्रतिशत और डोजेकॉइन 7.79 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। इनके मुकाबले एवालांचे 2.63 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहा था। कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 1.33 प्रतिशत की मजबूती दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप बढ़ कर 2.38 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 195.64 लाख करोड़ रुपये हो गया है। ग्लोबल मार्केट कैप में उछाल आने के बावजूद पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में गिरावट दर्ज की गई है। इस अवधि में कुल 16,122 करोड़ डॉलर यानी 13.37 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 8.19 प्रतिशत कम है। अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें तो कीमत में तेजी आने के बावजूद पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में इस आभासी मुद्रा की स्थिति 0.34 प्रतिशत कमजोर हुई है।

होली विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए होली सीज़न के दौरान उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

गाड़ी सं.	स्टेशन से	प्रस्थान समय	स्टेशन तक	आगमन समय	चलने के दिन	अवधि	ठहराव
01053	लोकमान्य तिलक(टर्मि.)	12:15	बनारस	16:05	बुधवार	27.03.24	प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य
01054	बनारस	20:30	लोकमान्य तिलक(टर्मि.)	23:55	गुरूवार	28.03.24 तक	
01123	लोकमान्य तिलक(टर्मि.)	12:15	गोरखपुर जं.	18:55	शुक्रवार	29.03.24 तक	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य
01124	गोरखपुर जं.	21:15	लोकमान्य तिलक(टर्मि.)	07:25	शनिवार	30.03.24 तक	
01103	छत्रपति शिवाजी महाराज (टर्मि.)	22:35	गोरखपुर जं.	09:30	गुरूवार	28.03.24 तक	प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य
01104	गोरखपुर जं.	15:30	छत्रपति शिवाजी महाराज (टर्मि.)	00:40	शनिवार	30.03.24 तक	
05115	छपरा	17:45	आनन्द विहार (टर्मि.)	11:50	बुधवार	27.03.2024	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य
05116	आनन्द विहार (टर्मि.)	14:45	छपरा	09:30	गुरूवार	21.03.24 एवं 28.03.24	
05023	गोरखपुर जं.	21:15	आनन्द विहार (टर्मि.)	13:15	रविवार	24.03.24 एवं 31.03.24	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य
05024	आनन्द विहार (टर्मि.)	15:15	गोरखपुर जं.	07:30	सोमवार	25.03.24 एवं 01.04.24	
05097	टनकपुर जं.	18:25	दौरई जं.	13:40	शुक्र, सोम, बुध	22.03.24 से 29.03.24	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य
05098	दौरई जं.	16:05	टनकपुर जं.	09:35	शनि, मंगल, वीर	23.03.24 से 30.03.24	
05047	बनारस	19:20	आनन्द विहार (टर्मि.)	09:30	मंगलवार	26.03.2024	वाता. 3 टीयर एवं वाता. कुर्सीयान
05048	आनन्द विहार (टर्मि.)	18:15	बनारस	08:10	बुधवार	27.03.2024	
05053	गोरखपुर जं.	09:30	बांद्रा टर्मिनस	16:00	शुक्रवार	22.03.24 एवं 29.03.24	सामान्य
05054	बांद्रा टर्मिनस	21:45	गोरखपुर जं.	06:25	शनिवार	23.03.24 एवं 30.03.24	
05005	गोरखपुर जं.	14:40	अमृतसर	09:30	बुधवार	27.03.2024	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य
05006	अमृतसर	12:45	गोरखपुर जं.	08:50	गुरूवार	21.03.24 एवं 28.03.24	
05049	छपरा	09:55	अमृतसर	09:30	शुक्रवार	22.03.24 एवं 29.03.24	वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य
05050	अमृतसर	12:45	छपरा	14:00	शनिवार	23.03.24 एवं 30.03.24	
05012	गोमती नगर	14:00	छपरा	00:05	गुरू, शनि सोम, बुध	21.03.24 से 27.03.24	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य
05011	छपरा	05:45	गोमती नगर	16:00	शुक्र, रवि, मंगल, गुरू	22.03.24 से 28.03.24	
05045	लालकुआं	13:10	राजकोट	18:10	रविवार	24.03.24 से 31.03.24	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य
05046	राजकोट	22:30	लालकुआं	04:05	सोमवार	25.03.24 एवं 01.04.24	
05193	छपरा	15:20	पनवेल	20:30	गुरूवार	21.03.24 से 28.03.24	वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य
05194	पनवेल	21:40	छपरा	08:50	शुक्रवार	22.03.24 से 29.03.24	
09526	नाहरलगुन	10:00	हापा	00:30	शनिवार	23.03.2024	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य
09184	बनारस	14:30	मुंबई सेन्ट्रल	04:20	शुक्रवार	22.03.2024	प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर एवं वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी)
09195	वडोदरा	19:00	मऊ	20:45	शनिवार	23.03.24 एवं 30.03.24	प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य
09196	मऊ	23:00	वडोदरा	00:45	रविवार	24.03.24 एवं 31.03.24	
09062	बरौनी	12:15	वलसाड	03:45	गुरूवार	21.03.2024	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य
04145	सूबेदार गंज	21:30	आनन्द विहार(टर्मि.)	08:00	तिथियों के अनुसार	21, 22, 23, 24, 26, 27, 28, 29 एवं 31.03.24	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य
04146	आनन्द विहार(टर्मि.)	09:30	सूबेदार गंज	19:00	तिथियों के अनुसार	21 से 25, 27 से 30.03.24 एवं 01.04.24	
03435	मालदा टाउन	09:30	आनन्द विहार(टर्मि.)	14:10	सोमवार	25.03.24 से 01.04.24	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य
03436	आनन्द विहार(टर्मि.)	19:00	मालदा टाउन	23:30	मंगलवार	26.03.24 से 02.04.24	
08475	पुरी	04:50	हज़रत निज़ामुद्दीन	17:40	शुक्रवार	22.03.24 एवं 29.03.24	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य
08476	हज़रत निज़ामुद्दीन	23:35	पुरी	06:55	शनिवार	23.03.24 एवं 30.03.24	
08571	विशाखापत्तनम	08:20	हज़रत निज़ामुद्दीन	17:40	शनिवार	23.03.24 से 30.03.24	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी) एवं सामान्य
08572	हज़रत निज़ामुद्दीन	23:35	विशाखापत्तनम	13:30	रविवार	24.03.24 एवं 31.03.24	
04066	आनन्द विहार(टर्मि.)	23:00	पटना जं.	16:00	सोमवार, गुरूवार	21.03.24 से 28.03.24	प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.
04065	पटना जं.	17:45	आनन्द विहार(टर्मि.)	11:20	मंगलवार, शुक्रवार	22.03.24 से 29.03.24	
04062	दिल्ली जं.	08:50	बरौनी	06:30	रविवार	24.03.24 से 31.03.24	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
04061	बरौनी	08:00	दिल्ली जं.	07:35	सोमवार	25.03.24 से 01.04.24	
04518	चंडीगढ़	23:15	गोरखपुर	18:20	गुरूवार	21.03.24 से 28.03.24	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान व सामान्य
04517	गोरखपुर	22:05	चंडीगढ़	14:10	शुक्रवार	22.03.24 से 29.03.24	
04060	आनन्द विहार(टर्मि.)	10:30	जयनगर	15:15	मंगलवार, शुक्रवार	22.03.24 से 29.03.24	शयनयान व सामान्य
04059	जयनगर	17:00	आनन्द विहार(टर्मि.)	19:55	बुधवार, शनिवार	23.03.24 से 30.03.24	
01664	आनन्द विहार(टर्मि.)	11:10	सहरसा जं.	11:20	सोमवार	25.03.2024	शयनयान व सामान्य
01663	सहरसा जं.	09:30	आनन्द विहार(टर्मि.)	13:55	बुधवार	27.03.2024	
04010	आनन्द विहार(टर्मि.)	23:45	जोगबनी	05:20	मंगलवार	26.03.2024	शयनयान व सामान्य
04009	जोगबनी	09:00	आनन्द विहार(टर्मि.)	16:05	गुरूवार	28.03.2024	

गाड़ी सं.	स्टेशन से	प्रस्थान समय	स्टेशन तक	आगमन समय	चलने के दिन	अवधि	ठहराव
04068	दिल्ली जं.	19:30	दरभंगा	16:30	गुरूवार, शुक्रवार	22.03.24 से 29.03.24	3 टियर वाता., शयनयान व सामान्य
04067	दरभंगा	18:00	दिल्ली जं.	16:40	बुधवार, शनिवार	23.03.24 से 30.03.24	
04004	नई दिल्ली	00:10	सीतामढ़ी	22:00	गुरूवार, शुक्रवार	22.03.24 से 29.03.24	3 टियर वाता., शयनयान व सामान्य
04003	सीतामढ़ी	23:30	नई दिल्ली	01:30			
04033	नई दिल्ली	23:45	श. कै. तुषार महाजन	11:10	शुक्रवार	22.03.24 से 29.03.24	3 टियर इकोनॉमी, एवं शयनयान
04034	श. कै. तुषार महाजन	20:55	नई दिल्ली	09:30	शनिवार	23.03.24 से 30.03.24	
04075	नई दिल्ली	23:45	श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा	11:10	बुधवार, रविवार	24.03.24 से 31.03.24	3 टियर इकोनॉमी, एवं शयनयान
04076	श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा	20:55	नई दिल्ली	09:30	गुरूवार, सोमवार	25.03.24 से 01.04.24	
04080	दिल्ली जं.	19:30	वाराणसी	09:45	सोम, गुरू, शनि	21.03.24 से 30.03.24	3 टियर इकोनॉमी, एवं शयनयान
04079	वाराणसी	18:20	दिल्ली जं.	08:50	मंगल, शुक्र, रवि	22.03.24 से 31.03.24	
01654	श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा	23:35	वाराणसी	23:55	रविवार	24.03.24 से 31.03.24	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान व सामान्य
01653	वाराणसी	05:30	श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा	11:25	मंगलवार	26.03.24 से 02.04.24	
02371	हावड़ा	08:15	बनारस	21:45	शनिवार	23.03.2024	प्रथम वता,, 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान व सामान्य
02372	बनारस	23:05	हावड़ा	12:20			
04064	दिल्ली जं.	13:20	टूण्डला	17:15	प्रतिदिन	21.03.24 से 24.03.24	सामान्य
04063	टूण्डला	17:45	दिल्ली जं.	22:15			
04923	सहारनपुर	04:40	अम्बाला कैंट	06:45	प्रतिदिन	21.03.24 से 24.03.24	सामान्य
04924	अम्बाला कैंट	20:22	सहारनपुर	22:30			
04051	दिल्ली जं.	10:00	पानीपत	12:10	प्रतिदिन	21.03.24 से 24.03.24	सामान्य
04052	पानीपत	13:10	दिल्ली जं.	15:40			
04249	वाराणसी	06:25	लखनऊ	12:25	प्रतिदिन	21.03.24 से 24.03.24	सामान्य
04250	लखनऊ	16:35	वाराणसी	22:35			
04048	नई दिल्ली	06:20	आगरा कैंट	11:15	प्रतिदिन	21.03.24 से 24.03.24	सामान्य
04047	आगरा कैंट	14:30	नई दिल्ली	18:45			
09003	मुंबई सेंट्रल	16:00	दिल्ली सराय रोहिल्ला	14:25	शुक्रवार	22.03.24 एवं 29.03.24	प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
09004	दिल्ली सराय रोहिल्ला	17:25	मुंबई सेंट्रल	15:25	शनिवार	23.03.24 एवं 30.03.24	
04731	श्री गंगानगर	14:30	आगरा कैंट	04:05	बुधवार	20.03.24 एवं 27.03.24	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य
04732	आगरा कैंट	07:05	श्री गंगानगर	00:50	गुरूवार	21.03.24 एवं 28.03.24	
09603	उदयपुर सिटी	23:00	श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा	03:20	गुरूवार	19.03.24 एवं 26.03.24	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य
09604	श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा	10:50	उदयपुर सिटी	15:10	गुरूवार	21.03.24 एवं 28.03.24	
04022	आनन्द विहार(टर्मि.)	23:55	मुजफ्फरपुर	21:30	गुरूवार	21.03.2024	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
04021	मुजफ्फरपुर	23:00	आनन्द विहार(टर्मि.)	23:30	शुक्रवार	22.03.2024	
01431	पुणे	16:15	गोरखपुर जं.	21:00	शुक्रवार	22.03.2024	3 टियर वाता., एवं शयनयान
01432	गोरखपुर जं.	23:25	पुणे	06:25	शनिवार	23.03.2024	
01083	छत्रपति शिवाजी(टर्मि.)	22:35	गोरखपुर जं.	09:30	शुक्रवार	22.03.2024	3 टियर वाता., एवं शयनयान
01084	गोरखपुर जं.	15:30	छत्रपति शिवाजी(टर्मि.)	00:40	रविवार	24.03.2024	
04530	बठिण्डा जं.	20:50	वाराणसी	17:30	तिथि अनुसार	23.03.2024	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
04529	वाराणसी	20:40	बठिण्डा जं.	17:00	तिथि अनुसार	23.03.2024	
04536	अम्बाला कैंट	00:45	कटिहार जं.	05:00	तिथि अनुसार	22.03.2024	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
04535	कटिहार जं.	07:00	अम्बाला कैंट	11:15	तिथि अनुसार	23.03.2024	
04538	चंडीगढ़	19:15	कटिहार जं.	23:45	तिथि अनुसार	23.03.2024	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
04537	कटिहार जं.	04:00	चंडीगढ़	09:40	तिथि अनुसार	25.03.2024	
04540	अम्बाला कैंट	20:25	कटिहार जं.	23:45	तिथि अनुसार	21.03.2024	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
04539	कटिहार जं.	04:00	अम्बाला कैंट	09:00	तिथि अनुसार	23.03.2024	
04534	सरहिन्द	13:00	जयनगर	19:45	तिथि अनुसार	22.03.2024	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
04533	जयनगर	23:30	सरहिन्द	05:15	तिथि अनुसार	23.03.2024	

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
पर हमें फॉलो करें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

भारत में दुनिया की तीसरी बड़ी स्टार्टअप पारिस्थितिकी : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि 1.25 लाख से अधिक स्टार्टअप और 110 यूनिकॉर्न के साथ भारत दुनिया की तीसरी बड़ी स्टार्टअप पारिस्थितिकी के रूप में उभरा है और सही निर्णयों के साथ एक विकसित राष्ट्र बनने का रोडमैप तैयार कर रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने यहां 'स्टार्टअप महाकुंभ' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की स्टार्टअप पारिस्थितिकी अब सिर्फ मेट्रो शहरों तक ही सीमित नहीं है, यह अब एक सामाजिक संस्कृति बन चुकी है। इस मौके पर मोदी ने वादा किया कि वह अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएंगे। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप भारत की प्रगति में बड़ी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा, 'स्टार्टअप इंडिया पहल ने नवीन विचारों को मंच दिया और उद्यमियों और उद्यमों को वित्त पोषण से जोड़ा। मोदी ने लोगों की बदलती मानसिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत के युवाओं ने नौकरी की तलाश करने के बजाय नौकरी देने वाला बनने का रास्ता चुना है। उन्होंने कहा कि 45 प्रतिशत से अधिक भारतीय स्टार्टअप की कमान महिलाओं के पास है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने प्रौद्योगिकी का लोकतंत्रीकरण कर दिया है, लिहाजा इस क्षेत्र में साधन-संपन्न और वंचित का सिद्धांत काम नहीं कर सकता है। मोदी ने कहा कि अंतरिम बजट में अनुसंधान और नवाचार के लिए घोषित एक लाख करोड़ रुपये के कोष से उदीयमान क्षेत्रों को मदद मिलेगी।

राहुल गांधी को झारखंड उच्च न्यायालय से मिली राहत

रांची। झारखंड में मानहानि मामले में चाईबासा स्थित एमपी,एमएलए की विशेष अदालत द्वारा कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ 27 फरवरी 2024 को जारी गैर जमानती वारंट को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई आज झारखंड उच्च न्यायालय में हुई। मामले में झारखंड उच्च न्यायालय ने राहुल गांधी के खिलाफ चाईबासा की एमपी ,एमएलए कोर्ट द्वारा जारी गैर जमानती वारंट को एक माह के लिए शर्त के साथ स्थगित कर दिया। साथ ही श्री गांधी को ट्रायल फ़ेस करने के लिए कानून सम्मत उपयुक्त कदम उठाने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही न्यायालय ने राहुल गांधी की याचिका को निष्पादित कर दिया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में भारतीय जनता पार्टी को लेकर राहुल गांधी द्वारा एक आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। जिसे लेकर भाजपा के नेता प्रताप कटियार ने चाईबासा कोर्ट में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में शिकायतवाद दायर किया गया था।बाद में मामले को चाईबासा में एमपी,एमएलए कोर्ट में इसे ट्रांसफर कर दिया गया था।

पप्पू यादव की जनाधार पार्टी का कांग्रेस में विलय

एजेंसी



नयी दिल्ली। पांच बार लोकसभा के सदस्य रहे बिहार के प्रमुख नेता पप्पू यादव की जन आधार पार्टी का बुधवार को कांग्रेस में विलय हो गया।

कांग्रेस की बिहार की प्रभारी महासचिव मोहन प्रकाश , पार्टी के संचार विभाग विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा, बिहार विधानसभा में कांग्रेस के नेता शकील अहमद ने आज यहां कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन के दौरान श्री यादव और उनके पुत्र सार्थक यादव को अंग वस्त्र पहनाकर कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। श्री यादव के साथ ही उनके कई समर्थक कांग्रेस में शामिल हो गए।

श्री प्रकाश ने श्री यादव का समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल होने पर उनका स्वागत किया और कहा कि उनके आने से कांग्रेस मजबूत होगी और इंडिया गठबंधन को भी बिहार में मजबूती मिलेगी। श्री यादव ने कहा कि जनाधार पार्टी सेवा संघर्ष और न्याय पर विश्वास करती है। वह पांच बार लोकसभा सदस्य और एक बार विधानसभा के सदस्य रहे लेकिन उनकी विचारधारा पूरी तरह से कांग्रेस की रही है। इस विचारधारा से उन्हें हमेशा ऊर्जा मिलती रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे को एक मजबूत नेता बताते हुए उन्होंने कहा कि वह मोदी सरकार के खिलाफ सबसे सशक्त आवाज है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सबसे सशक्त नेता बताया और कहा कि वह जिस तरह से देश के एक कोने से दूसरे कोने तक 4000 किमी पैदल चले हैं वह अद्भुत क्षमता किसी और में नहीं है। उनका कहना था कि कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा का अपना करिश्मा है और उनका व्यक्तित्व सबको आकर्षित करता है।

पहले चरण में 102 सीटों पर नामांकन प्रक्रिया शुरू

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में 18वीं लोक सभा के सात चरणों में कराये जाने वाले चुनाव के लिये नामांकन की प्रक्रिया बुधवार को प्रारम्भ हो गयी। चुनाव आयोग ने आम चुनाव के पहले चरण में 17 राज्यों और चार केन्द्र शासित प्रदेशों की कुल मिलाकर लोक सभा की 102 सीटों के लिये बुधवार सुबह अधिसूचना जारी कर दी। इसके साथ ही, इन सीटों के लिये प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल करने का कार्य शुरू हो गया। पहले चरण के मतदान 19 अप्रैल को कराये जायेंगे। पहले चरण में तमिलनाडु की 33, राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश की आठ, मध्य प्रदेश की छह, उत्तराखंड, असम और महाराष्ट्र की पांच-पांच, बिहार की चार, पश्चिम बंगाल की तीन, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर और मेघालय की दो-दो सीटें और छत्तीसगढ़, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, अनादमन और निकोबार द्वीप समूह, जम्मू-कश्मीर, लक्षद्वीप और पुड्डुचेरी की एक-एक सीट के लिये चुनाव कराये जा रहे हैं। इस चरण में बिहार को छोड़कर सभी संबंधित राज्यों और केन्द्र शासित क्षेत्रों में नामांकन इस महीने की 27 तारीख तक भरे जा सकेंगे और नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को की जायेगी और नाम 30 मार्च तक वापस लिये जा सकेंगे। बिहार में नामांकन भरने की अंतिम तिथि 28 मार्च है और नामांकन पत्रों की जांच दो अप्रैल को की जायेगी। लोक सभा की कुल 543 सीटों के लिये आम चुनाव 19 अप्रैल से एक जून तक सात चरणों में कराये जा रहे हैं। मतगणना चार जून को होगी और चुनाव प्रक्रिया छह जून तक पूरी कर ली जायेगी। विश्व में इस सबसे बड़े चुनाव पर्व में कुल करीब 97 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे।

केजरीवाल की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने किया ईडी से जवाब-तलब

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित शराब नीति घोटाले के मामले में समन को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर बुधवार को केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब तलब किया। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने ईडी को दो सप्ताह में अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय इस मामले में अगली सुनवाई 22 अप्रैल को करेगी। सुनवाई के दौरान पीठ ने मुख्यमंत्री केजरीवाल का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी से पूछा,'पेश (ईडी के समक्ष) क्यों नहीं होते। श्री सिंघवी ने आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसौदिया और संजय सिंह की ईडी की ओर से की गई गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए जवाब दिया कि उन्हें (मुख्यमंत्री केजरीवाल को) को आशंका है कि ईडी उन्हें गिरफ्तार कर लेगी। उन्होंने अदालत से गुहार लगाते हुए कहा कि उन्हें सुरक्षा दी जाए तो वह पेश होने के लिए तैयार हैं। दूसरी ओर, ईडी का पक्ष रखते हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू और अधिवक्ता जोहेब हुसैन ने श्री सिंघवी की केजरीवाल को राहत देने की दलीलों का विरोध किया। उन्होंने दलील देते हुए श्री केजरीवाल की याचिका पर सवाल खड़े किए और कहा कि याचिका सुनवाई करने योग्य नहीं है। उच्च न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इस मामले में ईडी को अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल धनशोधन करने के मामले में ईडी के बार-बार समन पर उसके समक्ष पूछताछ के लिए पेश नहीं होने के आरोप मामले में शनिवार को दिल्ली की एक अदालत में पेश हुए थे, जहां उन्हें शर्तों के साथ जमानत मिल गई थी। राउज एवेन्यू स्थित अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) दिव्या मल्होत्रा की अदालत ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी केजरीवाल को 15,000 रुपये के जमानत बांड या इतनी ही रुपए की जमानत राशि जमा करने की शर्त पर जमानत अर्जी मंजूर की थी। ईडी ने अदालत से शिकायत करते हुए कहा था कि धनशोधन अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत कई बार समन भेजने के बाद भी श्री केजरीवाल पूछताछ के लिए उसके समक्ष पेश नहीं हुए। इससे पहले श्री केजरीवाल 17 फरवरी को वर्चुअल माध्यम से एसीएमएम की अदालत में पेश हुए थे।

देश के पूर्वी हिस्सों में गरज के साथ बारिश होने का अनुमानः आईएमडी

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश के पूर्वी हिस्सों में तेज रफ्तार हवाएं, ओलावृष्टि के साथ मध्यम बारिश होने का अनुमान जताया गया है। भारतीय मौसम विभाग ने बुधवार को यह जानकारी दी।

आईएमडी ने कहा, बुधवार से 23 मार्च तक पूर्वोत्तर भारत, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में गरज के साथ भारी बारिश होने का अनुमान जताया गया है। विभाग के मुताबिक 20-21 मार्च को गांगेय पश्चिम बंगाल, बिहार और 20 मार्च को झारखंड, ओडिशा में अलग-अलग हिस्सों में गरज के साथ छींटे और तेज़ हवाओं के साथ मध्यम वर्षा हो सकती है। बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, ओडिशा और झारखंड के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि तथा भारी बारिश हो सकती है, जबकि पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ और छत्तीसगढ़ में आज हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार जताये गए हैं। मौसम विभाग ने आज और गुरुवार को तेलंगाना, तटीय आंध्र प्रदेश और यानम में गरज के साथ मध्यम बारिश होने की चेतावनी जारी की है। अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में 26 मार्च तक अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ व्यापक रूप से मध्यम बारिश होने का अनुमान जताया गया है।

मौसम विभाग ने बताया कि ताजा पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के तहत 24 मार्च तक जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हल्की बारिश या बर्फबारी हो सकती है। इसके अलावा 21, 22 और 24 मार्च को पंजाब और 24 मार्च को हरियाणा और पश्चिम उत्तर प्रदेश में अलग-अलग हल्की बारिश होने की उम्मीद है।

जेएनयू से खूनी, भ्रष्ट छात्रसंघ का सफाया कर एक सक्षम छात्रसंघ लाएंगे: अभाविप

एजेंसी

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने कहा है कि जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) से खूनी और भ्रष्ट छात्रसंघ का सफाया करें और एक सक्षम और उन्नत छात्रसंघ लाएंगे।

जेएनयू में चुनाव नज़दीक आ गया है। ऐसे में परिसर में चुनावी गतिविधियां भी तेज हो गईं है। मेस कैंपेन, वॉल पेंटिंग, हॉस्टल कैंपेन, मशाल यात्रा आदि के माध्यम से चुनावी उम्मीदवार विश्वविद्यालय के छात्रों से सम्पर्क कर रहे हैं । इस क्रम में बुधवार को अपराह्न में जेएनयू के झेलम छात्रावास के सामने सेंट्रल पैनल डिबेट का आयोजन हुआ। इस सेंट्रल पैनल डिबेट में अभाविप के उम्मीदवारों ने हुंकार भरते हुए जेएनयूएसयू से वामियों के नेतृत्व को बाहर करने के संकल्प को दोहराया।

अभाविप की तरफ से उपाध्यक्ष पद की उम्मीदवार दीपिका शर्मा ने अपने भाषण में कहा कि अभाविप जिस दिन छात्र संघ का चुनाव जीत कर आएगी, सबसे पहले बराक हॉस्टल का ताला खोलेगी। अभाविप जब जीत कर आएगी, तो इस कैंपस में 10 नए स्कूल और छह नए हॉस्टल जो पहले से स्वीकृत हो चुके हैं उनकी नींव रखने का काम करेगी। अभाविपने लगातार छात्र हितों के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि हम छात्र हितों के लिए पहले भी खड़े थे और आगे भी खड़े रहेंगे। इस कैंपस में अब बड़ी संख्या में हमारे साथ छात्र हैं। इस चुनाव में हम सकारात्मक है और जीत की ओर अग्रसर है।

वहीं अभाविप की ओर से सचिव पद के उम्मीदवार अर्जुन आनंद ने कहा कि वाम नीत जेएनयूएसयू ने जेएनयू को दुखों के अलावा और कुछ नहीं दिया है। उन्होंने जेएनयू को धोखा दिया है। हमारी लड़ाई देश को विखंडित करने वाले ताकतों के खिलाफ है। इनके पास पश्चिम बंगाल में चुनाव लड़के हार कर जमानत जब्त करवाने के लिए फुर्सत है, लेकिन जेएनयू के अंदर की बात करने की फुर्सत नहीं है। छात्रों के अधिकारों के लिए लड़ने की फुर्सत नहीं है। अभाविप का एजेंडा यह है कि जेएनयू में जेएनयू के छात्रहितों की बात हों।जेएनयू में जो गड़बड़ियां हो रही है चाहे वह प्रशासनिक हो या एकेडमिक्स उसका समाधान हो तथा बराक होस्टल जल्द से जल्द खोला जाए। अभाविप मांग करती है कि जेएनयूएसयू में पड़े हुए 500 करोड़ के फंड को छात्रों के लिए अकादमी ब्लॉक 2 को बनाने के लिए तुरंत प्रयोग किया जाए। अभाविप की तरफ से संयुक्त सचिव के प्रत्याशी गोविंद दांगी ने अपने भाषण के दौरान वामियों पर प्रहार करते हुए कहा कि जेएनयू कैंपस हो या पूरा विश्व इन वामियों के खूनी इतिहास से सना है।

ऊर्ज़ा सुरक्षा के लिए बढ़ते सोलर वेस्ट की रिसाइक्लिंग जरूरी : सीईईडब्ल्यू

एजेंसी

नयी दिल्ली। नेट-जीरो लक्ष्य को पाने के लिए भारत अपनी अक्षय ऊर्जा क्षमता बढ़ा रहा है। इससे मौजूदा और नई सौर ऊर्ज़ा क्षमता से निकलने वाला सोलर वेस्ट 2030 तक 600 किलोटन तक पहुंच सकता है। यह 720 ओलंपिक आकार के स्विमिंग पूल को भरने के बराबर होगा। इसके मद्देनजर सोलर वेस्ट की रिसाइक्लिंग के लिए एक सशक्त व्यवस्था बनाये जाने की महत्ती आवश्यकता है।

काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) की ओर से आज जारी एक नए अध्ययन 'इनेबलिंग अ सर्कुलर इकोनॉमी इन इंडियाज सोलर इंडस्ट्रीः असेसिंग द सोलर वेस्ट क्वांटम' में यह बात कही गयी है। अध्ययन के अनुसार, इस सोलर वेस्ट का ज्यादातर हिस्सा पांच राज्यों- राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु- से आएगा। भारत की मौजूदा सौर ऊर्ज़ा क्षमता से निकलने वाला सोलर वेस्ट 2030 तक बढ़कर 340 किलोटन हो जाएगा। इसमें लगभग 10 किलोटन सिलिकॉन, 12-18 टन चांदी और 16 टन कैडमियम व टेल्यूरियम शामिल है, जो भारत के लिए महत्वपूर्ण खनिज हैं। बाकी 260 किलोटन सोलर वेस्ट इस दशक में स्थापित होने वाली नई सौर ऊर्ज़ा क्षमता से आएगा। यह भारत के लिए सोलर सेक्टर में सर्कुलर इकोनॉमी के एक अग्रणी केंद्र के रूप में उभरने और सोलर सप्लाई चेन में लचीलापन सुनिश्चित करने के लिए अच्छा अवसर है।भारत ने 2030 तक लगभग 292 गीगावॉट सौर क्षमता हासिल करने की योजना बनाई है, इसलिए पर्यावरणीय, आर्थिक और सामाजिक कारणों से सोलर पीवी वेस्ट का प्रबंधन महत्वपूर्ण हो जाएगा। सीईईडब्ल्यू के इस अध्ययन ने पहली बार विनिर्माण को छोड़कर अन्य सभी क्षेत्रों से निकलने वाले सोलर वेस्ट का आकलन किया है, जो आंकड़ों से निर्देशित सोलर वेस्ट प्रबंधन नीतियां बनाने के लिए बहुत जरूरी जानकारी है। भारत पहले से सोलर वेस्ट से निपटने के लिए कई उपायों को लागू कर रहा है। पिछले साल पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) ने सोलर पीवी सेल्स और मॉड्यूल वेस्ट के प्रबंधन के लिए ई-वेस्ट (मैनेजमेंट) रूल्स-2022 जारी किया था। ये नियम सोलर पीवी सेल्स और मॉड्यूल के उत्पादकों पर विस्तारित उत्पादक जिम्मेदारी (ईपीआर) ढांचे के तहत उनके सोलर वेस्ट के प्रबंधन की जिम्मेदारी डालते हैं।

सीईईडब्ल्यू के सीईओ डॉ. अरुणाभा घोष ने कहा, भारत को न केवल एक पर्यावरणीय अनिवार्यता, बल्कि ऊर्ज़ा सुरक्षा सुनिश्चित करने व एक सर्कुलर इकोनॉमी विकसित करने की एक रणनीतिक जरूरत के रूप में, सोलर वेस्ट के समाधान के लिए पूर्व-सक्रियता के साथ कदम उठाने चाहिए। जैसा कि हम सौर ऊर्ज़ा क्षमता में मार्च 2015 में सिर्फ 4 गीगावॉट से दिसंबर 2023 में 73 गीगावॉट तक की उल्लेखनीय वृद्धि देख रहे हैं, मजबूत रिसाइक्लिंग व्यवस्थाएं बहुत ही महत्वपूर्ण बन गई है। ये अक्षय ऊर्ज़ा के इकोसिस्टम को सुरक्षित बनाती हैं, ग्रीन जॉब्स (हरित रोजगार) पैदा करती हैं, खनिज सुरक्षा और नवाचार को बढ़ाती हैं।

पेज एक का शेष

साजिद के एनकाउंटर...

पत्नी की डिलीवरी के लिए रुपयों की जरूरत बताकर पांच हजार रुपये मांगे। इसके बाद वह आयुष और अहान को लेकर छत पर चला गया, जहां चाकू से ताबड़तोड़ प्रहार कर बच्चों की हत्या कर दी। भागते समय उसके हाथ में चाकू था। वारदात के तीन घंटे बाद पुलिस मुठभेड़ में वह मारा गया। पुलिस के मुताबिक उसने तमंचे से गोली चलाई थी। जवाबी कार्रवाई में उसे गोली लगी, जिससे उसकी मौत हो गई।

पाकिस्तान के ग्वादर...

हमलों को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया था जिसमें 10 से अधिक बीएलए हमलावर मारे गए थे। सेना की मीडिया शाखा, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बताया था कि आत्मघाती हमलावरों सहित कई आतंकवादियों ने बलूचिस्तान में माच और कोलपुर परिसरों पर हमले किए। प्रतिबंधित संगठन बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के मजीद ब्रिगेड ने हमले की जिम्मेदारी ली है। प्रतिबंधित आतंकवादी तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान द्वारा नवंबर 2022 में सरकार के साथ अपना युद्धविराम समाप्त करने के बाद पाकिस्तान में पिछले वर्ष, विशेष रूप से खैबर पख्तूनख्वा (केपी) और बलूचिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि देखी गई है। नवंबर में ग्वादर में सुरक्षा बलों के दो वाहनों पर आतंकवादियों के हमले में पाकिस्तानी सेना के 14 जवानों की मौत हो गयी थी। यह हमला सैन्य वाहनों के तटीय जिले में पसनी से ओरमारा की ओर जाते समय हुआ। सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज द्वारा जारी एक सुरक्षा रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में फरवरी में 97 आतंकवादी हमले हुए, जिनमें 87 मौतें हुईं और 118 लोग घायल हुए। रिपोर्ट में जनजातीय जिलों और खैबर पख्तूनख्वा के मुख्य क्षेत्र में हिंसा में गिरावट के साथ बलूचिस्तान में इसमें उल्लेखनीय वृद्धि पर प्रकाश डाला गया है।

राजनैतिक दल और...

अपराध की श्रेणी में आती है, जैसे कि मतदाताओं को घूस देना, मतदाताओं को डराना-धमकाना, मतदाताओं को प्रलोभन देना, मतदान केंद्रों से 100 मीटर की दूरी के भीतर प्रचार करना, मतदान समाप्ति के पहले 48 घंटों की अवधि के दौरान सार्वजनिक बैठकें आयोजित करना और मतदाताओं को मतदान केन्द्रों तक ले जाने और वापस लाने के लिए परिवहन आदि की व्यवस्था करना, जैसे कार्य नहीं करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि आदर्श आचार संहिता के दौरान शांतिपूर्ण स्थित बनाये रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति के अधिकार का सम्मान किया जाएगा, फिर चाहे राजनीतिक दल और अभ्यर्थी उसके विचारों या गतिविधियों से सहमत हों या न हों। कोई भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी अपने अनुयायियों को किसी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी निजी भूमि, भवन, परिसर की दीवारों आदि पर झंडा लगाने, बैनर लटकाने, सूचना चिपकाने, नारा लिखने की अनुमति नहीं होगी। निर्देश दिए हैं कि इस दौरान राजनैतिक दल और अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके समर्थक दूसरे दलों द्वारा आयोजित बैठकों और जुलूसों में न तो बाधा खड़ी करें और न ही उन्हें भंग करेंगे। किसी भी राजनैतिक दल के कार्यकर्ता द्वारा अन्य दल द्वारा आयोजित सार्वजनिक बैठकों में मौखिक या लिखित रूप में प्रश्न पूछकर या अपनी स्वयं की पार्टी के पर्चे बांटकर अव्यवस्था उत्पन्न नहीं करेंगे। किसी भी दल द्वारा उन स्थानों के आसपास जुलूस न निकाला जाएगा, जहां दूसरे दल द्वारा बैठकें आयोजित की जा रही हो। किसी भी दल के द्वारा लगाए गए पोस्टर दूसरे दल के कार्यकर्ताओं द्वारा नहीं हटाए जाएंगे।

जनता दल...

के पदाधिकारी भी समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। भारतीय समाज दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नारायण राजभर, तथा शोषित समाज अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार गौतम ने अपने तमाम पदाधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव 2024 में समाजवादी पार्टी को बिना शर्त समर्थन देने तथा समाजवादी पार्टी पीडीए, इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को भारी मतों से जिताने का भरोसा दिलाया। आज सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के समक्ष विनोद शुक्ला पूर्व प्रत्याशी कटरा बाजार विधान सभा जनपद गोण्डा ने भाजपा छोड़कर अपने सैकड़ों साथियों के साथ सपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। उनके साथ बड़ी संख्या में ब्राह्मण एवं कई बसपा नेता भी समाजवादी पार्टी के सदस्य बने हैं। कन्नौज के दीपू चौहान के साथ भी आज बड़ी संख्या में भाजपा और बसपा के कई जमीनी कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। श्री यादव ने उम्मीद जताई है कि आज बड़ी संख्या में विभिन्न दलों के जो नेता एवं कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी में शामिल हुए हैं वे सब भाजपा के खिलाफ एकजुट होकर पीडीए को मजबूती देंगे और समाजवादी पार्टी पीडीए, इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाएंगे।

कचनार के फूलों...

हर्बल गुलाल चंदन फ्लेवर में विकसित किया गया है। इन हर्बल गुलाल में रंग चमकीले नहीं होते क्योंकि इनमें लेड, क्रोमियम और निकल जैसे केमिकल नहीं होते हैं। फूलों से निकाले गए रंगों को प्राकृतिक घटकों के साथ मिला कर पाउडर बनाया जाता है इसे त्वचा से आसानी से पोंछ कर हटाया जा सकता है। गुलाल की बाजार में बेहतर उपलब्धता के लिए हर्बल गुलाल तकनीक को कई कंपनियों और स्टार्ट-अप्स को हस्तांतरित किया गया हैं। वर्तमान में बाजार में उपलब्ध रासायनिक गुलाल के बारे में बात करते हुए, डॉ. शासनी ने कहा कि ये वास्तव में जहरीले होते हैं, इनमें खतरनाक रसायन होते हैं जो त्वचा और आंखों में एलर्जी, जलन और गंभीर समस्या पैदा कर सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि हर्बल गुलाल की पहचान करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि यह अन्य गुलाल की तरह हाथों में जल्दी रंग नहीं छोड़ेगा। संस्थान द्वारा विकसित हर्बल गुलाल होली के अवसर पर बाजार में बिक रहे हानिकारक रासायनिक रंगों का एक सुरक्षित विकल्प है।

रंगभरी एकादशी पर...

पंचकोश की परिक्रमा करने के लिए निकले। स्वयं हनुमान जी अयोध्या के प्रमुख मठ मंदिरों में होली का निमंत्रण देने जा रहे हैं। हनुमान जी का निशान है, बल्लम है और छड़ी है। इस मौके पर पंचकोसी परिक्रमा की गई। हनुमानगढ़ी के नागा साधुओं ने एक दूसरे को अबीर लगा कर होली की शुभकामनाएं दी। यह परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है। इस वर्ष भव्य तरीके से होली मनाई जा रही हैं। क्योंकि प्रभु राम अपने भव्य महल में 500 वर्ष बाद विराजमान हुए हैं, तो होली का उत्साह और अधिक बढ़ जाता है। हनुमानगढ़ी के नागा साधु हनुमान जी के साथ मठ मंदिरों में होली का निमंत्रण दे रहे हैं। इसी क्रम में अयोध्या नगर में सिद्धपीठ नाका हनुमानगढ़ी,सहादतगंज हनुमानगढ़ी, रिकाबगंज हनुमानगढ़ी मे भी रंगभरी एकादशी की धूम रही। जुलूस में नागा साधुओं की टोली बैंड बाजे के साथ अखाड़ों के पहलवानों के करतब दिखाते हुए अयोध्या की सड़क पर निकले। होली की मस्ती में सराबोर संतो ने हर आने-जाने वाले लोगों को अबीर गुलाल से सराबोर कर दिया। अयोध्या में होली से चार दिन पूर्व ही होली का अहसास हो गया। नागा साधुओं का यह जुलूस अयोध्या के प्रमुख मार्गों से होता हुआ जुलूस के मार्ग में पड़ने वाले हर मंदिर तक पहुंचा, जहां पर नागा साधुओं ने भगवान के विग्रह के साथ होली खेली। इसी क्रम में संतों ने परिक्रमा कर सरयू स्नान किया। इस दौरान निर्वाणी अखाड़ा के महंत मुरली दास, महंत संजय दास, वरिष्ठ पुजारी हेमंत दास, महंत राजू दास, पुजारी रमेश दास, अभय दास, अभिषेक दास, सत्यदेव दास, मणिराम दास और राजेश पहलवान सहित अन्य नागा साधु मौजूद रहे।

उत्तराखंड : लोकतंत्र के महापर्व पर 1.45 लाख नए मतदाता देंगे आहुति, चुनेंगे नई सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल ने सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस ब्रीफिंग करते हुए कहा कि प्रदेश में लोकसभा चुनाव सकुशल कराने एवं मतदाता जागरूकता के संबंध में अनेक थीम पर गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। प्रदेश के कुल 83 लाख 21 हजार 207 मतदाओं को मतदान के लिए विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया जा रहा है। अब तक 34 लाख 94 हजार मतदाता मतदान की शपथ ले चुके हैं। संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस विगत 25 जनवरी से मतदाता जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई है। मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के लिए विगत 13

फरवरी से एक कलेंडर भी तैयार किया गया है। मतदाता जागरूकता के लिए मेंहदी प्रतियोगिता, रंगोली, स्लोगन लेखन में अब तक 16 हजार गतिविधियां आयोजित की जा चुकी हैं। इसमें अभी तक छह लाख 55 हजार मतदाताओं ने प्रतिभाग किया है। लगभग 5700 मैराथन और रैली का आयोजन भी मतदाता जागरूकता के लिए किया गया है, जिसमें लगभग 72 हजार मतदाताओं ने प्रतिभाग किया है। भाषण और वाद-विवाद प्रतियोगिता के 25 हजार आयोजन किए जा चुके हैं। जनवरी माह में मतदाता पंजीकरण के लिए मिशन मोड में कैंप लगाए गए। अब तक 15 हजार 232 कैंप लगाए जा चुके हैं। नारी निकेतन, वृद्धाश्रम, शिक्षण संस्थानों में मतदाताओं को जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाए

प्रथम बार मताधिकार का प्रयोग करने वाले मतदाताओं में उत्सुकता

राज्य के अब तक 34.94 लाख मतदाता ले चुके हैं मतदान की शपथ

गए। राज्य में 18 से 19 वर्ष के एक लाख 45 हजार नए मतदाता को जोड़ा गया है, जो प्रथम बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उनके लिए एपिक कार्ड की डिलीवरी भी कराई जा रही है। संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी बंसल ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2019 में राज्य में मतदान प्रतिशत लगभग 61.5 प्रतिशत था। इस बार कम से कम 75 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा गया है।

एआईसीटीई शिक्षकों और छात्रों को अनुसंधान के लिए देगी दो लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) शिक्षकों और छात्रों को अनुसंधान के लिए दो लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता देगी।

एआईसीटीई ने इसके लिए औरा (आगुमेंटिंग यूटिलाइजेशन ऑफ रिसर्च एसेट्स)- 2024 स्कीम लांच की है। इसके तहत एआईसीटीई अप्रूव्ड संस्थानों में शिक्षकों और शोधकर्ताओं को अनुसंधान करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करके इंडियन साइंस टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग फ़ेसिलिटीज मैप (आई-स्टेम) पोर्टल के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। स्कीम को लांच करते हुए एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रोफ़ेसर टी.जी. सीताराम ने बुधवार को कहा कि अनुसंधान एवं विकास में निवेश करने से शैक्षणिक संस्थानों और अनुसंधान संगठनों के साथ सहयोग के

अवसर पैदा होते हैं। इस योजना का उद्देश्य आई-स्टेम द्वारा मैप किए गए पब्लिक फंडेड हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर अनुसंधान एवं विकास सुविधाओं का उपयोग करके मौजूदा अनुसंधान को बढ़ाना है। इस पहल से तकनीकी शिक्षा संस्थानों में अनुसंधान की संस्कृति भी विकसित करना है। इस योजना के तहत आई-स्टेम पोर्टल पर रजिस्टर्ड उपकरणों और सुविधाओं के उपयोग के लिए शोधकर्ता को दो लाख रुपये तक की राशि दी जाएगी। प्रोजेक्ट अधिकतम दो वर्ष का होगा। योजना के लिए कोई आयु सीमा नहीं है। पात्र संकाय सदस्य या शोधार्थी पूरे कॅरियर में सिर्फ दो बार इस योजना का लाभ ले सकता है।

संक्षिप्त समाचार

कोर्ट ने बरकरार रखा एकलपीठ का आदेश

देहरादून। हाई कोर्ट ने उत्तराखंड परिवहन निगम प्रबंधन की ओर से अपंगता की वजह से जबरन सेवानिवृत्त किये गए चालक-परिचालक को सवेतन बहाली के एकलपीठ के आदेश को बरकरार रखा है। मुख्य न्यायधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल कि खंडपीठ के समक्ष मामले कि सुनवाई हुई। मामले के अनुसार रोडवेज में ड्यूटी के दौरान अपंगता की वजह से चालक-परिचालक को अन्य काम लिया जा रहा था। सितंबर 2022 में परिवहन निगम बोर्ड ने इन चालक-परिचालकों को तीन माह का नोटिस देकर जबरन सेवानिवृत्त करने का निर्णय लिया। इस निर्णय को रोडवेज के जगजीत सिंह व अन्य ने नोटिस को याचिका दायर कर चुनौती दी थी। पूर्व में कोर्ट ने अंतरिम आदेश पारित कर आदेश पर स्थगनादेश पारित किया था, जिसके विरुद्ध रोडवेज ने विशेष अपील दायर कर चुनौती दी थी। पूर्व में खंडपीठ ने याचिका खारिज करते हुए एकलपीठ को याचिका के जल्द निस्तारण के आदेश पारित किए थे। एकलपीठ ने रोडवेज के नोटिस को अवैध करार देते हुए खारिज कर दिया था। इस आदेश को रोडवेज ने स्पेशल अपील के माध्यम से चुनौती दी थी। सुनवाई के बाद खंडपीठ ने एकलपीठ के आदेश को बरकरार रखा।

प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की हुई घोषणा

हल्द्वानी। प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल की केंद्रीय कमेटी की बैठक में आम सहमति से व्यापारी नेता राजीव अग्रवाल एक बार पुनः महानगर अध्यक्ष, ऋषभ पाठक महामंत्री, विनोद आनन्द कोषाध्यक्ष, विजय शर्मा उपाध्यक्ष और रजत महेश्वरी मीडिया प्रमुख चुने गए। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष मोंगा ने महानगर पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए कहा कि ये सभी पदाधिकारी व्यापारी हित में कार्य करेंगे। महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने महानगर अध्यक्ष पद बनने के बाद प्रेस को जानकारी देते हुए कहा कि शीघ्र ही हल्द्वानी महानगर के सभी क्षेत्र से व्यापारी हितों की आवाज उठाने वाले व्यापारियों को संगठन में सम्मिलित करके महानगर की वृहद कार्यकारिणी बनाई जायेगी। इसके उपरांत ही सभी व्यापारी एकजुट होकर जीएसटी के प्रारंभ की कई विसंगतियों के कारण व्यापारियों को जिन समस्याओं से रूबरू होना पड़ रहा है, उस संबन्ध में जीएसटी विभाग के उच्च अधिकारियों से शीघ्र व्यापार मंडल मुलाकात करेगा। आज की कार्यकारिणी घोषणा में प्रदेश अध्यक्ष सुभाष मोगा, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र फरस्वांन, प्रदेश सरंक्षक प्रकाश हर्बोला, भगवान सहाय, सह संयोजक देवेश अग्रवाल, प्रदेश संगठन प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता, प्रदेश कोषाध्यक्ष पूरन लाल साह, जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता, टिटू पीयूष गोयल, अंकुर मोंगा, गौरव भट्ट, आनन्द अधिकारी आदि उपस्थिति थे।

अधिवक्ता कल्याण कोष के टिकट में वृद्धि अधिवक्ता हित में : कोरंगा

नैनीताल। अधिवक्ता कल्याण कोष के टिकट वृद्धि पर मंगलवार को प्रताप भैया सभागार में उत्तराखंड बार काउंसिल के सचिव मेहरमान सिंह कोरंगा ने बार काउंसिल का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि कल्याणकारी टिकट में वृद्धि अधिवक्ता हित में की गयी है, इसलिए इसका विरोध नहीं बल्कि स्वागत होना चाहिए। उन्होंने बताया कि बार काउंसिल की ओर से उनके प्रयास लम्बे समय से किये जा रहे थे, जो अब सफल हुए हैं। बार काउंसिल कोरोना काल से लेकर हर विषम परिस्थितियों में अधिवक्ताओं के साथ खड़ी है। जिला बार एसोसिएशन नैनीताल के अध्यक्ष मनीष मोहन जोशी और सचिव भानु प्रताप सिंह मौनी ने बार काउंसिल सचिव का जिला बार में आने और अधिवक्ताओं के समक्ष अपनी बात रखने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रदीप परगाईं, उप सचिव दीपक सिंह दानू, कार्यकारिणी सदस्य सरिता बिष्ट, मुन्नी आर्या, किरण आर्या, मो. खुर्शीद हुसैन, पूर्व उपाध्यक्ष संजय सुयाल, ओंकार गोस्वामी, संजय त्रिपाठी, अनिल वाल्मीकि, निर्मल कुमार, आर्या सहित दर्जनों अधिवक्ता उपस्थित रहे।

उत्तराखंड के ब्लॉक प्रमुखों का दल पहुंचा ओडिशा

नैनीताल। उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल के ब्लॉक प्रमुखों का नौ सदस्यीय दल इन दिनों ओडिशा राज्य के भ्रमण पर गया हुआ है। बताया गया है कि इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख ओडिशा में देवभूमि उत्तराखंड के परम्परागत परिधानों, पहाड़ की संस्कृति, परंपराओं व पर्यटन स्थलों से उड़ीसा के लोगों को फोटो एवं पीपीटी के माध्यम से प्रदर्शित कर रहे हैं। यह सब उड़ीसा के निवासियों को काफी पसंद भी आ रहा है। दल में शामिल भीमताल के ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश बिष्ट ने बताया कि ओडिशा में उन्होंने ग्राम पंचायत रघुराजपुर के साथ जगन्नाथ पुरी, भुवनेश्वर स्थित लिंगराज मंदिर, धौलीपुरी मंदिर और बुद्ध मंदिर के दर्शन कर सबके कल्याण की कामना की। बताया कि रघुराजपुर ग्राम पंचायत ने वहां की हस्त कला को आजीविका का माध्यम बनाया है। इसके लिये गांव में आर्ट गैलरी के साथ बाजार स्थापित किया है। इस दल में रामगढ़ की ब्लॉक प्रमुख पुष्पा नेगी, बाराकोट की विनीता फर्त्याल, पाटी की सुमनलता, हवालबाग की बबीता भाकुनी, चौखुटिया की किरन बिष्ट, खटीमा के रणजीत नामधारी, काशीपुर अर्जुन कश्यप व बेतालघाट की आनंदी बधानी आदि शामिल हैं।

राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को कुलपति ने किया सम्मानित

नैनीताल। कुमाऊं विवि के कुलपति प्रो. दीवान रावत ने बीती 3 से 6 मार्च के बीच स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मानपुर-नागपुर में आयोजित 9वीं राष्ट्रीय महिला एवं पुरुष सीनियर मिनी गोल्फ चैंपियनशिप में उत्तराखंड राज्य का प्रतिनिधित्व कर राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करने वाले कुमाऊं विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों को सम्मानित किया। विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में योगेश पांडे, मयंक सुंदरियाल, संजय भट्ट, चेतन भट्ट, मनदीप सिंह, सुमित मेहता, अभय बिष्ट, तेजस्वी कुमार, तुषार भंडारी, सुनील, दीपक अधिकारी, पवन बिष्ट, वैशाली पांडे, प्रगति दुम्का, कशिश शर्मा, श्वेता भाकुनी, अंजलि गंगवार, भावना पांडे, कामिनी, सुषमा मेहरा, मनजोत कौर, दिया उप्रेती व दिया महर को आमंत्रित कर कुलपति ने सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रो. रावत ने विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कुमाऊं विश्वविद्यालय के छात्र और खिलाड़ी बहुत ही प्रतिभाशाली हैं। उन्हें जब भी अवसर मिलता है, वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके न केवल विश्वविद्यालय बल्कि प्रदेश का भी नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करते है।

एम्स चिकित्सकों ने कन्धे से निकाला 6.6 किलो का ट्यूमरप

कैनविज टाइम्स सवांददाता

ऋषिकेश। एम्स ऋषिकेश के डॉक्टरों ने एक मरीज के कन्धे से 45 सेमी लम्बा और करीब साढ़े 6 किलो का ट्यूमर निकालकर सभी को हैरत में डाल दिया है। मरीज अब स्वस्थ है और अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ ले रहा है। मरीज का इलाज आयुष्मान योजना के तहत किया गया है। उत्तर प्रदेश के मोहम्मद सादिकपुर के रहने वाले एक 37 वर्षीय मरीज की पीठ के ऊपरी हिस्से और कन्धे के निकट एक गांठ (सॉफ्ट टिश्यू सार्कोमा) बन गई थी। धीरे-धीरे कुछ समय बाद इस गांठ में रक्तस्राव के साथ घाव बनने लगा। यह मरीज पहली बार जून 2022 में एम्स अस्पताल आया था, लेकिन फॉलोअप में नियमित तौर से एम्स नहीं आ पाया। फिर 2 साल बाद फरवरी 2024 में एम्स की सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग की ओपीडी में आकर मरीज ने अपनी परेशानी बताई। इन 2 वर्षों के दौरान मरीज के कंधे की गांठ का साइज बहुत बढ़ गया और इसकी वजह से उसके हाथ

और कंधे ठीक से काम नहीं कर पा रहे थे। बीते माह फरवरी में एम्स पहुंचने पर रोगी ने डॉक्टरों को बताया कि उसे असहनीय दर्द होता है और उसका हाथ भी नहीं चल रहा है और उसकी त्वचा का रंग भी बदल चुका था। डॉक्टरों ने जांच की तो पता चला कि उसकी पीठ में कैंसर बन चुका है और उसका आकार असामान्य रूप बड़ा हो रहा है। सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के सर्जन डॉ. अमित गुप्ता ने बताया कि यदि मरीज समय रहते एम्स नहीं पहुंचता तो यह बीमारी उसके शरीर के अन्य अंगों में भी फैल सकती थी। उन्होंने बताया कि ट्यूमर का आकार बड़ा होने के कारण कन्धे के आस-पास की महत्वपूर्ण नसों, मांसपेशियों और हड्डियों को बचा कर ऑपरेशन करना बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य था, लेकिन टीम वर्क से इस सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दे दिया गया। डॉ. गुप्ता ने बताया कि सर्जरी के बाद मरीज के कंधे का मूवमेंट सामान्य हो गया है और उसे अब दर्द से भी राहत है। इस सर्जरी में लगभग 3 घन्टे का समय लगा। सर्जरी करने वाली टीम में डॉ. अमित गुप्ता के अलावा डॉ. मरेश्वनरी, डॉ.निर्भय, डॉ. अजित और डॉ. विवेक शामिल थे। जबकि एनेस्थीसिया टीम से डॉ. भावना गुप्ता, डॉ. केदार और डॉ. राधेश्याम का सहयोग रहा। चिकित्सा अधीक्षक प्रो. संजीव कुमार मित्तल ने सर्जरी करने वाले डॉक्टरों की टीम की प्रशंसा की और कहा कि विशालकाय ट्यूमर निकालकर एम्स के चिकित्सकों ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कैंसर के इलाज में देरी करने पर यह बहुत घातक होने लगता है। इसलिए

2 साल से थी सूजन, दर्द ज्यादा बढ़ने पर एम्स पहुंचा था मरीज

सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के चिकित्सकों ने पाई सफल

जरूरी है कि चिकित्सीय परामर्श के अनुसार रोगी को नियमित तौर पर फॉलोअप के लिए अस्पताल आना चाहिए। बिना डॉक्टर की सलाह के इलाज को बीच में छोड़ना हमेशा नुकसानदेह होता है। प्रत्येक कैंसर जानलेवा नहीं होता लेकिन इसके लक्षणों के प्रति जागरूक रहकर समयबद्ध इलाज कराकर इसे जीता जा सकता है। 'डॉक्टर अमित गुप्ता ने बताया कि एम्स में सर्जिकल ऑन्कोकोलॉजी विभाग की ओपीडी प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार और शनिवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित होती है। उन्होंने बताया कि एम्स में सभी प्रकार के कैंसर के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।

ज्वालापुर पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई, बड़ी मात्रा में शराब बरामद

हरिद्वार। ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने चैकिंग के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से भारी मात्रा में देसी और अंग्रेजी शराब बरामद कर 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से 406 पव्वे बरामद किए गए। सभी का आबकारी एक्ट में चालान कर दिया गया है। लोकसभा चुनावों को लेकर लगी आचार संहिता के चलते पुलिस लगातार चेकिंग अभियान चलाए हुए है। नशा व शराब तस्करों की धरपकड़ में जुटी ज्वालापुर पुलिस ने पिछले 12 घंटों में सुभाष नगर, रेलवे रोड,हरिलोग तिराहा, खन्ना नगर व सराय आदि से अलग अलग क्षेत्रों से 5 लोगों बुद्ध सिंह पुत्र वीर सिंह निवासी सुभाष नगर ज्वालापुर, पवन पुत्र पन्नू लाल निवासी मोहल्ला तेलियान ज्वालापुर, शौरभ तेशवर पुत्र योगेश तेशवर निवासी सेक्टर 4 भेल,शादाब पुत्र मुनीर निवासी मोहल्ला कस्सावान,ज्वालापुर व जितेन्द्र पुत्र बीर सिंह निवासी ग्राम जधेडी सहारनपुर, हाल निवासी सलेमपुर को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से कुल 406 पव्वे अंग्रेजी और देसी शराब बरामद की।

लोकसभा चुनाव : यूकेडी ने चार सीटों पर घोषित किए उम्मीदवार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) ने लोकसभा चुनाव के लिए राज्य के पांच लोकसभा सीटों में से चार लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। टिहरी लोकसभा सीट पर अभी उम्मीदवार का नाम तय नहीं हो हो पाया है। उम्मीदवारों के नाम तय कर भाजपा चुनाव प्रचार में अन्य दलों से आगे है। बुधवार को पार्टी मुख्यालय में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पूरण सिंह कठैत ने पत्रकारों की मौजूदगी में उम्मीदवारों की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश के स्थानीय और ज्वलंत मुद्दों को लेकर दल जनता के बीच जाएगा। इसमें प्रमुख रूप से रोजगार, पलायन, मूल निवास, भू-कानून के साथ परियोजनाओं में राज्य की 70 फीसदी

हिस्सेदारी सहित अन्य विषय शामिल है। लोकसभा चुनाव को पार्टी दमदार तरीके से लड़ेगी। उन्होंने बताया कि 04 लोकसभा के लिए उम्मीदवारों के नाम तय कर दिए गए हैं। जबकि टिहरी लोकसभा पर अभी उम्मीदवार का नाम नहीं जारी नहीं किया गया है। पार्टी के लोगों का मंथन अभी चल रहा है। जल्द ही टिहरी उम्मीदवार घोषित हो जाएगा। उन्होंने बताया कि गढ़वाल लोकसभा से आशुतोष नेगी, हरिद्वार लोकसभा से मोहन असवाल, नैनीताल लोकसभा से शिव सिंह रावत (पूर्व सैनिक) और अल्मोड़ा लोकसभा से अर्जुन देव उम्मीदवार बनाए गए हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राज्य के पांचों लोकसभा सीट पर अपने सभी उम्मीदवार के नाम घोषित कर चुनाव प्रचार में जुट गई है। भाजपा से पिछड़ी कांग्रेस अभी 03 लोकसभा सीट पर ही उम्मीदवार के नाम पर मुहर लगाई है।

निर्वाचन कर्मियों को दिया गया ईवीएम का व्यावहारिक प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चम्पावत। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में लगाये गये कार्मिकों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन बुधवार को राजकीय बालिका इंटर कालेज में मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह ने कार्मिकों के प्रथम प्रशिक्षण के दौरान कहा की निर्वाचन में लगे सभी कार्मिक निर्वाचन को एक उत्सव मानकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा से करें। निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण दायित्व को बेहद संजीदगी तथा कुशलता से करें। इस पर गर्व करे की हम सभी निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया में भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा की ईवीएम के संबंध में गहनता और बारीकी से समस्त जानकारी प्राप्त कर लें। कोई दुविधा होने पर निःसंकोच जानकारी प्राप्त करें। ताकि मतदान दिवस को जनपद में पारदर्शिता के साथ मतदान संपन्न कराया जा सके। उन्होंने बताया कि मतदान प्रक्रिया 19 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से प्रारंभ होकर शाम 5 बजे तक चलेगी। प्रशिक्षण के तृतीय दिवस में सखी बूथ, यूनिक बूथ, दिव्यांग बूथ और युवा बूथ के कार्मिकों को मास्टर ट्रेनरों ने सैद्धांतिक व ईवीएम का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया। मास्टर ट्रेनरों ने सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट, पीठासीन/मतदान अधिकारियों को मतदान प्रारम्भ होने से लेकर मतदान की समाप्ति तक के सम्बन्ध में विधिवत प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान बताया कि मॉक पोल कराने के बाद कण्ट्रोल यूनिट को क्लियर अवश्य करें और वीवीपैट के ड्राप बाक्स में गिरी मॉक पोल की पर्ची को निकाल कर उसके पीछे मुहर लगाकर इसे काले लिफाफे में रखकर सील करेंगे फिर इसे प्लास्टिक के डिब्बे में रखकर पिंक पेपर से सील करेंगे।

पार्वती प्रेमा जगाती के विद्यार्थियों ने महादेवी सृजन पीठ का किया शैक्षिक भ्रमण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नैनीताल। नगर के पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार दुर्गापुर नैनीताल के विद्यार्थियों ने कुमाऊं विश्वविद्यालय की रामगढ़ स्थित महादेवी वर्मा सृजन पीठ का विद्यालय के हिन्दी प्रवक्ता डॉ. माधव प्रसाद त्रिपाठी के नेतृत्व में शैक्षिक भ्रमण किया। इस अवसर पर डीएसबी परिसर के पूर्व छात्र रहे डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि वह 30 वर्ष पूर्व अपने एमए के सहपाठियों के साथ इस स्थान पर आए थे और यहां अपने गुरु प्रो. बटरोही के मार्गदर्शन में उन्होंने संग्रहालय की साफ-सफाई की थी। आज पुनः यहां आने पर उन्हें सुखद अनुभूति हुई है। इस दौरान छात्रों को यहां प्रसिद्ध छायावादी कवयित्री महादेवी वर्मा द्वारा वर्ष 1936 में अपने ग्रीष्मकालीन प्रवास के लिए बनवाए घर मीरा कुटीर, घर में उनके दैनिक उपयोग की वस्तुओं, उनके संग्रह से

प्राप्त पत्र-पत्रिकाओं, उनके द्वारा बनाई गई पेंटिंग आदि को देखकर छात्र अभिभूत दिखे। उनके घर में उस परिवेश को साक्षात महसूस करना उनके लिए अलग ही अनुभव था। इस दौरान पीठ कर्मी बहादुर सिंह कुँवर, पीयूष राजपूत, निखिल सिंह, जतिन बिष्ट, निरंजन प्रकाश दुबे, अथर्व अग्रवाल, अनुपम प्रताप, जय प्रकाश, आयुष प्रसाद, यश प्रताप सिंह, पर्व, युवांक सिंह, रूद्राक्ष लटवाल, भावेश चमियाल, लाभांश प्रताप सिंह, आयुष गोस्वामी, अक्ष हिसारिया, वीरेश द्विवेदी व लक्ष्य नेगी आदि विद्यार्थी उपस्थित रहे।

शक्ति के बहाने मातृशक्ति के स्वाभिमान को कुचलना चाहती है कांग्रेस: अनुराग ठाकुर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने राहुल गांधी द्वारा शक्ति पर दिए गए बयान के ऊपर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सनातन की भक्ति शक्ति में है और देश की प्रत्येक माता और बहन हमारे लिए शक्ति स्वरूप है। कांग्रेस पार्टी शक्ति के बहाने मातृशक्ति के स्वाभिमान को कुचलना चाहती है और ये ज़्यादा पुरानी बात नहीं है, जब हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने विधानसभा चुनावों में अपनी जीत को 95 प्रतिशत हिंदुओं की हार के रूप में दिखाया था। बुधवार को मीडिया से बातचीत में अनुराग ठाकुर ने कहा कि पहले जो काम राहुल गांधी के छुटभैये नेता करते थे, वह काम अब राहुल गांधी स्वयं कर रहे हैं। श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान तमिलनाडु देश का एक

राज्य ऐसा भी था, जिसने वहां के मंदिरों में इसके सीधे प्रसारण पर रोक लगाई थी। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट को अपना निर्णय देना पड़ा। इसी राज्य के मुख्यमंत्री के बेटे सनातन को बीमारियों से जोड़कर खत्म करने की बात करते हैं। उसी राज्य सरकार में घोटाले के आरोपित मंत्री सनातन पर नकारात्मक टिप्पणी करते हैं। उन्होंने कहा कि संदेशखाली में एक महिला मुख्यमंत्री की नाक के नीचे शक्ति को कुचलने और अपमानित किया जाता है। इसके बावजूद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री अपने नेता को संरक्षण देती है परंतु आज संदेशखाली का संदेश देश में गली-गली तक पहुंच चुका है। अगर हमने और देश के मीडिया ने आंदोलन नहीं किया होता तो संदेशखाली का सच बाहर नहीं आता। हिमाचल प्रदेश में राजनीतिक अस्थिरता के सवाल पर अनुराग ठाकुर ने कहा, ''उनसे अपना घर नहीं संभल पा रहा है तो वह हमारे ऊपर आरोप लगा रहे हैं। पिछले कई महीने से लगातार उनके विधायक आरोप लगा रहे थे कि उनका मुख्यमंत्री सुनता नहीं है। उनके खुद के काम अपनी सरकार में नहीं हो रहे थे। जो जनता से वादे किए गए थे, वे पूरे नहीं हुए। सरकार बनने के पहले दिन से उनका अहंकार झलक रहा था। आज 15 महीने बीत जाने के बाद भी नारी शक्ति को वादे के मुताबिक 1500 रुपये प्रति महीने नहीं मिले। 5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का वादा किया था।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063